आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

बीकेटी किसान पथ पर कार की टक्कर में कई घायल, पुलिस ने...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस




शनिवार 06 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 56 www.janexpresslive.com/epaper
आरबीआई की बैंकों व एनबीएफसी को... 12

# भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह अटलः मोदी

## हमारे संबंध हर कसौटी पर खरे उतरे, पुतिन बोले, बिना रोक-टोक के तेल सप्लाई करेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर बताया है। उन्होंने कहा, पिछले 8 दशकों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को कई तरह की चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह हमेशा अटल और स्थिर बनी रही है। मोदी ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देने का ऐलान किया। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बिना रुकावट के तेल की सप्लाई जारी रखने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदे का ऐलान नहीं हुआ, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी। इसके बावजूद कई अहम घोषणाएं हुईं, जिनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए।



### पुतिन बोले, गांधी ने बहुध्रुवीय दुनिया की कल्पना पहले कर थी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि दी। उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि गांधी ने बहुत पहले ही एक 'न्यायपूर्ण और बहुध्रुवीय दुनिया' की कल्पना पहले ही कर थी। पुतिन ने कहा कि समानता और आपसी सम्मान जैसे गांधी के सिद्धांत ही आज भारत और रूस साथ मिलकर दुनिया में आगे बढ़ा रहे हैं। भारत-रूस के बीच अभी तक लड़ाकू विमानों या बड़े रक्षा सौदों से जुड़ी कोई बड़ी डील घोषित नहीं हुई, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी।

### मोदी बोले, आतंकवाद के खिलाफ भारत-रूस साथ

मोदी ने कहा- भारत और रूस लंबे समय से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। चाहे पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर हुआ कायरतापूर्ण हमला, इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। उन्होंने कहा- भारत का यह पक्का विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है और इसके खिलाफ दुनिया की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यूएन, जी20, ब्रिक्स, एससीओ और दूसरे मंचों पर भारत और रूस का करीबी सहयोग है। हम इन सभी मंचों पर अपनी बातचीत और सहयोग जारी रखेंगे।

### रूस के साथ विन-विन सहयोग जारी रखेंगे: मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनर्जी सिक्योरिटी पार्टनरशिप भारत-रूस साझेदारी का एक मजबूत और अहम स्तंभ रही है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में हमारी दशकों पुरानी साझेदारी ने स्वच्छ ऊर्जा के हमारे साझा लक्ष्यों को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई है। हम इस 'विन-विन' सहयोग को आगे भी जारी रखेंगे। क्रिटिकल मिनरल्स में हमारा सहयोग दुनिया भर में सुरक्षित और विविध सप्लाई चेन बनाने के लिए बेहद जरूरी है। यह स्वच्छ ऊर्जा, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और नई पीढ़ी के उद्योगों में हमारी साझेदारी को मजबूत समर्थन देगा। उन्होंने आगे कहा कि जहाज निर्माण (शिपबिल्डिंग) में हमारा गहरा सहयोग 'मेक इन इंडिया' को और मजबूत करने की क्षमता रखता है। इससे नौकरी, स्किल्स और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा।

### पुतिन बोले, भारत-रूस का बिजनेस 1 साल में 1 प्रतिशत बढ़ा

पुतिन ने कहा कि पिछले साल भारत-रूस के बीच जो दोतरफा व्यापार हुआ था, वह 12 प्रतिशत बढ़ा है। यह अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा अलग-अलग सोर्स में थोड़ी अलग दिख सकती है, लेकिन औसतन यह लगभग 64 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। पुतिन ने कहा कि हम अनुमान लगा रहे हैं कि इस साल भी व्यापार का स्तर इतना ही मजबूत रहेगा। पुतिन ने कहा कि दोनों देश इस व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए तैयार हैं।

- **रूस से भारत निर्यात:** रूस से भारत आयात का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा कच्चा तेल ही है। अगर दूसरे तेल और कोयला को जोड़ लिया जाए तो यह 85 प्रतिशत तक चला जाता है।
- **भारत से रूस निर्यात:** दवाइयां, फाइन केमिकल्स, कपड़े, चाय-कॉफी-चावल-मसाले आदि।

### रूस की मदद से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट

पुतिन ने कहा कि रूस और भारत मिलकर भारत में सबसे बड़ा न्यूक्लियर पावर प्लांट बना रहे हैं। यह कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट (तमिलनाडु) है। यह भारत का नहीं, बल्कि एशिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस प्लांट में कुल 6 रिएक्टर बनाए जा रहे हैं। हर रिएक्टर 1000 मेगावॉट बिजली पैदा करेगा। यानी पूरा प्रोजेक्ट तैयार होने पर यहां से 6000 मेगावॉट (6 गीगावॉट) बिजली मिलेगी। पुतिन ने कहा कि छह में से तीन रिएक्टर पहले ही भारत के एनर्जी नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। बाकी 3 रिएक्टर (यूनिट 4, 5 और 6) निर्माण के अलग-अलग चरणों में हैं।

### अहम समझौते

- कोऑपरेशन और माइग्रेशन पर एग्रीमेंट
- हेल्थकेयर और मेडिकल एजुकेशन पर समझौता
- फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड्स पर एग्रीमेंट
- पोलर शिप्स और मैरिटाइम कोऑपरेशन पर समझौता
- फर्टिलाइजर पर एग्रीमेंट

### यह प्रोजेक्ट खास क्यों?

- इससे भारत को क्लीन एनर्जी मिलेगी।
- कोयले पर निर्भरता कम होगी।
- दक्षिण भारत के राज्यों में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी।

### कोई बड़ी डिफेंस डील की घोषणा नहीं

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म कर दी है। शुरुआत में दोनों नेताओं ने व्यापार और कृषि जैसे क्षेत्रों में कई समझौता-पत्र पर दस्तखत किए। एमओयू कानूनी तौर पर बाध्यकारी नहीं होते, बल्कि भविष्य में होने वाले बड़े और औपचारिक समझौतों की दिशा तय करने वाले शुरुआती दस्तावेज होते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दोनों ने मीडिया के सवाल नहीं लिए, लेकिन अपने बयानों में दोनों नेताओं ने ये बातें कहीं।

### पुतिन बोले, भारत को हथियार देते रहेंगे

पुतिन ने कहा कि पिछले करीब पचास साल से रूस भारतीय सेना को हथियार देने और उसे आधुनिक बनाने में मदद करता आ रहा है। चाहे वह एयर डिफेंस फोर्सेज हो, एविएशन हो या नेवी। कुल मिलाकर, जिन बातचीत को हमने अभी पूरा किया है, उनके नतीजों से हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि यह दौरा और यहां हुए समझौते भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे, जिससे हमारे दोनों देशों और भारत-रूस की जनता को फायदा मिलेगा। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### राष्ट्रपति मुर्मू और मोदी का समेत भारतीयों का धन्यवाद

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मेरे प्यारे दोस्त पीएम मोदी और भारत के लोगों को रूसी प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद देता हूं। पुतिन ने आगे कहा- हम एसईओ बैठक के दौरान मिले थे, और हम व्यक्तिगत तौर पर रूस-भारत डायलॉग की देखरेख कर रहे हैं।

### पुतिन के भारत दौरे पर चीनी मीडिया ने क्या लिखा

चीन की मीडिया ने पुतिन के भारत दौरे पर लिखा है कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। ट्रम्प बार-बार भारत पर दबाव डाल रहे हैं कि वह रूस से तेल खरीदना बंद करे। चीन की सरकारी एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, बाहरी विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के कारण रूस के साथ यह सहयोग तोड़ना मुश्किल है। ग्लोबल टाइम्स अखबार ने चीन की फॉरेन अफेयर्स यूनिवर्सिटी के ली हैडोंग के हवाले से लिखा कि रूस और भारत दोनों पर अमेरिका और पश्चिमी देशों की पाबंदियां और दबाव के कामयाब होने की संभावना बहुत कम है। फुदान यूनिवर्सिटी के दक्षिण एशिया विशेषज्ञ लिन मिनवांग ने कहा कि रूस लंबे समय से भारत की विदेश नीति में एक तरह का 'स्ट्रैटेजिक सेफ्टी नेट' रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय हालात जिस तेजी से बदल रहे हैं, उसमें यह साफ नहीं है कि भारत भविष्य में भारत-रूस रिश्ते को कितनी दूर तक आगे बढ़ाना चाहेगा।

### रूस से सीधे हिंद महासागर पहुंचेगा सामान


पुतिन ने कहा, हम भारत के साथ मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट बना रहे हैं। इसमें एक बड़ा प्रोजेक्ट नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भी शामिल है। इसका मतलब है कि रूस या बेलारूस से सामान सीधे हिंद महासागर के रास्ते तक पहुंच सकेगा। इससे व्यापार तेज, सस्ता और आसान होगा। पुतिन ने कहा- प्रधानमंत्री ने हमें उन चुनौतियों की एक लिस्ट दी है जिन पर दोनों सरकारों को ध्यान देना चाहिए और हम उन पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच अगर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बन जाता है, तो दोनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश धीरे-धीरे अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार की ओर बढ़ रहे हैं, और अभी 96 प्रतिशत लेनदेन इसी तरह हो रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में हमारी साझेदारी बहुत सफल है। तेल, गैस, कोयला और भारत की ऊर्जा जरूरतों से जुड़ी हर चीज की सप्लाई स्थिर है।

# योगी सरकार का अवैध नशे पर बड़ा प्रहार

## कोडीन के दुरुपयोग पर 128 फर्मों पर एफआईआर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नशे की आगोश में धकेलने वाले अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। सीएम योगी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में एएनटीएफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़ा एक्शन लिया गया है। इसी क्रम में एफएसडीए द्वारा प्रदेश भर में कोडीनयुक्त कफ सिरप और नॉरकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय और वितरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इस विशेष अभियान में अब तक प्रदेशभर में लाखों की अवैध नॉरकोटिक और कोडीनयुक्त औषधियां जब्त की गई हैं जबकि अब तक 128 एफआईआर



दर्ज की गई हैं। वहीं आधा दर्जन से अधिक अवैध नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है।

### इन जिलों में दर्ज की गई एफआईआर

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि अभियान के दौरान 28 जिलों में कुल 128 एफआईआर दर्ज की गई। इनमें वाराणसी में 38, जौनपुर में 16, कानपुर नगर में 8, गाजीपुर में 6, लखीमपुर खीरी 4, लखनऊ 4 और बहराइच, बिजनौर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सीतापुर, सोनभद्र, बलरामपुर, रायबरेली, संतकबीर नगर, हरदोई, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, बस्ती, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, सहारनपुर, बरेली, सुल्तानपुर, चंदौली, मीरजापुर आदि जिलों में 52 एफआईआर दर्ज की गई।

### नॉरकोटिक औषधियों की बिक्री पर लगाई रोक

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, डॉ. रोशन जैकब ने बताया की मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अब तक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण/छापेमारी की गई, लाखों की औषधियां सीज की गईं।जांच में संदिग्ध पाए गए अभिलेखों की अग्रिम विवेचना तक दो दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर्स पर कोडीनयुक्त सिरप एवं नॉरकोटिक औषधियों की बिक्री पर रोक लगाई गई है। प्रदेश भर में कोडीन युक्त / नॉरकोटिक्स/साईकोट्रॉपिक श्रेणी औषधियों की अवैध आवाजाही की जांच हेतु संदिग्ध मेडिकल स्टोर की सघन जांच, विशेष अभियान के रूप में जारी है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से नकली एवं नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली औषधि के भंडारण, क्रय-विक्रय अथवा आवाजाही से संबंधित सूचना विभाग द्वारा जारी व्हाट्सप्प नंबर 8756128434 पर दी जा सकती है। अवैध नॉरकोटिक औषधियों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कई जिलों में छापेमारी की है और एनडीपीएस एक्ट में सख्त कार्रवाई की गई।

# इंडिगो की 500 उड़ानें रद्द होने से आम लोग ही नहीं, सांसद भी परेशान, राज्यसभा में उठा मुद्दा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंडिगो ने पिछले दो दिनों में करीब 500 उड़ानों को रद्द किया है, जिससे सैकड़ों यात्रियों को मुश्किलों को सामना करना पड़ा है। यह मुद्दा शुक्रवार को राज्यसभा में भी उठा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि एयरलाइन के बढ़ते एकाधिकार का असर आम लोगों के साथ-साथ सांसदों पर भी पड़ रहा है। शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा, इसके कारण बड़ी संख्या में सांसदों की साप्ताहांत की यात्रा की योजनाओं पर असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि कई संसद सदस्य आज घर जाने और सोमवार को वापस लौटने के लिए टिकट बुक कर चुके थे। लेकिन अब उड़ान रद्द होने से परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि समस्या इंडिगो के एकाधिकार की



वजह से पैदा हुई है। तिवारी ने सदन के जरिये पूछा कि जिस नियम के कारण यह स्थिति बनी है, उस पर सरकार क्या कदम उठा रही है और कब तक समस्या का समाधान होगा। उन्होंने मंत्री से सदन को जानकारी देने की मांग की। उनके सवाल पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मुद्दे की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि सदन में आने से पहले ही उन्होंने विमानन मंत्री से बात की है और एयरलाइन की तकनीकी समस्याओं को देखा जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने विमानन मंत्री से आग्रह किया है कि वह इस मुद्दे पर विस्तृत जवाब तैयार करें, क्योंकि कई सदस्य इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्थिति की जानकारी सदन और आम नागरिकों दोनों को मिलनी चाहिए। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### डीजीसीए का यू-टर्न, इंडिगो संकट के बीच क्रू के 'साप्ताहिक विश्राम' से जुड़े निर्देश वापस

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए चालक दल के सदस्यों के लिए साप्ताहिक विश्राम से जुड़े अपने हालिया सख्त निर्देशों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। नियामक संस्था का यह फैसला देश की विभिन्न एयरलाइनों के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है, जो लगातार इन नियमों के चलते परिचालन में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला दे रही थीं। डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि यह कदम एयरलाइनों द्वारा परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने की मांग को देखते हुए उठाया गया है। दरअसल, डीजीसीए ने पहले निर्देश जारी किए थे कि क्रू सदस्यों को साप्ताहिक विश्राम के बदले कोई भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। इस नियम का उद्देश्य पायलटों और केबिन क्रू की थकान को कम करना था, लेकिन एयरलाइनों का कहना था कि इससे रोस्टर प्रबंधन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और उड़ानों के संचालन में बाधा आ रही है। एयरलाइनों के संगठन ने डीजीसीए को सौंपे अपने अभ्यावेदन में बताया था कि मौजूदा परिचालन व्यवधानों% से निपटने और उड़ानों की निरंतरता बनाए रखने के लिए नियमों में लचीलेपन की आवश्यकता है।

## हनुमानगढ़ी के संत को जिंदा जलाने की कोशिश, आश्रम में खिड़की काटकर लगाई गई आग, पुलिस कर रही जांच

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में प्रसिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के संत महेशदास उर्फ स्वामी महेश योगी के आश्रम में अचानक आग लग गई। घटना गोविंदगढ़ स्थित आश्रम बृहस्पतिवार की आधी रात करीब 2-45 बजे की है। आरोप है कि यह आग उन्हें मारने की साजिश के तहत लगाई गई थी। आग ज्वलनशील पदार्थ के माध्यम से लगाई गई। अज्ञात लोगों ने कमरे की पीछे की खिड़की काटकर आग लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। हनुमानगढ़ी के वसंतीया पट्टी स्थित गोविंदगढ़ में महेश योगी का आश्रम है। रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आश्रम के पिछले हिस्से में स्थित लोहे की जाली काटकर अंदर आग का गोला फेंक दिया। महंत महेश योगी ने बताया कि घटना के समय आग से पेट्रोल जैसी गंध आ रही थी। फिलहाल आग को समय रहते बुझा लिया गया है, अधिक नुकसान नहीं हुआ है।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

घटना के समय महेश योगी आश्रम में अकेले सो रहे थे। उनके शिष्य आश्रम के दूसरे हिस्से में रहते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को कमरे के पीछे से कटी ग्रिल और पेट्रोल जैसी गंध के निशान भी मिले हैं। फिलहाल सीसीटीवी, कॉल डिटेल और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर जांच जारी है।



### निष्पक्ष जांच करने की मांग की

फिलहाल महेश योगी ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## हर्बल इकोनॉमी को गतिः धामी ने नवाचार, वैल्यू एडिशन व मार्केटिंग पर दिया जोर

- उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हर्बल उत्पादों के संवर्धन, क्लस्टर विकास और बेस्ट प्रैक्टिसेज अपनाने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित जड़ी-बूटी सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में क्लस्टर बनाकर हर्बल क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उपलब्ध हर्बल एवं औषधीय उत्पादों के संवर्धन और प्रोत्साहन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जड़ी-बूटी और एरोमा सेक्टर में अग्रणी दो राज्य की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करने के लिए राज्य से विषय विशेषज्ञों की टीम भेजी जाए। जिससे उत्तराखंड में भी इन नवाचारों को लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटी क्षेत्र में टर्नओवर बढ़ाने के लिए अनुसंधान, नवाचार, उत्पादन, विपणन और ब्रांडिंग पर समन्वित रूप से कार्य हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र प्राकृतिक हर्बल संपदा का केंद्र है। राज्य में इसकी अपार संभावनाओं को देखते हुए हर्बल इकोनामी को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को उनके उत्पाद का अधिकतम लाभ दिलाने, स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा महिलाओं को आर्थिकी से जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि हर्बल उत्पादों की वैल्यू एडिशन, प्रसंस्करण और प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये पंतनगर विश्वविद्यालय के सहयोग भी लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में भालू सहित अन्य जंगली जीवों से जनजीवन और फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहां कृषि एवं वन विभागों की संयुक्त टीमें भेजी जाएं। ये टीमें लोगों को सुरक्षा उपायों और फसल संरक्षण के लिए जानकारी प्रदान करें। बैठक में जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान के निदेशक डा. अभिषेक त्रिपाठी ने संस्थान की ओर से किए जा रहे अनुसंधान कार्यों, दुर्लभ औषधीय प्रजातियों के संरक्षण, उत्पादन, और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष जड़ी-बूटी सलाहकार समिति भुवन विक्रम डबराल, बलवीर घुनियाल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव एसएन पांडेय, वी षणमुगम, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, वंदना, अनुराधा पाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### राज्यों से नवाचारों का अध्ययन करने की बात कही

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जड़ी-बूटी सलाहकार समिति की बैठक में हर्बल क्षेत्र को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हर्बल उत्पादों के संवर्धन पर जोर दिया और अन्य राज्यों से नवाचारों का अध्ययन करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने हर्बल इकोनामी को विकसित करने और किसानों को लाभ दिलाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया।

### संविदा कर्मचारियों के लिए बड़ी खबरः लगातार दस साल सेवा करने वाले होंगे नियमित, अधिसूचना जारी

उत्तराखंड में लगातार दस साल सेवा करने वाले संविदा कर्मचारी अब नियमित होंगे। इससे संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक और तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण (संशोधन) नियमावली-2025 जारी की गई। सचिव कार्मिक शैलेश बगोली द्वारा इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना निर्गत की गई। संशोधित नियमावली के अनुसार अन्य शर्तें पूर्ण करने पर दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त वे कार्मिक विनियमितीकरण के लिए पात्र होंगे, जिन्होंने दिनांक 04.12.2018 तक इस रूप में कम से कम दस वर्ष की निररंतर सेवा उस पद या समकक्ष पद पर पूर्ण कर ली हो। जबकि उपरोक्त संशोधन से पूर्व यह व्यवस्था थी कि नियमावली में उल्लिखित अन्य शर्तें पूर्ण करने पर दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त वे कार्मिक विनियमितीकरण के पात्र थे, जिन्होंने वर्ष 2013 की नियमावली के प्रख्यापन की तिथि को इस रूप में कम से कम पाँच वर्ष की निरंतर सेवा उस पद या समकक्ष पद पर पूर्ण कर ली हो।

## आजम खां के बेटे अब्दुल्ला को बड़ा झटका

## दो पासपोर्ट केस में हुई सात साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना भी लगा



जन एक्सप्रेस। रामपुर

दो पैन कार्ड मामले में सात साल की सजा काट रहे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट केस में भी कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। सुनवाई के दौरान अब्दुल्ला आजम वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए। सपा नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट का मामला शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि अब्दुल्ला आजम के पास दो पासपोर्ट हैं। इसमें से एक पासपोर्ट का इस्तेमाल वह विदेश यात्रा में भी कर चुके हैं। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में दर्ज मुकदमे को निरस्त करने को लेकर अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की सुनवाई फिर से शुरू हुई। शुक्रवार को रामपुर कोर्ट ने फैसला सुनाया। सुनवाई के लिए पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को वीसी के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# जनपद के 751 जोड़ें दांपत्य जीवन में बंधे

## रश्मों, रीति-रिवाजों तथा मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न सामूहिक विवाह, नौ अल्पसंख्यकों का निकाह भी हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम शहर के पं.जेएनपीजी कॉलेज के ग्राउण्ड में गायत्री परिवार के पुरोहितों के द्वारा पूरे रश्मों, रीति-रिवाजों तथा मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत,एमएलसी प्रतिनिधि आलोक सिंह,जिलाधिकारी जे. रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिन शुक्रवार को जनपद के विभिन्न पांच स्थानों में 751 जोडों का वैवाहिक कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ।शहर में पंडित जवाहरलाल नेहरू पीजी कालेज प्रांगण में 246 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।
पंडित जवाहरलाल नेहरू पीजी कालेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रकाश द्विवेदी ने इस वैवाहिक कार्यक्रम के नवविवाहित दम्पतियों को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि बड़े सौभाग्य का विषय है कि जनपद में कल 571 जोड़ो तथा इस प्रांगण में 246 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री के निर्देशों में गरीब परिवार की बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। गरीब कल्याण की योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। गरीब सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना के साथ इस तरह के कार्यक्रम पदेश में सम्पन्न हो रहे हैं। उनकी मंशा है कि अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित करना।उन्होंने कहा कि यह शुभ कार्य बिना किसी भेदभाव के समान रूप से किया जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों की गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के साथ 09अल्पसंख्यक जोड़ों का निकाह भी पूरे रश्म व रीति रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया है।यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक सामाजिक कार्य के साथ धार्मिक कार्य है तथा यह योजना प्रदेश में गाँव-गाँव एवं शहरों में पहुंच गया है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम से समाज में दहेज जैसी कुरीति को भी समाप्त करने में सहायक होने के साथ ही गरीब परिवार के लोंगो को अपनी बेटियों की शादी करने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है।उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए अनेकों योजनायें संचालित की हैं, जिसमें मिशन शक्ति योजना,कन्या सुमंगला योजना, उज्जवला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना, जननी सुरक्षा योजना प्रमुख हैं। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि 51 हजार रुपये से बढ़कर 100000 कर दी गई है जिसमें 60000 की धनराशि नव विवाहित बेटी के खाते में भेजी गई है। प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों की स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी निभायी जा रही है। प्रदेश सरकार बेटी के जन्म होने पर जननी सुरक्षा योजना से लाभ प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गरीब बेटियों की शादी के लिए यह योजना बहुत ही मददगार है, जिससे गरीब परिवार के लोंगो को अपनी बेटियों की शादी करने में सहायता मिल रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे0रीभा ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदम्पतियों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की यह महत्वाकांक्षी योजना है,जिससे गरीब परिवार की बेटियों की शादी करने में सहायता मिल रही है।वैवाहिक समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आये हुए अतिथि गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, कार्यक्रम संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी, अभिषेक कुमार अवस्थी ,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पुष्पेन्द्र समस्त खण्ड विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, जिला प्रोबेसन अधिकारी मीनू सिंह, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन अर्चना भारती द्वारा किया गया।

## मण्डलायुक्त ने किया दो धान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



किसानों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शी धान क्रय व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत शुक्रवार को चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा आयुक्त अजीत कुमार ने जनपद के दो धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समयबद्ध, पारदर्शी एवं परेशानी-मुक्त खरीद व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, इसी दिशा में यह निरीक्षण किया गया है।
जिला मुख्यालय स्थित कर्वी मंडी परिसर धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थित विपणन निरीक्षक विनय कुमार मिश्रा ने मण्डलायुक्त को बताया कि अब तक 33 कृषकों से कुल 1,348 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है तथा सभी कृषकों को धान खरीद का भुगतान समय से किया जा चुका है। 48 घंटे से अधिक समय का कोई भुगतान लंबित नहीं पाया गया। मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित कृषकों से धान खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली, जिस पर कृषकों ने संतोष व्यक्त किया गया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि धान खरीद कार्य में पारदर्शिता एवं समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करते हुए किसानों के साथ विनम्र व्यवहार करें। इसके बाद मण्डलायुक्त ने मऊ समिति कर्वी धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। जहां मंडी सहायक ने बताया कि अब तक 26 कृषकों से 923 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है तथा सभी किसानों का भुगतान पूरा कर दिया जा चुका है। यहां भी किसी भी किसान का भुगतान 48 घंटे से अधिक समय से लंबित नहीं पाया गया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि केंद्र पर सफाई व्यवस्था बनाए रखते हुए किसानों की सुविधाओं, वजन व्यवस्था, नमी मापक यंत्र एवं आवश्यक यंत्रों की उपलब्धता, पंजीकरण सहायता आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतापुर का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर ताला लगा पाए जाने पर कमिश्नर ने गंभीर लापरवाही मानते हुए नाराजगी जाहिर की। इस सम्बन्ध में मण्डलायुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी से तत्काल स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि केंद्र पर नियमित चिकित्सकीय सेवाएँ प्रत्येक परिस्थिति में उपलब्ध रहें। कहा कि समस्त डॉक्टरों की उपस्थिति समय से दर्ज हो तथा अनुपस्थिति की पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्रवाई की जाए। कहा कि सरकार किसानों, ग्रामीण जनता एवं प्रदेशवासियों को पारदर्शी, तत्पर तथा जवाबदेह सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। धान क्रय व्यवस्था से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक प्रत्येक विभाग को जनहित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करना होगा। चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विद्यार्थी परिषद है राष्ट्र निर्माण की नर्सरी- रामकेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 25 विद्यालयों के कुल 1000 मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।
सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रामकेश निषाद जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा प्रतिभा पहचान की मोहताज नहीं होती। उन्होंने विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी तथा निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता अभावित के प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की भावना को और प्रबल करना है। कहा कि विद्यार्थी ही समाज के वास्तविक परिवर्तनकर्ता हैं और उनकी प्रतिभा को मंच देना अत्यंत आवश्यक है। मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थिया को प्रशस्ती पत्र, मेडल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगीत के साथ हुआ। मंच संचालन कमल रंजन तथा धन्यवाद ज्ञापन रोहित पांडेय द्वारा किया गया।
इस मौके पर नगर अध्यक्ष डॉ संध्या पांडेय, नगर मंत्री अंशु यादव, कार्यक्रम संयोजक रोहित पांडेय, स्वागत अध्यक्ष डॉ विकास मिश्रा, स्वागत मंत्री स्वप्निल अग्रवाल सहित अभाविप के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति न होने पर समाजसेवी ने दी धरने की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए.एस. नोमानी ने उत्तर प्रदेश के माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि एक माह के अंदर मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में स्थायी हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) की नियुक्ति नहीं की गई,तो संगठन जनपद वासियों के साथ मिलकर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होगा।धरने की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।एएस नोमानी ने कहा कि ÷जनपद में भव्य मेडिकल कॉलेज और आधुनिक जिला अस्पताल होने के बावजूद एक भी कार्डियोलाजिस्ट नहीं है।दिल का दौरा पड़ने पर मरीजों को लखनऊ, कानपुर या झाँसी जाना/भटकना पड़ता है।गरीब मरीज या तो रास्ते में दम तोड़ देते हैं या लाखों रुपये खर्च करके निजी अस्पतालों में इलाज कराते हैं। यह स्थिति अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। आगे ए.एस नोमानी ने कहा, ÷जनपद की जनसंख्या लगभग 20 लाख है और बुंदेलखंड के पड़ोसी जिलों के मरीज भी जनपद आते हैं।हृदय रोग से होने वाली मौतें लगातार बढ़ रही हैं।सरकार यदि जनहित में तत्काल कार्डियोलाजिस्ट की नियुक्ति नहीं करती, तो हम सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।÷ बुंदेलखंड इंसाफ सेना ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि दिसंबर 2025 के अंत तक कम से कम दो कार्डियोलाजिस्ट की नियुक्ति जनपद मेडिकल कालेज एवं जिला अस्पताल में सुनिश्चित की जाए तो जनहित में बेहतर होगा।

## घने कोहरे से बचाव हेतु वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने हेतु सम्पन्न हुई मीटिंग



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

आगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत घने कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दिनांक 05दिसम्बर दिन शुक्रवार को परिवहन कार्यालय में सम्भागीय परिवहन अधिकारी, चित्रकूटधाम सम्भाग,जनपद की अध्यक्षता में बस / ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों तथा प्रमुख ट्रांसपोर्टर के साथ आगामी सर्दियों में घने कोहरे के दृष्टिकृत वाहनों में मानकानुसार रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने, द्धह्यह्स्श्च नंबर प्लेट सुनिश्चित किए जाने, इस आशय के बैनर /होर्डिंग लगवाए जाने तथा चालकों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर बस ट्रक यूनियन, बस यूनियन के पदाधिकारी तथा जनपद के प्रमुख वाहन व्यवसायी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**चित्रकूट।** आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावान्यायाधिकरण पद्माकरमणि त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राकेश कुमार यादव एवं विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी राममणि पाठक द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक के तत्वाधान में गोपालदास निर्मला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलिज कर्वी के विद्यार्थियों द्वारा भी प्रतिभाग करते हुये जिला मुख्यालय के विभिन्न मार्गों में जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसके माध्यम से आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करते हुये आम जनमानस को जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों में लगी कोर्ट शुल्क भी वापस हो जाती है। साथ ही मुकदमें बाजी से छुटकारा जल्दी मिल जाता है, जिससे आर्थिक व्यय व समय की बचत होती है।

## 'ऑपरेशन मुस्कान' नाना के घर आयी चार वर्षीय गुमशुदा मासूम को पुलिस दो घण्टे में ढूंढ निकाला

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन मुस्कान÷ के क्रम में दिनांक 05दिसम्बर को थाना अतर्रा की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम हुई एक 04 वर्षीय बच्ची को 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।गौरतलब हो कि आज दिनांक 05दिसम्बर को थाना अतर्रा पर मां के द्वारा सूचना दी गई कि मै सिविल लाइन कानपुर की रहने वाली हूं यहां अपने मायके आई हुई थी और मेरी बच्ची कुछ दूर पर टॉफी लेने गई थी लेकिन अभी तक नही लौटी है।सूचना पर मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल बच्ची की मां को लेकर कस्बे में खोजबीन करना शुरु कर दिया गया।कुछ देर बाद एक बच्ची रेलवे फाटक बिसन्डा रोड कस्बा अतर्रा के पास बैठी दिखाई दी।जिसे मां द्वारा अपनी बेटी बताया गया। बच्ची से पूछने पर बताया कि वह रास्ता भटक गई थी।रास्ता भटक जाने के कारण रेलवे फाटक के पास बैठ गई थी।पुलिस टीम द्वारा बच्ची को जल्द से जल्द सकुशल उसकी मां को सुपुर्द किया गया।बच्ची के परिजनों ने पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया। मासूम को ढूंढने वाले पुलिस के जांबाज-उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, महिला कांस्टेबल प्रीति यादव, कांस्टेबल दीपक दुबे, कांस्टेबल जंग बहादुर आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने 93 फरियादियों की शिकायतों में ज्यादातर का बेहतर तरीके से किया मौके पर निपटारा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट आफिस में आम लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका वक्त पर बेहतर तरीके से निपटारा करने के दिये सख्त निर्देश। जनपद वासियों की शिकायतों की सुनवाई करने के दौरान करीब 93 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर आये, जिनमें से ज्यादातर शिकायतों का जिलाधिकारी ने बेहतर तरीके से मौके पर निपटारा कर दिया। बाकी शिकायतों के निपटारे के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम,खंड विकास अधिकारी सहित जिम्मेदार अधिकारियों के साथ वर्चुअल और जूम एप के जरिये बैठक कर उनके वक्त पर निपटारा करने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ सहित जिम्मेदार अधिकारी रुटीन तौर पर अपने आफिस में जनसुनवाई कर शिकायतों का बेहतर तरीके से निपटारा करें,साथ ही कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर बेहतर तरीके से शिकायतों का निपटारा कर वक्त पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करें।

## अनक्लेम्ड राशि प्राप्त कर चुके 22 लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



वित्तीय क्षेत्र में दावा रहित संपत्तियों के निपटान के लिए विकास भवन में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी अनक्लेम्ड राशि प्राप्त कर चुके 22 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।
एलडीएम अनुराग शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय द्वारा चरणबद्ध तरीके से दावा न की गई संपत्तियों के निपटान के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार शुरू किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गांधीनगर गुजरात से 4 अक्टूबर से इसकी शुरुआत की थी। यह मुहीम 10 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। प्रदेश मे यह अभियान एसएलबीसी उत्तर प्रदेश के सहयोग एवं समन्वय से किया जा रहा है।अभी तक इस अभियान में प्रदेश के 38 जनपदों में विशेष शिविर लगाये जा चुके है। इसी क्रम में सातवें चरण में जनपद में स्थित विकास भवन सभागार में दावा न की गई संपत्तियों के निपटान के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनकी दावा न की गई वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे बैंक जमा, बीमा आय, म्युचुअल फंड, लाभांश और शेयरों का पता लगाने और उन पर दावा करने में सक्षम बनाना है। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी डीएन पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार की यह अच्छी पहल है, जिसके माध्यम से आम जनमानस को उनकी दावा न की गई संपत्तियां सुगम रूप से प्राप्त हो सकेंगी। भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से आये सहायक महाप्रबंधक सुधीर पाण्डेय द्वारा सभी बैंकों के जिला समन्वयकों से भी आहवान किया गया कि ऐसे मामलों का निपटान जल्द से जल्द किया जाए, जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो सके। अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने इस अभियान के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि बैंक शाखा स्तर पर या स्वदेशीय कैम्प बीते 01 अक्टूबर से 10 जनवरी तक चलेगा। जिसमें आम जनमानस अपनी अदावित राशि का क्लेम प्रस्तुत कर सकते हैं। बताया कि खाताधारक भारतीय रिजर्व बैंक के उद्यगम पोर्टल पर भी अपने नाम से किसी अनक्लेम्ड धनराशि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बैंकों एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के अपनी अनक्लेम्ड राशि प्राप्त कर चुके 22 लाभार्थियों को अतिथिगणों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया।
शिविर में उपस्थित लाभान्वितों ने अपने अनुभव व्यक्त करते हुए बैंक को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी फैकल्टी प्रशांत कुशवाहा ने किया।इस मौके पर जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी मनरेगा डी एन पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी डी विश्वकर्मा सहित सभी बैंको के जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

## नशे के करोबार में लिप्त गुनाहगार को आठ महीने की सजा के साथ ही हुआ पांच हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औंता में 26 अक्टूबर 2016 को पुलिस ने चैकिंग के दौरान गांव के ही दशरथ राजपूत प्रेमचन्द्र के पास से 20 ग्राम हीरोइन बरामद की थी। जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0-490/2016 धारा- 20/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जबकि
आपरेशन कन्विक्शन के तहत गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज ने दशरथ राजपूत को गुनाहगार मानते हुये आठ महीने की सजा के साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना सुनाया। मामले की जांच तत्कालीन एस आई अरविन्द कुमार ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में एडीजीसी प्रवीण भदौरिया ने जोरदार पैरवी करने के साथ ही अभियुक्त को सजा दिलाने में अपनी अहम जिम्मेदारी निभाई।

## अनियंत्रित तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, दबकर नाबालिग की मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जसपुरा थाना क्षेत्र के कुंडाडोल गांव के 13 वर्षीय मासूम बुद्धराज की शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक बुद्धराज अपने पिता मुन्नीलाल के साथ जसपुरा से ई-रिक्शा के जरिए घर लौट रहा था। सुबह करीब 10 बजे गौरीकला चौराहा के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें बुद्धराज उसके नीचे दब गया। परिजनों ने बताया कि ई-रिक्शा में पहले से ही करीब 15 पटरे लदे हुए थे और चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से रिक्शा पलट गया। हादसे के बाद घायल बुद्धराज को तत्काल सीएचसी जसपुरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दादा ओमप्रकाश ने बताया कि बुद्धराज पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मां उर्मिला और तीन बहनेंकृगुड़िया (विवाहित), खुशबू तथा रेशमा (दोनों अविवाहित)कृरो-रोकर बेहाल हैं। बुद्धराज तीनों बहनों में सबसे छोटा था।हादसे के समय पिता मुन्नीलाल परिवार के साथ पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त अच्छेलाल निशाद की पुत्री की शादी में शहर गए हुए थे।वहीं से पिता-पुत्र आज सुबह जसपुरा लौटे थे और वहां से ई-रिक्शा पर बैठकर अपने गांव कुंडाडोल जा रहे थे।थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया गया है।ई-रिक्शा को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों को पढ़ाया जरूरी डिजिटल कानूनी पाठ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिनांक 05दिसम्बर को पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को साइबर क्राइम, साइबर फारेसिंक व नये कानूनों में डिजिटल डेटा प्रेजेंटेशन के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया ।जिसमें साइबर क्राइम, साइबर फारेसिंक व तकनीकी तरीकों से आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं पर विशेष रुप से जानकारी दी गई ।अपर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण बदलाव शामिल किए गए हैं।इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पुलिसकर्मी इन प्रावधानों को भली-भाँति समझे और इन्हें व्यावहारिक रूप से लागू करने में दक्ष हो।प्रशिक्षण के दौरान बदलते डिजिटल युग में आपराधिक गतिविधियों के स्वरुप, तकनीकी तरीकों व उनसे निपटने के आधुनिक उपायों व नए कानूनों के लागू होने के बाद डिजिटल साक्ष्यों का संग्रहण, संरक्षण व विश्लेषण आदि बिंदुओ के बारे में जानकारी दी गई।रिक्रूट आरक्षियों को बताया गया कि विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनकी पहचान करना, सोशल मीडिया आधारित अपराधों के बारे में जानकारी,साइबर फॉरेंसिक के आधुनिक उपकरण व तकनीक उपायों व नए कानूनों के अंतर्गत डिजिटल साक्ष्यों के प्रेजेंटेशन के सही उपयोग का कौशल आवश्यक है।अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि डिजिटल रुप से सुदृढ़ जांच न केवल अपराधियों को पकड़ने में सहायक होती है बल्कि न्यायालय में भी ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करने में सहायक होता है साथ ही कानून का ज्ञान केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि फील्ड में व्यवहारिक उपयोग के लिए अधिक महत्वपूर्ण है।प्रत्येक पुलिसकर्मी को जनता के साथ संवाद करते समय संवेदनशीलता,धैर्य और प्रोफेशनल व्यवहार का पालन करना चाहिए। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को निर्देश दिया कि वे साइबर सुरक्षा,नये कानूनों में डिजिटल डेटा प्रेजेंटेशन व साइबर फारेसिंक के बारे में गंभीरता से अध्ययन करें और पुलिस सेवा के दौरान इनका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 06 दिसंबर, 2025





**इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द, यात्री परेशान...**

भारतीय विमानन क्षेत्र इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन संकट ने हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो... पढ़ें पेज 12 पर...

# ओडीओपी 2.0 लांच करेगी योगी सरकार

## मुख्यमंत्री बोले, ब्रांड यूपी की पहचान बनने के बाद ये समय की जरूरत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी एक जनपद- एक उत्पाद योजना अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यवसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें। शुक्रवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि एक जनपद-एक व्यंजन योजना उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान-पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं दालमोठ। उन्होंने कहा कि हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी और ओडीओसी मिलकर उत्तर प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में नई गति देंगे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में प्रारंभ ओडीओपी योजना आज उत्तर प्रदेश के निर्यात और स्थानीय उद्योगों की रीढ़ बन चुकी है। अब तक 1.25 लाख से अधिक टूलकिट वितरित किए जा चुके हैं, 06 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण हो चुका है और 08 हजार से अधिक उद्यमियों को प्रत्यक्ष विपणन सहायता दी गई है। प्रदेश में तीस साझा सुविधा केंद्र स्वीकृत किए गए हैं और 44 ओडीओपी उत्पादों को अब तक जियो टैग प्राप्त हो चुके हैं।

ओडीओपी उत्पाद आज प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं और राज्य के कुल निर्यात में इनका योगदान पचास प्रतिशत से अधिक है। ओडीओपी को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने ओडीओपी 2.0 को लेकर कहा कि यह अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, स्थानीय उद्यम और निर्यात को नई ऊंचाई देने का सशक्त माध्यम बने। उन्होंने कहा कि अब उन इकाइयों और उद्यमियों को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिन्होंने पहले चरण में उत्कृष्ट कार्य किया है, ताकि वे अपने व्यवसाय का और विस्तार कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं को इस तरह आगे बढ़ाया जाए कि तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता और बाजार सहित चारों मोर्चों पर उत्तर प्रदेश के उत्पाद सशक्त रूप में स्थापित हों। बैठक में यह भी बताया गया कि ओडीओपी से जुड़े कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को अब और अधिक उपयोगी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कॉमन फैसिलिटी सेंटरों के साथ विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि छोटे उद्यमियों को तकनीकी परामर्श, डिज़ाइन, पैकेजिंग और उत्पादन से जुड़ा पूरा सहयोग एक ही स्थान पर सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ओडीओपी उत्पादों को केवल पारंपरिक बाजारों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित हो रहे यूनिटी मॉल में ओडीओपी के समर्पित केंद्र बनाए जाएं। साथ ही सभी प्रतिष्ठित रीटेल नेटवर्क के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां उत्तर प्रदेश के उत्पाद प्रमुख रूप से प्रदर्शित हों। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान को और सुदृढ़ करने के लिए, उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से प्रमाणन और ब्रांड मूल्य प्रदान किया जाएगा, जिससे वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश के उत्पाद विशिष्ट पहचान बना सकें।

# टाइपिंग टेस्ट में फेल मृतक आश्रित को 'तीसरा जीवनदान'

- निदेशालय में बड़ा खेल उजागर, भानु प्रधान सहायक पर गंभीर आरोप
- दो बार फेल, तीसरा का कोई नियम नहीं, फिर भी मिला 'विशेष अवसर'
- अन्य कर्मचारियों को लौटाया चतुर्थ श्रेणी में, एक को दिया नियम विरुद्ध संरक्षण



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशालय में बड़ा नियम-कानून खेल सामने आया है। मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त कनिष्ठ सहायक कु. करिश्मा द्विवेदी को टाइपिंग टेस्ट में दो बार अनुत्तीर्ण होने के बाद भी गुपचुप तरीके से तीसरा अवसर दे दिया गया—जबकि कार्मिक विभाग के स्पष्ट नियमों के अनुसार मृतक आश्रित केवल दो ही मौके प्राप्त कर सकते हैं। इस पूरे प्रकरण में निदेशालय के प्रधान सहायक भानु की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि उन्होंने करीब 11 महीने तक करिश्मा की परीक्षा में अनुपस्थिति को छिपाए रखा और मामला समाचार पत्रों में उजागर होने के बाद आनन-फानन में कार्रवाई की। 60 अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी, एक का गायब और जिसे मिला तीसरा मौका, वह दो बार शून्य अंक से फेल! निदेशालय के कार्यालय ज्ञापों के मुताबिक कु. करिश्मा द्विवेदी जनवरी 2024 में मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त विभागीय टाइपिंग टेस्ट में अनुपस्थित, जानकारी 11 महीने दबाई गई 12 नवंबर 2025 को एकल नाम से परीक्षा का पत्र जारी उसी दिन 61 अभ्यर्थियों का एक और सामूहिक परीक्षा पत्र कुल प्रतिभागी–62, पर घोषित परिणाम–60 करिश्मा द्विवेदी को दोबारा फेल घोषित किया गया, प्राप्तांक–शून्य नीति के अनुसार दो अवसर समाप्त होने पर कर्मचारी को निम्न पद पर प्रत्यावर्तित किया जाता है। लेकिन निदेशालय ने 03 दिसंबर 2025 को जारी आदेश में जहां तीन कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी में भेज दिया—वहीं करिश्मा को तीसरा मौका थमा दिया गया। एक तरफ दंड, दूसरी तरफ संरक्षण—क्या यही समानता का अधिकार? नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए एक कर्मचारी को बचाने और अन्य को दंडित करने की कार्यवाही अब अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) के खुले उल्लंघन की ओर इशारा कर रहा है। निदेशालय की भूमिका पर अब सवाल है कि क्या नियम सिर्फ 'चुनिंदा कर्मचारियों' के लिए ही लागू होते हैं? क्या मृतक आश्रित को विशेष संरक्षण देने के लिए पूरे सिस्टम को मोड़ा गया? क्यों तीसरा अवसर देने का अधिकार न होने के बावजूद भानु प्रधान सहायक ने यह निर्णय लिया?

### मामला सूबे के मुखिया तक पहुँचा–जांच व कार्रवाई की मांग

सीतापुर निवासी नीरज कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच हो नियम विरुद्ध कार्यवाही के लिए भानु प्रधान सहायक पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए विभागीय नियुक्तियों और मृतक आश्रित कोटे की सिस्टमेटिक समीक्षा हो अगर सच है, तो सवाल बड़ा—क्या यूपी में मृतक आश्रित कोटे का भी 'रेट' तय हो चुका है? प्रकरण ने स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल छोड़ दिया है। टाइपिंग टेस्ट जैसे मामूली से प्रोसेस में इतनी गोपनीयता, हेराफेरी और पक्षपात—यह संकेत है कि सिस्टम के भीतर गहरी गड़बड़ी और मनमानी पनप चुकी है। अब जिम्मेदारी सरकार की है या तो कार्रवाई करे, या फिर मान ले कि नियम सिर्फ फाइलों के लिए बने हैं, विभागों के लिए नहीं।

# सिंहपुर में मानकविहीन इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण, ग्रामीणों ने लगाया मिलीभगत का आरोप



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब (बीकेटी) ब्लाक की ग्राम पंचायत परसऊ के मजरे सिंहपुर में कराया जा रहा इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में पीला ईटा प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण ने निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि कार्य में प्रधान, सचिव और ठेकेदार की मिलीभगत से खराब गुणवत्ता वाली पीली ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। इसके कारण सड़क जल्दी ही टूटने की आशंका जताई जा रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता छोड़, जेब भरने में लगे जिम्मेदार स्थानीय लोगों का कहना है कि बाउंड्री निर्माण में जिस ईंट का उपयोग किया जा रहा है, वह बिल्कुल भी मानकों पर खरी नहीं उतरती। ग्रामीणों के अनुसार जिम्मेदार लोग गुणवत्ता से अधिक कमीशन पर ध्यान दे रहे हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों रामदेव तिवारी, सीताराम कनौजिया और रामनरेश सिंह भदौरिया ने भी मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य में हो रही धांधली पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उच्च अधिकारी ग्राम पंचायत के कार्यों की नियमित समीक्षा नहीं करते, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग मनमाने तरीके से घटिया सामग्री से निर्माण करा रहे हैं। मामले की जानकारी बीडीओ बीकेटी से ली गई तो उन्होंने बताया किएडीओ पंचायत को मौके पर भेजकर पूरे प्रकरण की जांच कराई जायेगी। यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बीकेटी किसान पथ पर कार की टक्कर में कई घायल, पुलिस ने अस्पताल में करवाया भर्ती



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान पथ रिंग रोड पर दोपहर 12-45 बजे मारुति डिजायर कार वाहन संख्या यूपी 78 एफ ई 4020 से 5 लोग चालक कार्तिकेय पुत्र देवेश कुमार निवासी शिवराजपुर थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर उम्र 27 वर्ष व अन्य चार 1 मिथिलेश पुत्र जीके पंडित निवासी रामादेवी थाना रामादेवी जनपद कानपुर 2 सना पुत्री जफर का निवासी प्रेम नगर थाना बजरिया जनपद कानपुर 3 शिवांगी श्रीवास्तव पुत्री भंवरी श्रीवास्तव निवासी मीनावती मार्ग थाना नवाबगंज जनपद कानपुर 4 हर्षित कटिहार पुत्र धर्मेंद्र कटिहार निवासी बर्रा थाना बर्रा जनपद कानपुर सवार होकर कानपुर से इंटीग्रल यूनिवर्सिटी कुर्सी रोड लखनऊ एग्जाम देने जा रहे थे इंदौर बाग में किसान पथ पर तेज रफ्तार व अनियंत्रित होने के कारण कर डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ जा रही कार यूपी 54 ए वाई 9608 से टकरा गई। बीकेटी पुलिस ने कार में बैठे गोविंदा गौतम पुत्र जसकरण गड़रिन पुरवा थाना गुडंबा जनपद लखनऊ को गंभीर चोट आई जिन्हें इलाज हेतु रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल साढामऊ लखनऊ में लाया गया, जहां से डॉक्टर द्वारा लखनऊ केजीएमयू रेफर कर दिया गया। वहीं यूपी 54 ए वाई 9608 के चालक त्रिलोकी पुत्र अज्ञात निवासी जानकीपुरम थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ व अन्य दो लोग विजय सिंह पुत्र स्वर्गीय हरि नाम सिंह निवासी कल्याणपुर थाना गुडंबा जनपद लखनऊ सुरक्षित बच गए, और यूपी 78एफ ई 4020 कार में बैठे सभी लोगों को हलकी फुलकी चोट आई। जिन्हें रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल साढामऊ बीकेटी को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गईं। स्थानीय लोगों की माने तो बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंचने से सभी को इलाज समय से मिल सका और सभी की जान सुरक्षित बच गई।

# बीकेटी ब्लाक परिसर में सचिवों का 10 सुत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

- सचिव मांगों पर अड़े, सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप से अलग होने की चेतावनी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब ब्लाक परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी संघ ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर में सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया हैं। यह प्रदर्शन प्रदेश संगठन के आह्वान पर किया जा रहा है। वहीं



धरने पर बैठे सचिवों का कहना है कि उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। वे हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। धरने पर बैठे सचिवों का कहना है कि उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। वे हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष आलोक चौधरी ने बताया कि आज सभी सचिव सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप से अलग हो जाएंगे। यह कदम उनकी मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए उठाया जा रहा है।अपनी मांगों का 10 सूत्रीय ज्ञापन अधिकारी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया गया है।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार समर्पित: नरेन्द्र कश्यप

- दिव्य कला प्रदर्शनी में 70 सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं ने लगाये स्टाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम का समापन किया। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 3 से 5 दिसम्बर तक तीन दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रमों के सफल समापन पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में समावेशी एवं सुलभ समाज के निर्माण हेतु सरकार की योजनाएँ और कार्यक्रम लगातार मजबूत हो रहे हैं और दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास सतत गति से आगे बढ़ रहे है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। विभाग भविष्य में इस प्रकार के व्यापक कार्यक्रमों का और विस्तार करेगा ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान प्रदेशभर में जागरूकता रैलियाँ, परिचर्चाएँ, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, सहायक उपकरण वितरण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा कौशल विकास और रोजगार से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, संस्थाएँ, विशेषज्ञ तथा सामाजिक संगठन शामिल हुए। 3 दिसम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठानलखनऊ के जुपिटर हॉल में राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 व्यक्तियों, संस्थाओं, नियोक्ताओं और श्रेष्ठ दिव्यांग कार्मिकों को राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने 500 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए, दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा 9 से 12 तक के 5,33,285 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं विवाह अनुदान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## एसआईआर को लेकर बीजेपी विधायक ने चलाया घर,- घर सम्पर्क अभियान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा एवं समाजसेविका बिंदु बोरा ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत कैपिटल पब्लिक स्कूल जाकीपुरम गार्डन क्षेत्र में बूथ संख्या 364 एवं फैजुल्लागंज में बूथ संख्या 270 पर घर घर जाकर एसआईआर की महत्वता से जनमानस को अवगत कराते हुए इस संपूर्ण अभियान को सफल बनाने हेतु जनसंपर्क किया। भाजपा कार्यकर्ता गली–मोहल्ले में जाकर लोगों को अपने बूथ के बीएलओ से संपर्क करने और एसआईआर फार्म भरने का संदेश दे रहे हैं।विधायक डॉ नीरज बोरा ने बताया कि एस आई आर के फार्म बीएलओ द्वारा ज़्यादातर वितरित किया जा चुका हैं अब उन्हें जल्द से जल्द 11 दिसंबर से पूर्व जमा करने की अपील करनी है।समाजसेविका बिंदु बोरा ने लोगों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सभी को अपना मत सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

## हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी बिल स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर नया राजस्व जाल: केएल शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी बिल का 2025 का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल न तो स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की कोई गारंटी देता है, न राष्ट्रीय सुरक्षा को वास्तविक रूप से मजबूत करने वाला कदम है बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य सिर्फ एक नया राजस्व-संग्रह तंत्र खड़ा करना है। स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे दो असंबंधित क्षेत्रों को एक ही सेस में जोड़कर सरकार पारदर्शिता को कमजोर कर रही है। इससे बजट आवंटन, नीति-निर्माण और निगरानी प्रक्रियाएँ और जटिल होंगी तथा जवाबदेही कम होगी। सीएजी की रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले सेसों के हजारों करोड़ रुपये अपने निर्धारित फंड में कभी ट्रांसफर नहीं हुए।सेकेंडरी एंड हायर एजूकेशन सेस के 94,036 करोड़ रुपये सही खाते में नहीं पहुंचे। 3.69 लाख करोड़ रुपये विभिन्न सेस और सरचार्ज के ऐसे हैं जिनका कोई स्पष्ट हिसाब मौजूद नहीं है।ऐसे में नया सेस का कोई औचित्य ही नहीं। सेस छोटे और मध्यम उद्योगों पर भारी बोझ डाल देगा क्योंकि दरें मशीनों की संख्या, क्षमता और प्रक्रिया के आधार पर ऐसी तय की गई हैं कि छोटे निर्माता इसका बोझ सहन नहीं कर पाएँगे। बिल में शामिल व्यापक विवेकाधिकार शक्तियों को ÷लोकतांत्रिक ढाँचे के लिए खतरनाक÷ बताया, क्योंकि इससे कराधान तंत्र पूरी तरह कार्यपालिका के नियंत्रण में चला जाएगा।उन्होंने मांग की कि सरकार इस बिल को तुरंत वापस ले।

## डीसीएम ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मलिहाबाद।** शुक्रवार सुबह मलिहाबाद थाना क्षेत्र में लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को स्थानीय सीएचसी भेजा। मलिहाबाद थाना क्षेत्र की कसमंडी कला पुलिस चौकी अंतर्गत किठाई पारा गांव निवासी सुखलाल शुक्रवार सुबह बजे अपनी स्प्लेंडर बाइक से किसी काम से मलिहाबाद जा रहे थे। सुखलाल महमूद नगर ढाल पर जैसे ही मलिहाबाद की ओर मुड़े ही थे तभी पीछे से आ रही तेज गति से डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद डीसीएम चालक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों ने आनन फानन एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर भेजा। लेकिन परिजनों ने घायल सुखलाल को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

# लोकतंत्र का जनजागरण है मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया: धर्मपाल सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा एवं योजना बैठक में आगरा तथा मथुरा जिला एवं महानगर के अभियान जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष, बीएलए-1 के साथ संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतंत्र का जनजागरण है। एसआईआर केवल प्रशासनिक औपचारिकता नही है बल्कि चुनावी प्रक्रिया को प्रमाणिक बनाने की आधारशिला है।प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकि दक्षता, निरन्तर मॉनीटरिंग एवं सतत जनसम्पर्क से यह अभियान जन-जन का अभियान बना है। बीएलए-1, बीएलए-2 तथा बूथ प्रवासी को समन्वय और कार्य विभाजन के साथ बूथ अध्यक्षों को साथ लेकर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने की रणनीति बनाकर काम करना है। सम्पर्क, सत्यापन और सूचना के आदान-प्रदान से अभियान में पारदर्शिता, तीव्रता और प्रमाणिकता आएगी। कार्य की प्रमाणिकता से ही हमारी दक्षता प्रमाणित होगी। त्रुटिहीन, प्रमाणिक तथा सत्यापित मतदाता सूची लोकतंत्र का आधार है और लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प ही हमारा ध्येय है। इस ध्येय की प्राप्ति के लिए कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि समग्र रूप से इस कार्य में जुटें। मतदाता सूची शुद्धिकरण का यह अभियान गांव की गलियों, कस्बों, बस्तियों और शहरों के द्वार-द्वार तक दस्तक देने का संकल्प है।

# कौशल विकास मिशन अधिकारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने के लिए संचालित राज्य सरकार के मिशन को और अधिक सुचारू, प्रभावी एवं परिणाम-उन्मुख बनाने के उद्देश्य से आज मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में मिशन के अधिकारियों हेतु कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईएम के प्रोफेसर द्वारा 'रिचर्ड विलियम्स केस स्टडी' के माध्यम से रणनीतिक सोच, योजना निर्माण तथा लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। मिशन निदेशक ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए सरकारी नीति के महत्व, नीति-निर्माण की आधारभूत संरचना और उसके वास्तविक क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। ÷सबको हुनर, सबको काम÷ मिशन का मूल मंत्र है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्पष्ट विज़न, प्रारम्भिक स्थिति का ठोस विश्लेषण, संसाधनों की उपलब्धता एवं उनका दक्ष उपयोग, प्रभावी टीम वर्क, समन्वय, त्वरित और सटीक निर्णय क्षमता तथा समयबद्ध कार्ययोजना पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इन तत्वों के प्रभावी उपयोग से ही प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्थानीय रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है।मिशन निदेशक ने मिशन संचालन के तीन स्तरों शॉर्ट-टर्म गोल्स, मिड-टर्म गोल्स और लॉन्ग-टर्म गोल्स पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई। बेहतर परिणामों के लिए नियमित प्रगति समीक्षा, चुनौतियों का समयबद्ध समाधान और परिणाम आधारित मूल्यांकन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में मिशन के उद्देश्यों और विज़न पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसे मिशन के अधिकारियों द्वारा अत्यंत संवादात्मक बनाया गया। मिशन की सफलता एक प्रेरक, प्रभावी और दूरदर्शी विज़न पर निर्भर करती है। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेशभर में संचालित स्किल निरंतर फील्ड मॉनिटरिंग एवं उसकी रिपोर्टिंग को प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य बताया।

## स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यालय पहुंचे होमगार्ड मंत्री, लिया तैयारियों का जायजा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने 63वीं होमगार्ड स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर होमगार्ड मुख्यालय में तैयारियों का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि होमगार्ड संगठन राज्य की सुरक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग है और स्थापना दिवस न केवल गौरव का अवसर है बल्कि अपनी तैयारियों को परखने का अवसर है। समारोह की तैयारियाँ समयबद्ध, मानक के अनुरूप हों, स्थापना दिवस कार्यक्रम की व्यवस्थाएँ विशेष सतर्कता के साथ की जाएं, जवानों के प्रशिक्षण और अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव होमगाड्र्स राजेश सिंह, डीजी होमगाड्र्स एमके बसाल, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर विकास मंत्री पहुंचे मऊ, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपे स्वीकृति पत्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा पहुंचे मऊ और विक्ट्री इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2 अंतर्गत 232 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने सपनों के घर की दिशा में मिली इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर हर्ष और आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश का कोई भी परिवार बिना आवास के न रहे। इसी संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना को तीव्र गति और पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है। योजना गरीबों के जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने का माध्यम है। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश में15 लाख मकान प्रदान किए गए, जो इस योजना की ऐतिहासिक सफलता दर्शाते हैं। मऊ में अब तक 18,171 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनसे हजारों परिवारों को अपने स्वयं के घर का सपना पूरा करने में मदद मिली है।

# भीषण आग से परिवार की गृहस्थी खाक,मवेशी भी राख गांव में अफरा-तफरी का माहौल

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे बालदास मजरे कमई गांव में बृहस्पतिवार देर रात करीब 9-30 बजे छप्पर में आग लगने से एक परिवार की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई।तेज़ लपटों ने देखते ही देखते पूरे घर के सामान व मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया।घटना के बाद गांव में गांव में अफरा तफरी का माहौल रहा।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निशा शर्मा पत्नी स्व.विजय कुमार के घर में निर्माण कार्य चल रहा था।इसी कारण अधिकांश घरेलू सामान बाहर बने छप्पर के नीचे रखा गया था। अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही मिनटों में पूरा छप्पर धू-धूकर जलने लगा।ग्रामीणों ने कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कुछ भी बचाया नहीं जा सका।अग्निकांड में परिवार का बहुमूल्य पशुधन भी नहीं बच सका।एक भैंस,दो भैंस के बच्चे,एक गाय, एक गाय का बछड़ा आग की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं,कि मवेशी बाहर निकल भी नहीं पाए और ना उनको निकाला जा सका मौके पर ही उनकी मौत हो गई।आग में परिवार का लगभग हर जरूरी सामान जल गया,जिसमे धान,गेहूँ,तीन साइकिलें कपड़े,जरूरी कागज़ात,अलमारी और नकद व मोबाइल फोन शामिल हैं।अग्निकांड का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि ग्रामीण इसे चिंगारी या शॉर्ट सर्किट का परिणाम मान रहे हैं। घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासन को दे दी गई है।गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत और आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।ताकि परिवार फिर से अपने जीवन को पटरी पर ला सके।आग ने ऐसा मौत का खेल खेला की पूरा परिवार खाने के लिए दाने-दाने को मोहताज हो गया है।क्योंकि रसोई का तो सारा सामान जलकर राख हुआ ही साथ में एकत्रित किया हुआ जमा किया गया स्टोर का भी अनाज फसल धन जल गया।और पहनने के लिए कपड़े भी नहीं बचे जो शरीर पर पहने रह गए वही बचा।शासन और प्रशासन व हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच करके पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## लोहा की रॉड से सिर पर वार के कारण सड़क पर गिरे डॉक्टर को बदमाशों ने लूटा

**रायबरेली।** जनपद में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बाइक से घर जा रहे एक प्राइवेट क्लीनिक के डॉक्टर से गांव से चंद कदम पहले बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बाइक में टक्कर मार दी.इसके बाद बदमाशों ने डॉक्टर के सिर पर लोहे की रॉड से हमला करके उसके साथ लूट की. डॉक्टर के पास से रुपए व सोने की चेन लूटकर बाइक सवार बदमाश भाग गए. ग्रामीणों ने घायल को सीएचसी पहुंचाया.पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी.पीड़ित के अनुसार सोने की चेन पांच तोले की थी.सरेनी थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव के रहने वाले डॉक्टर बृजेंद्र बहादुर सिंह की भोजपुर कस्बे में क्लीनिक है. बीते बुधवार शाम करीब सात बजे वह क्लीनिक बंद करके बाइक से घर जा रहे थे.इसी बीच भोजपुर-ऊचगांव मार्ग से अपने गांव की ओर मुड़े कि एक बाइक में सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया।

# गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में भड़के सचिव बीडीओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों ने गैर-विभागीय कार्यों के बढ़ते बोझ, ऑनलाइन उपस्थिति और मोबाइल ऐप आधारित रिपोर्टिंग के विरोध में अपना आंदोलन तेज कर दिया है।इसी क्रम में सिंहपुर ब्लॉक के सचिवों ने बीडीओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप का सामूहिक बहिष्कार कर दिया।सचिवों ने गैर विभागीय कार्यों के खिलाफ शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की घोषणा की है।जनपद के सभी विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट,तथा 10 व 15 दिसंबर को क्रमिक सचिव बहिष्कार और ऐप आधारित उपस्थिति बंद करने जैसे चरणबद्ध कार्यक्रम तय किए गए हैं।सचिवों का कहना है कि बिना संसाधन उपलब्ध कराए लगातार नए-नए डिजिटल कार्य थोपे जा रहे हैं,जिससे ग्रामीण विकास की मूल योजनाएँ प्रभावित हो रही हैं।सचिवों ने मांग की है कि उन्हें केवल पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों तक सीमित रखा जाए।एवं अन्य विभागों के कार्य सौंपने पर रोक लगे।ज्ञापन मिलने के बाद बीडीओ ने सचिवों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को उच्च स्तर तक भेजा जाएगा।उधर सचिवों का कहना है, कि जब तक निर्णय नहीं आता, उनका शांतिपूर्ण विरोध जारी रहेगा। इस दौरान अवनीश कुमार श्रीवास्तव ग्राम विकास अधिकारी,राजेशकुमार आदि ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## 'टीका उत्सव' स्कूल-मदरसों के बच्चों को लगाया जाएगा टीडी-10 व टीडी-16 टीका

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

नियमित टीकाकरण के कमजोर प्रदर्शन पर अब प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है।राज्यस्तरीय समीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धियाँ न मिलने के बाद जनपद में दिसंबर माह में 'टीका उत्सव' आयोजित किया जाएगा। डीएम संजय चौहान ने सभी विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान जनपद के सभी स्कूलों व मदरसों में बच्चों को टीडी-10 कक्षा 5, दस वर्ष आयु व टीडी-16 कक्षा 10 सोलह वर्ष आयु से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रशासन ने अमेठी में डोर-टू-डोर प्रचार,चौपालों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम एलईडी वैन और व्यापक जनजागरूकता की जिम्मेदारी जिला पंचायत और नगर निकायों को सौंपी है।इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को टीकाकरण सत्रों की कार्ययोजना तैयार करने और विद्यालयों से समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए हैं।स्कूलों में पेरेन्ट-टीचर मीटिंग,प्रत्येक बुधवार व शनिवार को स्मार्ट क्लास में आई ई सी सामग्री का प्रसारण,टीकाकरण दिवस पर एएनएम के लिए सुबह 9 से शाम 4 बजे तक समुचित कक्ष उपलब्ध कराने जैसी व्यवस्थाएँ अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएँगी।आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अभियान से पहले शिक्षकों के साथ बैठक कर अभिभावकों को प्रोत्साहित करेंगी।तथा शतप्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण केंद्रों पर लाने की जिम्मेदारी निभाएँगी।इसके अलावा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने क्षेत्र के वंचित व संवेदनशील समुदायों से संपर्क कर बच्चों को सत्र स्थलों तक भेजने और धर्मगुरुओं के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है।उधर जिला पूर्ति अधिकारी ने सप्लाई इंस्पेक्टरों और कोटेदारों को जागरूकताअभियान में सहयोग का निर्देश दिया है।प्रशासन का दावा है, कि यह महाअभियान दिसंबर में जनपद की टीकाकरण उपलब्धियों में उल्लेखनीय सुधार लाएगा।

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ, पहले दिन 5600 परीक्षार्थी हुए शामिल



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में शुक्रवार से स्नातक कक्षाओं के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा के पहले दिन तीन पालियों में विषम सेमेस्टर के लगभग 5600 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने 5 दिसंबर को बताया कि महाविद्यालय में स्नातक कक्षा बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए के प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा तीन पालियों में डेढ़- डेढ़ घंटे की हुई। परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत न हो और सकुशल परीक्षा सम्पन्न हो इसके लिए परीक्षा प्रभारी डॉ लवकुश पाण्डेय व सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल के निगरानी में विशेष व्यवस्था कराई गई है। पहले दिन विभिन्न विषयों के विषम सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में लगभग 2200, द्वितीय पाली में 1400 तथा तृतीय पाली में 2000 परीक्षार्थी शामिल हुए।

# सरकारी आवासों पर था अनाधिकृत लोगो का कब्जा

## डीएम द्वारा गठित टीम ने अभियान चलाकर खाली कराये सरकारी आवास

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी होगी। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के संज्ञान में आया कि सरकारी आवास हेतु कई अधिकारियों के आवेदन लंबे समय से लंबित हैं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि बहादुरपुर सरकारी आवासीय कॉलोनी में कई आवासों पर अनधिकृत रूप से लोगों का कब्जा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा टीम गठित की गई, जिसने अभियान चलाकर अवैध रूप से कब्जाधारियों को चिह्नित किया तथा उनसे आवास खाली कराए।

25 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को तत्काल आवंटित हुए सरकारी आवास

खाली कराए गए आवासों को प्रशासन द्वारा तुरंत पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवंटित कर दिया गया। आवास हेतु आवेदन करने वालों में जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक आयुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

अनधिकृत कब्जों के कारण कई अधिकारियों को होटल या निजी व्यवस्था में रहना पड़ रहा था।

डीएम ने किया सरकारी कालोनी का निरीक्षण, बेहतर साफ सफाई के दिए निर्देश

डीएम शुक्रवार को स्वयं जाकर बहादुरपुर सरकारी आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण कर स्वच्छता, रखरखाव एवं मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि आवास आवंटित किए गए सभी अधिकारी तीन दिनों के भीतर अपने नए आवास में प्रवेश सुनिश्चित करें।

प्रशासनिक व्यवस्था होगी और मजबूत

जिलाधिकारी के इस प्रयास से अब अधिकारियों को निर्धारित समय पर सरकारी आवास उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे कार्यकुशलता बढ़ेगी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक व्यवस्थित, प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी। अधिकारियों ने आवास आवंटन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने पर जोर

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला स्थित कार्यालय सभागार में आशा क्लस्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, बीसीपीएम अरुण चौधरी, तथा विकास खंड उतरौला की सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं ।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनके द्वारा किए गए कार्यों से ही स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वास्तविक सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की निगरानी, टीकाकरण, टीबी, एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन सलाह, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में आशाओं की सक्रियता अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएमओ ने आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की समय पर एएनसी जांच सुनिश्चित की जाए। टीकाकरण सत्रों की जानकारी गांव-गांव में समय से पहुंचाई जाए। टीबी, कुष्ठ एवं अन्य संक्रामक रोगों की घर-घर खोज में तेजी लाई जाए। एनसीडी स्क्रीनिंग और आयुष्मान कार्ड बनाने में समुदाय को अधिक से अधिक जोड़ें। आशाएं अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य योजनाओं की जागरूकता गतिविधियां नियमित रूप से चलाएं ।अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश ने की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश ने ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आशाओं की मेहनत से ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बेहतर हुई है ।डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी ने आशाओं को मोबाइल ऐप आधारित रिपोर्टिंग, इंडिकेटर आधारित कार्यप्रणाली और समयबद्ध फॉलोअप के महत्व को समझाया। बीसीपीएम अरुण चौधरी ने कहा कि आशा इंसेंटिव से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं जैसे कठिन पहुंच वाले टोले, टीकाकरण में अनिच्छा, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच में विलंब जैसी चुनौतियों को साझा किया। सीएमओ ने इन मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए । बैठक के अंत में सभी आशा कार्यकर्ताओं ने जनपद में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोगों की रोकथाम तथा परिवार कल्याण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

## दिव्यांगजनों का सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वासन

**रायबरेली।** दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना- इस योजनान्तर्गत पूर्व में रू0 300६- प्रति माह प्रति व्यक्ति की दर से अनुदान प्रदान किया जाता था, जिसे वर्तमान सरकार द्वारा अप्रैल 2017 से बढ़ाकर रू0 500६- तथा दिसम्बर 2021 से पुन बढ़ा कर रु0 1,000६- प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अद्यतन् कुल प्राविधानित धनराशि रु0 142434.93 लाख के सापेक्ष धनराशि रु0 68753.61 लाख का व्यय करते हुए कुल 11,57,556 दिव्यांगजन को पेंशन देकर लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2016-17 की समाप्ति पर प्रदेश में पेंशनर्स की संख्या 8,75,992 थी, जो बढ़कर अद्यतन 11,57,556 हो गयी है। इस प्रकार वर्ष 2017 के पश्चात 2,81,564 नवीन दिव्यांगजन को चिन्हित कर लाभान्वित किया गया है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना- प्रदेश में कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए दिव्यांगजन को रु0 2500६- प्रति

# बीएचके एस विद्यालय में किया गया छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में जैनस इनीशिएटिव्स संस्था के संस्थापक व विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 पंकज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे जैनस स्कॉलरशिप 2025 की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार शुक्रवार को बी एच के एस बाल भारती इंटर कालेज, बलरामपुर में आज आयोजित की गयी।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को आयोजित परीक्षा मे 52 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में मेहनत, हिम्मत और लगन से बड़ी से बड़ी कल्पना साकार होती है । सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है। कालेज प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। डा0 राजीव रंजन अध्यक्ष, वनस्पति शास्त्र, एमएलके कालेज ने कहा जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता वह सफलता अवश्य पता है । जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है । छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं । उन्होंने कहा कि पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की पढ़ाई नहीं रुकेगी । संस्था द्वारा 12वीं पास छात्र-छात्राओं को 12000 रुपए सालाना स्कॉलरशिप 3 वर्षों तक दिया जाता है। हिंदुस्तान प्रभारी प्रदीप तिवारी ने कहा सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है। कार्यक्रम के संयोजक पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो जाता है । ऐसे में ज़रूरतमंद छात्र छात्राओं को इस योजना के द्वारा बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक मदद दा जा रही है। कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इसके साथ साथ जैनस इनीशिएटिव्स के साथ सामाजिक कार्य में सहयोग करने विभिन्न सामाजिक संगठन में जैनस इनीशिएटिव्य कोऑर्डिनेटर आशीष श्रीवास्तव, एकांश श्रीवास्तव, अनीता चौहान का विशेष योगदान रहा।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाई जाए: रज्जू खान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफ्ताब अहमद रज्जू खान एडवोकेट ने कहा कि देशभर में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, पारदर्शिता, और डिजटलीकरण के उद्देश्य से शुरू किया गया उम्मीद पोर्टल फिलहाल गंभीर तकनीकी समस्याओं से जूझ रहा है सरकार द्वारा निर्धारित 5 दिसंबर 2025 की अंतिम तिथि आज ही है लेकिन पोर्टल की स्थिति ऐसी है कि अधिकांश वक्फ बोर्ड, मुतवल्ली और प्रबंधक पंजीकरण की प्रक्रिया पूरा कर ही नहीं पा रहे हैं। लगातार सर्वर डाउन होना फर्म का सेव ना होना दस्तावेज अपलोड में त्रुटियां, लॉगिन आदि की समस्या इन सभी ने मिलकर पंजीकरण को एक चुनौती ही नहीं बल्कि एक बड़ी कठिनाई में बदल दिया है। रज्जू खान ने कहा कि सैकड़ो मुतवल्ली और संस्थाएं यह बता चुकी हैं कि कई दिनों के प्रयास के बाद भी वह सिर्फ प्रारंभिक चरण तक पहुंच पा रहे हैं कुछ तो अपनी वक्त संपत्तियों का विवरण दर्ज करने के बाद भी यह देखकर निराशा है कि पोर्टल ने डाटा को सेव ही नहीं किया इसके चलते पूरा विवरण दोबारा भरना पड़ रहा है जो की सरकार की कर शैली पर सवालिया निशान है ग्रामीण क्षेत्रों में जहां इंटरनेटकी स्थिति पहले से ही कमजोर है वहां यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। खान ने कहा कि वक्फ संपत्तियां सिर्फ जमीन इमारत या रिकॉर्ड नहीं बल्कि वह एक समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है मस्जिद मदरसे कब्रिस्तान खानकहें ईदगाहे यतीमखाने और अनेकों सामाजिक कल्याण केंद्र इन्हीं संपत्तियों पर आधारित हैं यदि पंजीकरण तकनीकी बाधाओं के कारण अधूरा रह जाता है तो इन संपत्तियों पर अतिक्रमण हेरा फेरी या गलत प्रबंधन का खतरा बढ़ जाएगा यही वजह है कि प्रत्येक संपत्तियों का सही और पूर्ण पंजीकरण बेहद आवश्यक है और यह तभी संभव है जब पोर्टल सुचारू रूप से कम करें और उपयोगकर्ताओं को पर्याप्त समय मिले। खान ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री भारत सरकार से मांग की है कि पंजीकरण के पोर्टल की तकनीकी खामियों को देखते हुए पंजीकरण की तिथि कम से कम एक महीना और बढ़ाई जाए जिस वक्फ संपत्तियों की दीर्घकालिक सुरक्षा पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

## राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता: डीएम

**बलरामपुर।** राजस्व वादों का निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है तथा शासन स्तर पर इनकी निरंतर समीक्षा की जाती है एवं राजस्व वादों का समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश जारी किए गए हैं।

यह जानकारी देते हुए डीएम विपिन कुमार जैन ने बताया कि जनपद में राजस्व वादों के निस्तारण की कार्यवाही की गति में सुधार लाने, अनावश्यक विलंब को रोकने तथा वादकारियों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम कोर्ट निर्धारित तिथियों में अवश्य सुनवाई की कार्यवाही होगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह निर्धारित तिथियों के बावजूद अधिवक्तागण की अनुपस्थिति के कारण उनके कोर्ट की सुनवाई सुचारू रूप से नहीं हो सकी, जिससे वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएम कोर्ट में निर्धारित तिथि पर अधिवक्तागण की अनुपस्थिति न्यायिक कार्यवाही को बाधित नहीं करेगी।

# विधायक सदर व सलोन ने शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पी0एम0 राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में दिव्यांगजन हेतु एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 विधायक सदर अदिति सिंह, मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, सहायक प्रबंधक एलिम्को सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विकास खण्ड अमावां व छतोह के दिव्यांगजनों को 22 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 102 ट्राईसाइकिल, 28 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 208 बैसाखी, 14 वॉकिंग स्टीक (छड़ी), 01 सी0पी0 चेयर, 02 ब्रेल केन, 01 ब्रेल किट, 21 सुगम्य केन, 16 श्रवण यंत्र (कान की मशीन) इत्यादि वितरित किये गये। आयोजित शिविर में मा0 सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाये चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज उसी क्रम में दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किये गये है, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में स्वावलंबी बन सकें। मा0 सलोन विधायक अशोक कुमार ने कहा कि दिव्यांजन समाज के सम्मानित और अभिन्न अंग है, जिसमें असीम संभावनाए छिपी होती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु अनेक योजनाए संचालित है, जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और मुख्यधारा से जोड़ना है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि जनपद में दिव्यांगों को चिन्हित करके सूची तैयार कराकर उपकरण का वितरण कराया जा रहा है। ताकि कोई भी पात्र दिव्यांगजन सहायक उपकरणों से वंचित न रहे।

## शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आहूत की गई

**रायबरेली।** बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर) के फर्म भरने में शहर काग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व सभी वार्डो के अध्यक्ष मतदाताओं का पूरा सहयोग कर रहे है और बी.एल.ओ. के साथ कांग्रेरा का कार्यकर्ता बूथ पर मौजूद है, शहर अध्यक्ष ने कहा कि एस.आई.आर फर्म में जिस तरह से हेर-फेर की जा रही है उसे पूरे देश ने बिहार के चुनाव में देखा, जननायक मा.सांसद राहुल गांधी जी का ससदीय क्षेत्र होने के कारण हम सब काग्रेसजन इस पूरी प्रक्रिया पर नजर रखे है। सदर समन्वयक रोहित सिंह ने मासिक बैठक में कहा कि नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी जी ने देश के सामने चोट चोरी का मामला सबूतो के साथ उजागर कर दिया है, अब हम सबकी जिम्मेदारी है कि वोट चोरी के इस गम्भीर मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाए, रोहित सिंह ने सरकारी दबाव में कई बीएलओ की मृत्यु पर भी भाजपा सरकार को घेरा और मृतक बी.एल.ओ. के परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

# 11 महीने बाद दो महिलाओं समेत 10 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ जालसाजी धोखाधड़ी का मुकदमा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर के मिर्जापुर गांव में जमीन पर चल रहे कब्जे के विवाद में आखिरकार 11 महीने बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत 10 लोगों के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर की गई है।

मिर्जापुर निवासी गणेश शंकर तिवारी ने पुलिस आयुक्त को दी गई शिकायत में गंभीर आरोप लगाए थे कि न्यायालय द्वारा 7 मई 2024 को स्पष्ट रूप से यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था। बावजूद इसके आरोपित क्षमा सिंह चौहान एवं उसके साथियों ने न केवल जमीन पर कब्जा किया बल्कि निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया।

गणेश तिवारी के अनुसार 25 मई 2024 को क्षमा सिंह चौहान और उसके साथी जबरन जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। इसके बाद 6 जनवरी 2025 को क्षमा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लाली शुक्ला, जितेंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, पप्पू, ओमप्रकाश सिंह, आशीष सिंह करीब 15-20 मजदूरों के साथ पहुंचे और अवैध निर्माण शुरू करा दिया। विरोध करने पर आरोपितों ने न केवल असलहे लहराए बल्कि भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

इसी दौरान अंजू गुप्ता और उनके पति अनिल गुप्ता, जो बब्बन शॉपिंग मॉल के संचालक हैं, भी वहां पहुंचे और दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ 80 लाख रुपये में जितेंद्र सिंह से जमीन का बैनामा करा लिया है, इसलिए वे निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। इसके बाद 8 जनवरी को मजदूरों को दोबारा लाकर कब्जा जारी रखा गया। गणेश तिवारी का आरोप है कि उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन काम नहीं रुका। 9 जनवरी को पनकी रोड चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को बुलाया, जहां मौजूद आरोपियों ने पुलिस के सामने ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शिकायतों के बावजूद लंबी अवधि तक कोई कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बढ़ गए और उन्होंने रास्ते पर कब्जा कर 25 फीट सड़क बंद कर दी, साथ ही 11 हजार वोल्ट लाइन के नीचे टिनशेड डाल दिया।

शिकायत और पूरे प्रकरण की रिपोर्ट पुलिस आयुक्त तक पहुंचने के बाद, उन्होंने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। जांच पूरी होने पर कल्याणपुर पुलिस ने क्षमा सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह, लाली शुक्ला, जितेंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, पप्पू जायसवाल, ओम प्रकाश, आशीष सिंह समेत दंपती अंजू गुप्ता और अनिल गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# शिवपाल यादव से मिले विनय कोरी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव शिवपाल सिंह यादव से बुधवार को विनय कोरी, युवजन सभा प्रदेश सचिव आशीष सिंह चटरू और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान शिवपाल यादव ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता और सक्रियता बेहद जरूरी है।मुलाकात में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कुलदीप यादव, नवीन यादव, जीतू यादव, आदित्य यादव, राहुल यादव और पप्पू पहलवान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतियों और संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा हुई, जिससे क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता और जनसंपर्क को और मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# सामूहिक विवाह योजना में लापरवाही पर सपा का तीखा रूख

## बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने जिलाधिकारी से की तत्काल कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सामूहिक विवाह योजना में उत्पन्न अव्यवस्थाओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने प्रशासन पर सीधा निशाना साधा है। बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कानपुर नगर से मुलाकात कर कहा कि शुभ मुहूर्त बीत जाने के बावजूद सामूहिक विवाह का आयोजन न कर पाना प्रशासन की गंभीर चूक है, जिससे पंजीकृत लाभार्थियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी है।

विवाह टलने से लाभार्थियों की बढ़ी मुश्किलें -विनय यादव ने बताया कि कई जोड़ों को विवाह तिथि निकल जाने के बाद कर्ज लेकर निजी तौर पर शादी करनी पड़ी, जबकि कई की शादियाँ अब तक रुक गई हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति शासन-प्रशासन की उदासीनता को दर्शाती है और इसकी भरपाई सरकार को करनी चाहिए।

सपा नेता ने जिलाधिकारी के समक्ष रखीं ये प्रमुख माँगें -कर्ज लेकर शादी करने वाले जोड़ों को शासन की निर्धारित धनराशि तुरंत उनके बैंक खातों में भेजी जाए।जिन पंजीकृत जोड़ों की शादी नहीं हो सकी है, उनके लिए विकासखंड स्तर पर शीघ्र सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। योजना के संचालन को प्रभावी बनाने हेतु सामूहिक विवाह आयोजनों का पूर्ण विकेन्द्रीकरण किया जाए। शुभ मुहूर्त पर कार्यक्रम न करा पाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जो विवाह लंबित हैं, उनके लिए आगामी शुभ मुहूर्त में नया ब्लॉक-स्तरीय कार्यक्रम घोषित किया जाए।

धारा 144 के कारण ज्ञापन नहीं, पर चेतावनी साफ -विनय यादव ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू होने के चलते न तो औपचारिक ज्ञापन दिया गया और न ही कोई प्रदर्शन हुआ। हालांकि उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा—यदि प्रशासन ने जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया, तो समाजवादी पार्टी लाभार्थियों के हक की लड़ाई के लिए आंदोलन करने को बाध्य होगी। लाभार्थियों में नाराज़गी, प्रशासन से त्वरित सुधार की मांग -क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर लाभार्थियों और उनके परिवारों में स्पष्ट असंतोष देखा जा रहा है। सपा नेताओं का कहना है कि कल्याणकारी योजनाओं में इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है और प्रशासन को तुरंत स्थिति सुधारते हुए समयबद्ध कार्रवाई करनी चाहिए।

# दिव्यांग बीएलओ प्रभाकर ने समय से पहले पूरा किया मतदाता सत्यापन

**1032 में से 995 सत्यापित कर पेश की मिसाल**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर ब्लॉक संसाधन केंद्र, विकास खंड बिल्हौर में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने दिव्यांग बीएलओ प्रभाकर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। निर्धारित अवधि से पहले मतदाता सत्यापन का लक्ष्य पूरा करने पर यह सम्मान दिया गया।

बरौली प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के रूप में कार्यरत और भाग संख्या 69 के बीएलओ प्रभाकर ने कुल 1032 मतदाताओं में से 995 का सत्यापन अंतिम तिथि 4 दिसंबर से पहले ही पूरा कर लिया। दिव्यांगता के बावजूद प्रभाकर ने मेहनत, लगन और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य को पूरा कर सभी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। बीईओ रवि कुमार सिंह ने बताया कि प्रभाकर ने पूरे सत्यापन कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया और ऑनलाइन फीडिंग भी स्वयं की। केवल कुछ एएसडी मतदाताओं के फॉर्म शेष हैं, जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।


उन्होंने प्रभाकर की कार्यशैली को अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणास्रोत बताया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक ओंकार सिंह यादव ने प्रभाकर को माला पहनाकर सम्मानित किया।

जबकि पीएम श्री पूरा द्वितीय के प्रधानाचार्य आदित्य द्विवेदी ने मोमेंटो भेंट कर उनके अथक कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर धर्मेंद्र कटियार, चंद्रशेखर, ताहिर हुसैन, चंद्रशेखर कुशवाहा, नियाज अहमद, राजेश, अरविंद, समीर, फैसल अहमद, अवधेश, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, सुनील कुमार, विकास बाबू, शशांक द्विवेदी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कानपुर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



नोएडा में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कानपुर के गुजैनी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सॉफ्टवेयर इंजीनियर छोटे भाई के एक्सीडेंट की जानकारी पर पटना जाने के लिए नोएडा से लिए निकला था। पटना के लिए सीधी ट्रेन ना मिलने के कारण वह बुधवार दोपहर गुजैनी में रहने वाले मैं मेरे भाई के घर पहुंचा, जहां गुरुवार को वह मृत अवस्था में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का परीक्षण कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूत्रों के मुताबिक बिहार के दानापुर ईस्ट खगोल विजय विहार कॉलोनी के रहने वाले दीपक सिंह का बेटा सत्यम देव उम्र 23 वर्ष नोएडा की पुष्पेंद्र टेक्नोलॉजी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। वह नोएडा में अपने तीन दोस्त अमन, सिद्ध, शेखर के साथ में रहता था। मंगलवार को सत्यम की बड़ी बहन पूजा ने उसे फोन कर छोटे भाई शिवम के पटना में एक्सीडेंट होने की जानकारी दी थी। इसके बाद मंगलवार को हुआ पटना स्थित घर जाने के लिए निकला था। डायरेक्ट ट्रेन ना होने के कारण वह आनंद विहार ट्रेन से कानपुर के गुजैनी के रहने वाले ममेरे भाई सुनील के घर बुधवार की दोपहर 3ः00 बजे आया था। गुरुवार को उसे पटना के लिए कानपुर से निकलना था। ममेरी भाई सुनील ने बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद सोने चला गया था। गुरुवार को सुबह 8ः00 बजे उसे उठाया तो वह नहीं जगा। उसके नाक से खून निकल रहा था। परिजन उसे आनन- फानन में एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी पर मौके पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने शव का परीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उत्तर प्रदेश ऑटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति ने आरटीओ में चल रही लूट के विरोध में खोला मोर्चा

**समिति के पदाधिकारी ने संभागीय परिवहन अधिकारी को सौपा ज्ञापन**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश ऑटो-लोडर संयुक्त कल्याण समिति के पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष राजीव जयसवाल की अगवाई में बीते दिन शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी से मुलाकात कर फिटनेस के नाम पर आरटीओ में चल रही लूट के विरोध में ज्ञापन सौपा। इस मौके पर बोलते हुए राजीव जायसवाल (विक्की) ने कहां कि हम गाड़ी वाले जब आर टी ओ ऑफिस में फिटनेस कराते थे तब हम लोगों को लगभग 2000/- खर्च करना पड़ता था पर जब से सरकार द्वारा निजी कंपनी एयर सेल्स कॉर्पोरेशन को ठेका दिया है तब से घूसखोरी और दलाली के बिना फिटनेस पास नहीं होती गाड़ी अन्फिट दिखा कर कागज में फेल कर दिया जाता है ओर उसकी फीस हड़प ली जाती है फिर दलाल द्वारा फिटनेस को 8000/- से 10000/- रुपए देकर पास कराई जाती जिसका खर्च हम गाड़ी वालों को उठाना पढ रहा है फिटनेस करने वाले अधिकारी या वर्कर जो गाड़ी को चेक कराते है वो सब इस गिरोह को मिलीभगत से चलाते है।

इस गिरोह द्वारा गाड़ी की फैल करके फिटनेस फीस खारिज कराते है फिर दूसरे दिन गाड़ी वाले ने उस गाड़ी में कोई भी कार्य नहीं कराया था लेकिन कंपनी के दलाल द्वारा घूस रुपए 8000/- लेकर पास करके कागज दे दिया जाता है ये कंपनी एयर सेल्स कॉर्पोरिसन के वर्कर व अधिकारी रिश्वत खोरी का गौरखधंधा बहुत जोर शोर से चला रहे है। इस मौके पर प्रमुख रूप से दिवाकर मिश्रा, राजीव जायसवाल, दीपू गुप्ता, अंकुर गुप्ता, यशवंत सिंह, सुनील जायसवाल मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मूल दायित्व होते बाधित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। शासन द्वारा लागू की गई नई ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और बढ़ते गैर–विभागीय कार्यों के विरोध में पंचायत सचिवों ने सिधौली ब्लॉक में शांतिपूर्ण हड़ताल करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन उच्चाधिकारियों को सौंपा। सचिवों का कहना है कि बिना संसाधन, तकनीकी सुविधाओं और सम्यक समीक्षा के थोपे गए ऑनलाइन उपस्थिति नियम व्यावहारिक नहीं हैं, जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें भेदभावपूर्ण ढंग से अतिरिक्त एवं गैर–संबंधित कार्य दिए जा रहे हैं, जिससे मूल दायित्व बाधित होते हैं। हड़ताल में सुधीर बाजपेई, डी.के. सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप रावत, हसन अली, अमरेश गौतम, श्वेता बाजपेई, आरती, डाली केसरवानी, अंजली सहित अनेक सचिव मौजूद रहे।

### तर्कसंगत व्यवस्था के तहत समाधान निकाला जाए

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विकास खण्ड रेउसा ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने हेतु समुचित संसाधन की उपलब्धता एवं एकरूपता की व्यावहारिक उचित स्थिति प्राप्त होने तक ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी हेतु उपर्युक्त उपस्थिति प्रणाली को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। साथ ही संगठन द्वारा उल्लिखित समस्याओं, मांगों के दृष्टिगत सम्यक विचार करते हुए शासन स्तर पर संघ के प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए न्यायपूर्ण एवं तर्कसंगत व्यवस्था के तहत समस्याओं का समाधान निकाला जाए। जिससे ग्रामीण स्तर पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण सहित सचिवों की कार्य क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े तथा कर्मचारियों की कार्यकुशलता, पारदर्शिता एवं निरंतरता व प्रभावशीलता ग्राम पंचायत स्तर पर सतत रूप से बनी रहे। इस मौके पर मुकेशनाथ त्रिवेदी, अवनीश शुक्ला, बृजेश कुमार, मनबहार बाजपेई, विनोद यादव, राहुल आनंद, महेंद्र रावत, जगदेव प्रसाद, शिवेंद्र प्रताप, नरेंद्र यादव, ऋषभ वर्मा, विनीत यादव, संतलाल पटेल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### थर्ड पार्टी ऐप से निजता पर खतरे का उठाया मुद्दा

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विकास खण्ड हरगावं क्षेत्र में सचिवों का कार्यक्षेत्र पूरी तरह फील्ड आधारित है और एक–एक सचिव के पास 4 से 9 ग्राम पंचायतों का प्रभार होता है। ऐसे में किसी निश्चित स्थान पर समयबद्ध ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक रूप से असंभव है। इसके अलावा, जिस थर्ड पार्टी ऐप से उपस्थिति दर्ज कराने का प्रावधान किया गया है, उसे उन्होंने व्यक्तिगत डाटा और बैंकिंग सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण बताते हुए नागरिकों के निजता के अधिकार का खुला उल्लंघन बताया। ग्राम पंचायतों की ऑडिट प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वर्षों से लंबित ऑडिट आपत्तियों को देखते हुए अब पंचायतों का ऑडिट चार्टर्ड अकाउंटेंट या सोशल ऑडिटर से कराया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़े। अंत में संघ ने यह स्पष्ट मांग की कि जब तक सभी पंचायत स्तरीय कर्मचारियों पर समान उपस्थिति व्यवस्था लागू नहीं होती और सचिवों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था को तत्काल स्थगित किया जाए।

### गौरिया केन्द्र द्वितीय का हुआ औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। ब्लॉक मछरेहटा के केन्द्र गौरिया द्वितीय के डालमिया भारत शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0 एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 रामगढ़ का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गन्ना वजन करने वाले कांटे, किसान पर्ची आदि को देखा। उन्होंने केन्द्र पर लाये किसानों की गन्ना ट्राली का वजन अपने सामने कराने के साथ ढुलाई हेतु लेबरों की जानकारी संबंधित से प्राप्त की। किसानों से वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। निरीक्षण रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टर का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने–अपने कार्यों का भलीभांति निर्वहन करें एवं किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाये।निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति का किया विरोध

## निजी फोन के उपयोग और काम के बढ़ते बोझ को बताया अव्यवहारिक

- मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था स्थगित करने और संसाधन उपलब्ध कराने की मांग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को अव्यवहारिक, असुरक्षित और फील्ड कार्यों के विपरीत बताते हुए शुक्रवार को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि यह व्यवस्था ग्रामीण विकास के लिए जिम्मेदार सचिव संवर्ग पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है और तत्काल समीक्षा की आवश्यकता है।

4 से 9 ग्राम पंचायतों का प्रभार, फिर एक स्थान पर उपस्थिति कैसे संभव? संगठन ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों की नौकरी स्वभाव से पूर्णतः फील्ड आधारित है। एक सचिव औसतन चार से नौ ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी निभाता है, जिसके चलते किसी एक स्थान पर निर्धारित समय में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक रूप से असंभव है। सरकारी मोबाइल फोन उपलब्ध न होने के कारण सचिवों को मजबूरन अपने निजी फोन पर थर्ड-पार्टी ऐप का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। संगठन ने इसे निजता का उल्लंघन, डेटा सुरक्षा के लिए खतरा, और व्यावसायिक सीमा का अतिक्रमण बताया।

29 से अधिक विभागीय योजनाओं का भार, ऊपर से गैर-विभागीय जिम्मेदारियां ,ज्ञापन में बताया गया कि सचिव संवर्ग पहले से ही पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग की 29 से अधिक प्रमुख योजनाओं का फील्ड स्तर पर संचालन करता है। इनमें–मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ,वित्त आयोग के कार्य जन्म-मृत्यु पंजीकरण ,परिवार रजिस्टर व फैमिली आईडी सत्यापन समेत कई जटिल और तकनीकी कार्य शामिल हैं।इसके अलावा, अन्य विभागों द्वारा उन पर फसल सर्वे, हेल्थ कार्ड, पराली प्रबंधन, गौशाला प्रबंधन, जलस्रोत संगणना, फैमिली आईडी कार्यों की दोहरी जिम्मेदारी, और स्टैटिक मजिस्ट्रेट ड्यूटी भी थोप दी गई हैं।संगठन ने कहा कि इस अत्यधिक भार से सचिव संवर्ग मानसिक तनाव, शारीरिक थकावट और दुर्घटनाओं के जोखिम का सामना कर रहा है। संसाधन उपलब्ध कराए बिना ऑनलाइन उपस्थिति थोपना अनुचित- संगठन

सचिव संगठन ने मांग की कि– सचिव संवर्ग को केवल पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों तक सीमित रखा जाए,विभागीय जिम्मेदारियों का बंटवारा स्पष्ट किया जाए, सचिवों को वाहन भत्ता, मोबाइल भत्ता, सरकारी मोबाइल फोन और सीयूजी सिम प्रदान किए जाएं।संगठन ने सचिवों की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने,वेतन मैट्रिक्स-5 देने,तथा पदोन्नति पदों के वेतनमान में समानता की भी मांग की।

पहले संसाधन दें, फिर ऑनलाइन उपस्थिति लागू करें

संगठन ने स्पष्ट कहा कि जब तक सचिवों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हो जाते, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। उन्होंने शासन से सचिव संवर्ग की समस्याओं पर औपचारिक संवाद कर समाधान निकालने की मांग की।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जनपद में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन भेजकर ग्रामीण क्षेत्र में सचिवों पर थोपे जा रहे ऑनलाइन उपस्थित प्रणाली पर गंभीर आपत्ति जताई। संघ ने कहा है कि विभागीय मूल दायित्वों की उपेक्षा करते हुए सचिवों को अनेक गैर विभागीय कार्यों से बोझिल किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा 03 नवंबर 2025 को जारी आदेश के अनुसार सचिवों को ग्राम पंचायत कार्यस्थल पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करनी है, जबकि वास्तविकता यह है कि एक सचिव के अधीन कई ग्राम पंचायतें होती हैं। भौगोलिक परिस्थितियों, दूरस्थ गांवों और बहुद्देशीय कार्यभार के कारण किसी एक स्थान पर उपस्थित रहकर ऑनलाइन उपस्थिति देना संभव नहीं है।संघ ने बताया कि ग्राम सचिवों को पंचायत विभाग के अलावा शिक्षा, कृषि, पशुपालन, लेखा परीक्षण, गन्ना, सामाजिक कल्याण सहित अनेक विभागों के ऑनलाइन और फील्ड कार्य सौंपे गए हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। सचिवों के मोबाइल व डिजिटल माध्यमों से कार्य करते समय व्यक्तिगत गोपनीयता और साइबर सुरक्षा खतरे भी बताए गए।ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों की विभिन्न योजनाओं, जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, ग्रामीण सड़क योजना आदि का संचालन करते हैं। इनके सुचारू संचालन के लिए फील्ड में लगातार दौरा आवश्यक है, इसलिए किसी निश्चित स्थान पर उपस्थिति अंकित करना संभव नहीं है।संघ ने बताया कि पंचायतों का ऑडिट वर्षों से लंबित है। पहले पंचायतों को ऑडिट चार्ट फार्मेट दिये जाते थे, जिन्हें बाद में समाप्त कर दिया गया। अब सचिवों को पुनः वही फॉर्मेट भरने को कहा जा रहा है, जबकि ऑनलाइन ऑडिट व्यवस्था लागू की जाए तो कार्य और पारदर्शी हो सकता है।संघ ने कहा कि जब तक संतोषजनक समाधान नहीं निकलता, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था स्थगित रहे। साथ ही शासन स्तर पर संघ के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उचित निर्णय लिए जाएं, ताकि सचिवों के मूल कार्य प्रभावित न हों। उक्त क्रमें जनपद के विकास खण्ड खैराबाद में संघ के अध्यक्ष संजय वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी संघ पिसावां, अश्वनी राठौर मंत्री, अधिकारी ज्ञापन सौपा गया।

# रसौल में खाद्य निरीक्षक पर उगाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। सरसौल क्षेत्र में तैनात खाद्य निरीक्षक पर जबरिया उगाही का गंभीर आरोप लगाया गया है। सरसौल के आयुष जनरल स्टोर के संचालक राजेश गुप्ता ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष सरसौल विनोद विश्वकर्मा को शिकायत देकर आरोप लगाया कि खाद्य निरीक्षक और उसके सहयोगी द्वारा धमकाकर अवैध वसूली की जा रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने यह मामला जिला अध्यक्ष कानपुर नगर महेश वर्मा को अवगत कराया। व्यापारी राजेश गुप्ता ने आशंका व्यक्त की कि खाद्य विभाग के अधिकारी भविष्य में किसी भी प्रकार की कमी निकालकर सैंपल भर सकते हैं और आर्थिक नुकसान पहुँचा सकते हैं। पीड़ित व्यापारी के अनुसार निरीक्षक पहले दुकान पर आकर धमकाते हैं और फिर उनका सहयोगी सेटिंग के नाम पर राशि मांगता है। व्यापारी का आरोप है कि उसने 6000 नकद, 4000 ऑनलाइन, तथा 500 ड्राइवर के लिए भुगतान किया, जिसके बाद सैंपलिंग की कार्रवाई रोक दी गई। व्यापारी ने यह भी कहा कि पहले भी कई बार सैंपलिंग के दौरान पैसे माँगे गए हैं। उसके अनुसार खाद्य दुकान में हजारों आइटम होते हैं और निरीक्षक कभी भी जानबूझकर फेल होने वाली सामग्री का सैंपल भर सकते हैं। जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि किसी भी अधिकारी को उत्कोच देने की आवश्यकता नहीं है और व्यापारी का किसी भी तरह का शोषण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरसौल में तैनात खाद्य निरीक्षक के विरुद्ध पुलिस विभाग में मुकदमा दर्ज कराने हेतु शिकायत तैयार कर दी गई है। पीड़ित व्यापारी ने कहा कि वह लम्बे समय से उगाही से परेशान था और अब व्यवस्था से तंग आकर उसने खुलकर शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के माध्यम से उपरोक्त शिकायत अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री संजय सिंह को विभागीय कार्रवाई हेतु उनके व्हाट्सएप पर सीसीटीवी फुटेज और पैसों का स्क्रीनशॉट भेजा गया है तथा खाद्य निरीक्षक अनिल पाल से बात करने पर वह कोई सही उत्तर देने में असमर्थ रहे।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्र महापंचायत कानपुर विश्वविद्यालय छात्रसंघ बहाली मोर्चा ने दिया ज़ोरदार समर्थन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




5 दिसंबर को इलाहाबाद विश्वविद्यालय एयू के छात्रसंघ भवन पर आयोजित छात्र महापंचायत छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुई। इस महापंचायत में न केवल इलाहाबाद के स्थानीय मुद्दे उठे, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में छात्रसंघों की बहाली को लेकर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। कानपुर का नेतृत्व और बयान- कानपुर विश्वविद्यालय छात्रसंघ बहाली मोर्चा की तरफ से एक सशक्त प्रतिनिधिमंडल महापंचायत में शामिल हुआ, जिसमें अनस साहू, आर्यन ठाकुर, प्रशांत रजावा, आराध्य बाजपेयी, तरुण सिंह और विष्णुपाल शामिल रहे। महापंचायत को संबोधित करते हुए, मोर्चा के प्रमुख सदस्य अनसाहू ने एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ÷इस महापंचायत की ऊर्जा को कानपुर विश्वविद्यालय तक ले जाया जाएगा। छात्र संघ बहाली के लिए ऐसा ही प्रदर्शन और छात्र संवाद अब कानपुर विश्वविद्यालय में भी आयोजित किया जाएगा। महापंचायत का निष्कर्ष- गंभीर विचार-विमर्श के बाद, महापंचायत ने एक निर्णायक निष्कर्ष निकाला। प्रदेश के सभी छात्र संगठनों ने सहमति व्यक्त की कि आने वाले आगामी दिनों में पूरे उत्तर प्रदेश के छात्र नेता मिलकर एक विशाल महा बैठक करेंगे। इस महा बैठक का मुख्य उद्देश्य लखनऊ की ओर प्रस्थान (कूच) की विस्तृत रणनीति बनाना और प्रदेश भर में छात्रसंघ बहाली के लिए व्यापक जागरूकता फैलाना होगा। एकजुट संघर्ष का आह्वान- प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली तक यह आंदोलन जारी रहेगा। लखनऊ प्रस्थान की योजना इस बात का संकेत है कि छात्र अब अपनी मांगों को शासन के उच्चतम स्तर तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह महापंचायत प्रदेश के छात्रों के बीच पनप रही मजबूत एकजुटता और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गई है।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# निहित स्वार्थों के लिए युवाओं को गुमराह करने के बयान


**महबूबा मुफ्ती ने कहा कि एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे जम्मू-कश्मीर के लोगों को नहीं दी जा सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अपील की है कि वे इस गंभीर विषय पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से बात करें क्योंकि राज्य के बाहर रहने वाले कश्मीरी डरे हुए हैं। महबूबा का यह बयान कहीं न कहीं दिल्ली की वारदात को जायज ठहराने का प्रयास है। महबूबा सत्ता पाने के लिए पूर्व में भी ऐसे विवादित बयान देती रही हैं। महबूबा ने कहा था साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में डर और घुटन का माहौल है।**

*जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने भोपाल में एक कार्यक्रम में कहा कि आज मुसलमान रास्ते पर अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें कदम-कदम पर नफरतों का सामना करना पड़ता है। मदनी ने सुप्रीम कोर्ट के ऊपर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसी देश में लॉ एंड ऑर्डर और क्राइम-फ्री समाज बनाना इंसाफ के बिना नामुमकिन है। मौलाना ने कहा कि दुख की बात है कि पिछले कुछ सालों में खासकर बाबरी मस्जिद और ट्रिपल तलाक जैसे मामलों में फैसलों के बाद यह आम सोच बन गई है कि कोर्ट सरकारी दबाव में काम कर रहे हैं। राजनीतिक दल और मदनी जैसे मौलाना मुसलमानों में अपनी पैठ बनाने और खुद को उनका सबसे बड़ा हितेषी साबित करने में कहीं न कहीं मुस्लिम युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोट की जांच कर रहे जांचकर्ताओं ने खुलासा किया था कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े डॉक्टरों से जुड़े संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल ने 6 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में छह स्थानों पर विस्फोटों की योजना बनाई थी। यह वह दिन था जब 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया था। विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकवादियों ने बताया था कि यह तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि वे बाबरी मस्जिद विध्वंस का बदला लेना चाहते थे। मौलाना मदनी का बयान ऐसे ही युवाओं को प्रेरित कर गुमराह करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाने वाले मौलाना मदनी भूल गए कि अदालतों ने ही आतंक के आरोपों से ढेरों बेगुनाहों को बरी किया है। वर्ष 2006 में 12 लोगों को मुंबई बम धमाकों के संबंध में मकोका कोर्ट ने दोषी ठहराया था, लेकिन 18 साल बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि पुलिस द्वारा पेश किए गए 44,500 पन्नों के दस्तावेज़ों में से कोई भी दोष सिद्ध नहीं कर सका। इसी तरह गुजरात में 2001 में 127 मुस्लिम नागरिकों को एक प्रतिबंधित संगठन से संबंध के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जो 19 साल बाद बरी हुए थे। इसके अलावा ऐसे एकल मामलों की कमी नहीं है, जब अदालतों ने जांच एजेंसियों की कार्रवाई को अपर्याप्त मानते हुए आतंक के आरोपियों को बरी किया। मुस्लिम हितों की बात करने वाले मौलाना मदनी भूल गए कि यह वही सुप्रीम कोर्ट है, जिसने केंद्र सरकार के वक्फ बोर्ड कानून को ज्यों का त्यों लागू करने पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई। विशेष रूप से कोर्ट ने वक्फ बनाने के लिए कम से कम 5 साल तक इस्लाम का अनुयायी होने की शर्त और विवादित संपत्तियों के तुरंत वक्फ माने जाने पर रोक लगा दी। यह फैसला याचिकाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने और मामले में संतुलन बनाए रखने के लिए एक अंतरिम रोक है। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तलाक का कानूनी हक दिलाने वाले सुप्रीम कोर्ट को मौलाना मदनी भूल गए। मनमाने तरीके से तलाक की शिकार महिलाओं को उनका हक दिलाने की पहल किसी भी मौलवी–मौलाना ने कभी नहीं की। अकेले मौलाना मदनी ही नहीं राजनीतिक फायदे के लिए राजनीतिक दलों के नेता भी मुसलमानों के भले के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते रहे हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने लाल किले के सामने हुई ब्लास्ट पर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का गुस्सा अब लाल किले पर दिख रहा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**कुलपतियों के वार्षिक सम्मेलनों की शुरुआत भी राम नाईक ने की जिसके सकारात्क परिणाम हुए। चरैवेति चरैवेति में उन्होंने लिखा भी है कि आमजन के बीच रहना उन्हें अच्छा लगता है। लोकल ट्रेन आज भी उनकी मनपसंद सवारी है, क्योकि उसमें एक साथ बड़ी संख्या में लोगों से मुलाकात हो जाती है। राजभवन में 'राम नाईक' शीर्षक से अपना कार्यवृत्त जारी करते थे। इसकी शुरुआत भी उन्होंने मुम्बई से की थी। वह तीन बार विधायक और पांच बार लोकसभा सदस्य रहे। इस रूप में वह प्रतिवर्ष अपना कार्यवृत्त जारी करते थे। कुछ अवधि ऐसी भी थी जब वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। फिर भी समाजसेवा में उनकी सक्रियता कम नहीं हुई थी।**


# राम भाऊ से मिलती है चरैवेति की प्रेरणा



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**अड़सठ वर्ष के बाद प्रथम बार उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन, कुम्भ के पूर्व इलाहाबाद का पौराणिक नाम प्रयागराज करने का सुझाव, विधान सभा एवं नगरीय निकाय चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान वाले क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों का सम्मान, कुष्ठ पीड़ितों का गुजारा भत्ता बढ़ाने तथा उनके लिये पक्के आवास बनाने का सुझाव देना उनके अभूतपूर्व कार्यो में शामिल है।**

चरैवेति चरैवेति पूर्व राज्यपाल राम नाईक की चर्चित पुस्तक है। इसी के अनुरूप उनकी जीवन शैली है। चलते रहो, चलते रहो। नब्बे वर्ष की अवस्था में भी वह इसी सूक्ति पर अमल करते है। तीन बार विधानसभा और पांच बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले राम नाईक आज भी महाराष्ट्र में राम भाऊ के नाम से लोकप्रिय हैं। मुंबई के गोरेगांव स्थित उनके आवास पर मिलने और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। वह जब राज्यपाल थे, तब भी मुझे उनका स्नेह मुझे मिलता रहा। लोगों से मिलना और चर्चा करना उन्हें पसंद है। आज भी उनका वही स्वभाव है। मुंबई पहुंच कर मैंने विशाखा दीदी, निशिगंधा दीदी से फोन पर बात की। राम भाऊ से मिलने का समय मांगा। उन्होंने बताया कि भाऊ चाहते हैं कि आपकी अलग से समय दें। जिस समय वह अन्य लोगों से मिलते हैं, वह समय नहीं। जिससे आराम से बात हो सके। इससे लगा कि आज भी उनसे मिलने वालों का सिलसिला चलता रहता है। नियत समय पर मैं पहुंचा। वही आत्मीयता। यही प्रवृत्ति उन्हें विशिष्ट बनाती है। वह आज भी खाली नहीं बैठते है। चरैवेति चरैवेति की बात हुई। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में उनके राज्यपाल बनने के पहले के संस्मरण संग्रहित है। अब वह राज्यपाल के रूप में अपने संस्मरणों को पुस्तक रूप में प्रकाशित करना चाहते हैं। मुझे लगा कि उनका यही विचार ही चरैवेति चरैवेति है। मैंने उनको अपनी पुस्तक भव्य दिव्य महाकुंभ और राज्यपाल की संवैधानिक सक्रियता भेंट की। राम नाईक ने भी मुझे अपनी प्रसिद्ध पुस्तक चरैवेति चरैवेति राजभवन में राम नाईक लोकसभा में राम नाईक के अलावा जन नायक भेंट की। भव्य दिव्य महाकुंभ पुस्तक देख कर उन्होंने 2019 के प्रयागराज कुंभ का प्रसंग याद किया। उस समय वह उत्तर प्रदेश के राज्यपाल थे। तब उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इलाहाबाद का नाम बदल कर प्रयागराज करने का सुझाव दिया था। योगी आदित्यनाथ ने इस सुझाव को चरितार्थ किया था। राज्यपाल के रूप में राम नाईक के संस्मरणों की पुस्तक निश्चित ही विलक्षण होगी। राज्यपाल के रूप में उन्होंने अनेक अभिनव कार्य किए थे। भारत में लोकतंत्र है। लेकिन राजभवन की संरचना व स्वरूप राज्यपाल को लोक से दूर रखती है। राम नाईक ने उत्तर प्रदेश का राज्यपाल बनने के बाद कहा था कि वह राजभवन के द्वार आमजन के लिए खोलेंगे। यह कथन अप्रत्याशित था। यह धारणा नई थी। राम नाईक ने बाइस मई दो हजार चौदह को शपथ ली थी। इसके कुछ महीने बाद मेरे पास एक फोन आया। मैंने फोन उठाया। उधर से आवाज आई-मैं राम नाईक बोल रहा हूँ, आपका लेख देखा, ठीक लगा, मैंने सोचा आपसे बात करनी चाहिए। मेरे लिए यह अप्रत्याशित व अभूतपूर्व अनुभव था। इसके पहले मेरा राम नाईक ने न कोई परिचय था,ना कभी मुझे उनसे मिलने का अवसर मिला था।



**राज्यपाल के रूप में राम नाईक के संस्मरणों की पुस्तक निश्चित ही विलक्षण होगी। राज्यपाल के रूप में उन्होंने अनेक अभिनव कार्य किए थे। भारत में लोकतंत्र है। लेकिन राजभवन की संरचना व स्वरूप राज्यपाल को लोक से दूर रखती है।**

लेकिन इस प्रकरण ने उनकी राजनीतिक जीवन शैली को समझने का अवसर मिला। इसके बाद उनसे मिलने व मार्गदर्शन प्राप्त करने के अनेक अवसर मिले। राम नाईक की सक्रियता ने राज्यपाल पद की प्रचलित अवधारणा अवधारणा को बदल दिया था। अपने दायित्वों का उन्होंने संवैधानिक मर्यादा में रहते हुए बखूबी अंजाम दिया। कार्यशैली के मध्यम से प्रमाणित किया कि राज्यपाल का पद आराम के लिए नहीं है। वह राज्यपाल के पद को नया आयाम देने में सफल रहे। संविधान अथवा राजनीति शास्त्र की पुस्तकों में उनके इस रूप में किये गए कार्यो की चर्चा होगी। विद्यर्थियो को राज्यपाल के अधिकार व कर्तव्यों के विषय में बहुत कुछ जानकारी मिलेगी। उनके सुझाव से ही उत्तर प्रदेश ने पहली बार अपना स्थापना दिवस मनाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर अमल किया। इसे प्रदेश के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास से जोड़ दिया गया। इसके पहले नाईक राजभवन में महाराष्ट्र दिवस आयोजित कर चुके थे। लोकमान्य तिलक ने लखनऊ में ही स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार का ऐतिहासिक नारा दिया था। यह नारा सर्वप्रथम उन्होंने कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में दिया था। इस नारे को सभी लोग जानते हैं, लेकिन राम नाईक का ध्यान इसके शताब्दी वर्ष पर गया। इसे भव्यता के साथ मनाने का सुझाव भी राम नाईक ने दिया था। योगी आदित्यनाथ ने इस पर अमल किया। खासतौर पर युवावर्ग को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा मिलती है। उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह राजभवन में हुआ। ऐसा आयोजन करने वाला यह देश का पहला राजभवन था। राम नाईक ने विधानपरिषद के लिए मनोनीत होने वालों सदस्यों के संदर्भ में संविधान में उल्लिखित योग्यता को महत्व दिया था। यह भी एक नजीर के रूप में सदैव स्थापित रहेगा। इसी प्रकार लोकायुक्त की नियुक्ति में भी उन्होंने सजगतापूर्वक प्रक्रिया का पालन किया था। इसमें यह तय हुआ कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के विचार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उच्च शिक्षा में सुधार की दिशा में भी राम नाईक ने अनेक प्रयास किये थे। उनके निर्देशन में सभी विश्वविद्यालयों में सत्र नियमित किये गए। परीक्षा की गुणवत्ता कायम की गई। प्रत्येक विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित होने लगे। कुलपतियों के वार्षिक सम्मेलनों की शुरुआत भी राम नाईक ने की जिसके सकारात्क परिणाम हुए। चरैवेति चरैवेति में उन्होंने लिखा भी है कि आमजन के बीच रहना उन्हें अच्छा लगता है। लोकल ट्रेन आज भी उनकी मनपसंद सवारी है, क्योकि उसमें एक साथ बड़ी संख्या में लोगों से मुलाकात हो जाती है। राजभवन में 'राम नाईक' शीर्षक से अपना कार्यवृत्त जारी करते थे। इसकी शुरुआत भी उन्होंने मुम्बई से की थी। वह तीन बार विधायक और पांच बार लोकसभा सदस्य रहे। इस रूप में वह प्रतिवर्ष अपना कार्यवृत्त जारी करते थे। कुछ अवधि ऐसी भी थी जब वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। फिर भी समाजसेवा में उनकी सक्रियता कम नहीं हुई थी। इस रूप में भी वह आमजन के बीच अपना कार्यवृत्त रखते थे। उत्तर प्रदेश से पदम् पुरष्कृत महानुभावों को राजभवन में सम्मानित करने की शुरुआत राम नाईक ने ही की थी। कारगिल दिवस पर बिना पूर्व सूचना के उनके द्वारा लखनऊ मध्य कमान स्थित स्मृतिका जाकर कारगिल शहीदों को आदरांजलि देना तथा परमवीर चक्र से सम्मानित प्रदेश के वीर सैनिकों के भित्ति चित्रों का निर्माण करवाना, विधायक, सांसद, मंत्री एवं राज्यपाल रहते हुये अपना वार्षिक कार्यवृत्त प्रकाशित करना, डॉ आंबेडकर का सही नाम लिखना, लोकमान्य तिलक के अजर अमर उद्घोष स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितीया 09:25 तक |
| नक्षत्र: | मृगशिरा 08:48 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | शुभ, 11:46 |
| सूर्योदय: | 07:00 |
| सूर्यास्त: | 17:24 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 10:30-12:00 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 10:45-12:20 |

## जन एक्सप्रेस

**शुरू हो गया काम !**

*बौखलायी ममता ।*
*शुरू हो गया काम ।।*
*एसआइआर से ।*
*तय है काम तमाम ।?*
*शुद्धिकरण प्रक्रिया अब ।*
*पकड़ रही है जोर ।।*
*जो उड़ते घुसपैठिए ।*
*कटेंगी उनकी डोर ।।*
*है देखा बिहार ने ।*
*हुआ जो धमाका ।?।*
*डरे हुए वो सारे ।*
*जो मालिक और आका ।।*
*बार बार सबके ।*
*आ रहे बयान ।।*
*सबकी अपनी बात ।*
*सबका स्वाभिमान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में त्वचा को एक्सफोलिएट और पोषण देने के लिए घर पर बनाएं नेचुरल स्क्रब

**सर्दियों** में ज्यादातर लोग ड्राई स्किन की समस्या से परेशान रहते हैं। इसके कारण लोगों को स्किन में खुजली होने और त्वचा पर पपड़ी जमा होने जैसी कई समस्याएं होती हैं। ऐसे में स्किन को हाइड्रेट और हेल्दी रखने के लिए घर पर नेचुरल स्क्रब का बनाकर इस्तेमाल किया जा सकता है। स्किन के लिए सी-सॉल्ट और ऑलिव ऑयल फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आधा कप सी-सॉल्ट में 3 बड़े चम्मच ऑलिव ऑयल, कुछ बूंद लैवेंडर ऑयल जैसे एसेंशियल ऑयल को अच्छे से मिला लें। अब इसको नहाने से पहले इससे बॉडी पर हल्के हाथ से स्क्रब करें। इसके बाद स्किन को हल्के गुनगुने पानी से शरीर को धो लें। सी-सॉल्ट और ऑलिव ऑयल के स्क्रब का इस्तेमाल करने से सर्दियों में होने वाली स्किन की समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।



**स्किन को एक्सफोलिएट करे:** सी-सॉल्ट और ऑलिव ऑयल के स्क्रब का इस्तेमाल करने से स्किन को नेचुरल रूपे से एक्सफोलिएट करने से स्किन के डेड सेल्स को निकालने और सूखी पपड़ीदार त्वचा को निकालकर रिपेयर करने में मदद मिलती है।

**स्किन को हाइड्रेट करने:** इस नेचुरल स्क्रब का इस्तेमाल करने से स्किन को नेचुरल रूप से हाइड्रेट करने और त्वचा को गहराई से पोषण देने ड्राई स्किन की समस्या से बचाव करने और ड्राई स्किन के कारण होने वाली खुजली से राहत देने में मदद मिलती है। इससे स्किन हेल्दी रहती है।

**स्किन को सॉफ्ट बनाए:** ऑलिव ऑयल और सी-सॉल्ट के नेचुरल स्क्रब का इस्तेमाल करने से त्वचा के डेड सेल्स को निकालने, त्वचा को गहराई से पोषण देने, स्किन को हेल्दी, सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाने में भी मदद मिलती है।

**सूजन कम करे:** ऑलिव ऑयल में अच्छी मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण होते हैं। इसके स्क्रब का इस्तेमाल करने से सूजन को कम करने और स्किन की रेडनेस को कम करने में मदद मिलती है।

**सावधानियां:** सी-सॉल्ट और ऑलिव ऑयल का स्क्रब करने से किसी भी तरह की परेशानी होने पर इसका इस्तेमाल करने से बचें। इसके अलावा, स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**निष्कर्ष:** सर्दियों में स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए सी-सॉल्ट और ऑलिव ऑयल के स्क्रब का इस्तेमाल करना फायदेमंद होता है। इससे स्किन को नेचुरल रूप से हाइड्रेट करने, पोषण देने, एक्सफोलिएट करने, सूजन कम करने और स्किन को नेचुरली सॉफ्ट बनाए रखने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, इससे किसी भी तरह की परेशानी होने पर इसका इस्तेमाल न करें और स्किन से जुड़ी अधिक समस्या महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# जन भावनाओं को समझने की चुनौती



राजेंद्र बहादुर सिंह

**हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार लगातार जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के हुड्डा को व्यक्तिगत सफलता मिली पर पार्टी हारी। बिहार 2025 में एनडीए ने 202 सीटें जीतीं, तेजस्वी की आरजेडी को महज 25 सीटें मिलीं।**

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हालिया विधानसभा चुनावों में दिल्ली, हरियाणा और बिहार में मजबूत प्रदर्शन कर प्रमुख विपक्षी नेताओं अरविंद केजरीवाल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और तेजस्वी यादव को राजनीतिक रूप से कमजोर स्थिति में धकेल दिया है। 2025 के दिल्ली चुनाव में भाजपा ने 27 वर्षों बाद सत्ता हासिल की, जहां आम आदमी पार्टी (आप) की केजरीवाल सरकार को हटना पड़ा।**

**महाराष्ट्र,** हरियाणा और बिहार में विपक्षी दलों को चुनावी हार से कई महत्वपूर्ण सबक सीखने की जरूरत है, जबकि भाजपा को तीनों राज्यों की जीत ने नई ऊर्जा और राजनीतिक मजबूती प्रदान की है। महाराष्ट्र, हरियाणा, उड़ीसा के बाद बिहार में हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा-नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों की पुनः जीत विपक्ष के लिए चेतावनी के साथ आत्म मंथन है । हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने में भाजपा की सफलता ने दिखाया कि मजबूत संगठन, विकास के कामों का प्रचार प्रसार और जनसंपर्क अभियान कितने प्रभावी हो सकते हैं। वहीं महाराष्ट्र के चुनाव में भी भाजपा ने आदर्श गठबंधन के साथ मिलकर सत्ता मजबूत की। बिहार में 2025 के चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने रिकॉर्ड बहुमत हासिल किया, जबकि महागठबंधन और कांग्रेस जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टियों को बड़े झटके लगे। बिहार में भाजपा ने पहली बार सबसे अधिक सीटें जीतीं, वहीं प्रमुख विपक्षी दलों में अंतर्विरोध और रणनीतिक कमजोरियां सामने आईं। विपक्ष की हार से यह स्पष्ट हुआ कि नेता और पार्टी संगठन को जनभावनाओं को समझने और स्थानीय स्तर पर विकास के वादों को सच्चाई में बदलने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विपक्षी दलों के बीच असंगति, कमजोर जनसंपर्क और प्रभावी नेतृत्व की कमी ने उनके लिए बड़ी चुनौती खड़ी की। खासकर बिहार में महागठबंधन के अंदर मतभेद, सीट बंटवारे और एकजुटता में कमी ने उनकी हार को और गहरा किया। कांग्रेस का भी अलग-थलग प्रदर्शन विपक्ष को परिणामों पर गंभीरता से पुनर्विचार के लिए मजबूर करता है। इसके अलावा, विकास, रोजगार, महिलाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक न्याय जैसे प्रमुख मुद्दों पर विपक्ष को अपनी रणनीति खोजनी होगी। दूसरी ओर, इन राज्यों में भाजपा को मिली जीत ने पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा और विश्वास दिया है। लगातार मिली सफलताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत किया है और युवा कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं में प्रेरणा जगाई है। बिहार की जीत ने भाजपा और उसके नेतृत्व को यह स्पष्ट संदेश दिया कि विकास आधारित एजेंडा, मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क और कड़ी मेहनत के साथ ही विकासोन्मुख प्रतिस्पर्धा से ही जीत संभव है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भी पार्टी की जीत ने मोदी और शाह के नेतृत्व में राजनीतिक ताकत को सुदृढ़ किया है, जिससे भाजपा आने वाले वर्ष में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में अपने किले मजबूत करने की तैयारी कर रही है । भाजपा की इन सफलताओं का एक बड़ा कारण पार्टी का चुनावी रखरखाव में सटीक रणनीतियों का होना है। पार्टी ने सामाजिक एवं आर्थिक विकास को चुनावी मुद्दा बनाया और विपक्ष की कमजोरियों का फायदा उठाया। तकनीकी और डिजिटल चुनाव प्रचार के जरिये व्यापक जनसंपर्क किया गया। स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करने के साथ-साथ जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को भांपकर वोट बैंक की सघन पैमाने पर पहचान की गई। इसके विपरीत विपक्षी दलों की रणनीति में विसंगति एवं संगठनात्मक कमजोरी नतीजों पर भारी पड़ी।अंत में, महाराष्ट्र, हरियाणा और फिर बिहार की हार से विपक्ष को अपनी अंदरूनी असहमति, कमजोर जनसंपर्क एवं प्रभावशाली नेतृत्व की कमी जैसी कमियों को दूर करने की जरूरत है।उत्तर प्रदेश में भी सपा के मुखिया अखिलेश यादव आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने के लिए कमर कस रहे हैं। यूपी विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लक्ष्य को लेकर बीजेपी का आत्मविश्वास चरम पर है। लेकिन समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दल भी अपने-अपने इलाकों में लोगों से जुड़ने और वोट बैंक मजबूत करने के लिए रणनीति बनाने में लगे हुए हैं। दलीय गठबंधन के फायदे और नुकसान पर चिंतन जारी है विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह बीजेपी की लोकप्रियता और विकास-अभियानों के सामने अपनी प्रासंगिकता आम जनता के सामने साबित करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# सीमा सुरक्षा व्यवस्था का महापरीक्षण

## बीएसएफ महानिरीक्षक अमित कुमार ने पीलीभीत सेक्टर का किया निरीक्षण

- सीमा चौकियों की सुरक्षा तैयारियों का जायजा, जवानों से सीधे संवाद कर बढ़ाया मनोबल





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक अमित कुमार ने 02 से 05 दिसम्बर 2025 तक पीलीभीत सेक्टर का आधिकारिक दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय मुख्यालय, सीमा चौकियों और परिसर की सुरक्षा तैयारियों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिन में विभिन्न सीमा चौकियों का मुआयना किया और रात में भी कई स्थानों पर रात्रि विश्राम कर सीमा पर तैनात जवानों से संवाद स्थापित किया।

### मुख्यालय पहुंचने पर हुआ औपचारिक स्वागत

महानिरीक्षक अमित कुमार के पीलीभीत पहुंचने पर उप महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा और अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

### ग्रीन कॉरिडोर पहल के तहत किया पौधारोपण

निरीक्षण के बाद महानिरीक्षक ने मुख्यालय परिसर में ग्रीन कॉरिडोर पहल के तहत पौधारोपण किया। इसके पश्चात उन्होंने नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन भी किया। उप महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने,क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और उपलब्धियों पर विस्तृत पॉवर पॉइंट प्रस्तुति दी।

प्रस्तुति के बाद महानिरीक्षक ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सतर्कता, पेशेवर दबदबा तथा उच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए।

### जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए किया भोजन

महानिरीक्षक ने विभिन्न स्थानों पर जवानों के साथ भोजन कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने।

उन्होंने अधिकारियों को जवानों के हितों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

### अंतर-विभागीय समन्वय को मिली गति

मुख्यालय में आयोजित बैठक में एसएसबी पीलीभीत के अधिकारियों, सीमावर्ती थानों के पुलिस अधिकारियों और अन्य एजेंसियों के साथ भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सीमा की सुरक्षा, वर्तमान चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर व्यापक चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, इस दौरे से न केवल अंतर- विभागीय समन्वय मजबूत हुआ बल्कि पीलीभीत सेक्टर में तैनात बलों का मनोबल भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।

# बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की औपचारिक मुलाकात

- क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए रखा प्रस्ताव, मुख्यमंत्री ने दिया जल्द क्रियान्वयन का आश्वासन



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण एवं जर्जर सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण और मरम्मत से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। विधायक ने बताया कि बरखेड़ा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण तथा कस्बाई क्षेत्रों में कई मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में हैं, जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र की बड़ी आबादी सड़क मार्गों पर निर्भर है और समय रहते इन मार्गों के निर्माण व सुधार से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और कृषि गतिविधियों में भी गति आएगी। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों का उल्लेख किया जहाँ सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं और बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इन मार्गों के लिए एक समग्र योजना तैयार कर तत्काल निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक द्वारा प्रस्तुत मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा के लिए आवश्यक सड़क निर्माण योजनाओं को जल्द ही न केवल स्वीकृत किया जाएगा, बल्कि समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात भी कही।विधायक की इस पहल से क्षेत्रवासियों में सड़क निर्माण को लेकर नई उम्मीद जगी है।

लोगों का मानना है कि यदि प्रस्तावित सड़कें बन जाती हैं, तो क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। स्थानीय निवासियों, किसानों और व्यापारियों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य शुरू होते नजर आएंगे।

# बाइक सवार की मौत से मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

गुरुवार देर शाम आसाम हाईवे पर हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। हॉस्पिटल से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा युवक पहले सड़क पार करते सियार से टकराया, फिर सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हैरत की बात यह कि पूरी घटना मेडिकेयर हॉस्पिटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ-साफ कैद हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार शर्मा (निवासी-काकोरी गांव, थाना मैलानी, जिला खीरी) के रूप में हुई है। पवन सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा में स्थित फिरोज हॉस्पिटल में कंपाउंडर के पद पर कार्यरत थे। रोज की तरह गुरुवार रात भी वह अपनी बाइक से हॉस्पिटल से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह कजरी-निरंजनपुर स्थित मेडिकेयर हॉस्पिटल के सामने पहुंचे, अचानक सामने आए सियार से बाइक टकरा गई। टक्कर की तेज आवाज के साथ पवन सड़क पर गिर पड़े और उनकी बाइक फिसलकर किनारे लुढ़क गई। तभी कुछ ही सेकंड बाद पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पर गिर चुके पवन को बेरहमी से रौंद दिया। कार चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। पास के हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी फुटेज में पूरा हादसा रिकॉर्ड हो गया हैं। बाइक का सियार से टकराना, युवक का सड़क पर गिरना और फिर कार का उसे कुचलते हुए आगे निकल जाना। फुटेज सामने आने के बाद घटना की पुष्टि और भी स्पष्ट हो गई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार के लोग बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे। गम और गुस्से से भरे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि यह स्पष्ट रूप से सड़क दुर्घटना का मामला है। परिजनों के पोस्टमार्टम न कराने के निर्णय के बाद विधिक प्रक्रिया के तहत पंचनामा भरकर शव परिवार को सौंप दिया गया है। पुलिस फरार कार और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद काकोरी गांव और पूरे इलाके में शोक व्याप्त है। परिवार में मातम पसरा है और हर कोई इस दर्दनाक हादसे को लेकर गहरा दुःख व्यक्त कर रहा है।

# बिजली उपभोक्ताओं को ओटीएस के माध्यम से मिलेगी राहत सरचार्ज माफ

### पहली बार मूलधन में भी अधिकतम 25त्न की छूट



> बिजली चोरी के मामलों में राजस्व निर्धारण राशि के मामलों में प्रथम चरण में राजस्व निर्धारण में 50त्न द्वितीय मे 45त्न एवं तृतीय चरण में 40त्न की छूट मिलेगी ।क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर यह है कि इस बार ओटीएस में पहली बार न केवल बकाया लगने वाला ब्याज यानी सरचार्ज माफ किया जाएगा बल्कि बकाया मूलधन में भी राहत दी जाएगी पहली दिसंबर से योजना शुरू होकर अगले वर्ष फरवरी तक चलेगी।
> **रविंद्र कुमार अधिशाषी अभियंता।**

**योजना से इन्हें मिलेगा लाभ**

- दो किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को।
- एक किलोवॉट के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को।

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

उत्तर प्रदेश में लंबे समय से बिजली के बकाया बिलों की वसूली के लिए माननीय ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा जी ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की घोषणा की है यह योजना एक दिसंबर से शुरू होकर तीन चरणों में रहेगी खास बात यह है कि पहली बार न केवल बकाया लगने वाला ब्याज यानी सरचार्ज माफ किया जाएगा बल्कि बकाया मूलधन में भी राहत दी जाएगी। ओटीएस को बिजली बिल राहत योजना-2025 बताते हुए अधिशाषी अभियंता रवींद्र कुमार ने जानकारी साझा की।

रविंद्र कुमार ने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी, जिसका पहला चरण एक दिसंबर से, दूसरा चरण एक जनवरी से और तीसरा चरण एक फरवरी से लागू होगा। ओटीएस के लाभ भी तीन चरणों में रहेगा उन्होंने कहा कि यह योजना जनता के लिए सरकार का उपहार है और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहल है। सरकार की मंशा है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने। योजना से जहां सरकारी खजाने में राजस्व का इजाफा होगा, वहीं घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। ब्याज में 100त्न और मूलधन में 25त्न की मिलेगी छूटरविंद्र कुमार के अनुसार योजना के तहत अगर कोई उपभोक्ता अपना बकाया बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ-साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। मूलधन में यह छूट हर चरण में अलग-अलग होगी। पहले चरण में 25त्न, दूसरे चरण में 20त्न प्रतिशत और तीसरे चरण में 15त्न प्रतिशत जो उपभोक्ता दिसंबर माह में पंजीकरण कर भुगतान करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। अधिशाषी अभियंता रवींद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे योजना का लाभ पहले ही चरण में लेकर ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ उठाए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता रविन्द्र कुमार यादव व स्टाफ की मौजूदगी रही साथ ही दौलतापुर लोधपुरवा बम्बहनपुर खैरानी दुबहा दुर्गापुरवा नंदपुरा सहित दर्जनों गांवों में कैम्प के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# ऑनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध जताते ग्राम सेवक



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने 10 सूत्री मांग पत्र उच्च अधिकारियों को भेजा है। पंचायती अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सौरभ प्रकाश सिंह, मोहित मिश्रा, धीरज राणा, राहुल राज, रोली शुक्ला, महिमा गुप्ता सौरभ चौधरी समेत सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्य सचिव पंचायती राज, प्रमुख सचिव ग्राम विकास,आयुक्त ग्राम विकास और निदेशक पंचायती राज को मांग पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने शान द्वारा निर्धारित कार्य में प्रणाली प्रबंधन आवारा पशु को पकड़वाने समय तमाम कार्यों में लगाए जाने और कई ग्राम सभाओं का कार्यभार दिए जाने से कार्य अधिकता होने के चलते ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग कर रहे हैं।

धरना स्थल पर बैठकर प्रदर्शन करने से तमाम विकास कार्य अवरुद्ध हो रहे हैं जिसके चलते लोग खासे परेशान हैं।

# गन्ना लदा ट्रक पलटा

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

निघासन-पालिया स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को एक गन्ना लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हुई। हादसे में ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि बाइक सवार भी सुरक्षित रहा। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर निघासन के दुबहा गन्ना सेंटर से ट्रक गन्ना लादकर पलिया की चीनी मिल जा रहा था। खैरहनी मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के पास अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया।टक्कर से बचने के लिए चालक ने ट्रक को मोड़ा।

इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के पलटते ही हाईवे पर भीड़ जमा हो गई।हादसे के बाद सड़क पर गन्ने का ढेर बिखर गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात बाधित रहा। बाद में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से यातायात सामान्य कराया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कीचड़ में धंसी उम्मीद पर बबलू मांझी ने संभाली कमान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी मार्ग पर कई दिनों से जमा –पानी और कीचड़ ने पूरे इलाके न की रफ्तार रोक दी थी। नदी र किनारे बने इस रास्ते पर हालत ऐसी थी कि ग्रामीणों, मजदूरों, स्कूली बच्चों और बाइक र सवारों तक का गुजरना मुश्किल हो गया था। हर दिन न लोग फिसलन और गड्ढों से 1 जूझते रहे, लेकिन रास्ता सुधरने का कोई उपाय नजर नहीं आ रहा था। गुरुवार । दोपहर करीब 12 बजे धनाराघाट पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने हालात बिगड़ते देख खुद पहल की। उन्होंने ट्रैक्टर मंगवाकर कराह लगवाया और पूरे मार्ग पर मिट्टी डलवाने का काम शुरू कराया। थोड़ी ही देर में सड़क समतल होने लगी और जहां पानी भरा था, वहां रास्ता फिर से चलने लायक बन गया। काम पूरा होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। कई ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई दिनों से रास्ता जैसे बंद–सा हो गया था, लेकिन आज की यह त्वरित पहल उनके लिए बड़ी राहत बनकर आई है। स्थानीय लोगों ने मुंशी बबलू माझी का आभार जताते हुए कहा कि समय रहते कदम न उठाया जाता तो यह मार्ग और कई दिनों तक मुश्किलें बढ़ाता रहता। अब सड़क सुधरने से पैदल यात्रियों से लेकर वाहनों तक सभी का आवागमन फिर पटरी पर लौट आया है।

### तमंचा लहराने के मामले में युवक को जेल भेजा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तालाब से वापस घर लौट रहे युवक के कान पर तमंचा लगा दिया। इसके बाद मारा पीटा। तमंचा हवा में लहराया। जिसका वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने युवक को जेल भेजा है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई टांडा निवासी विनोद कुमार बुधवार गांव के बाहर स्थित तालाब पर गया था। देर शाम करीव आठ बजे वह अपने घर वापस लौट रहा था। गांव निवासी कृष्ण पाल बीच रास्ते खड़ा हुआ था। जब उसने रास्ते से हटाने के लिए कहा तो आरोप है कि कृष्ण पाल ने उसके साथ गाली–गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर गला पकड़ कर मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके कान पर देसी तमंचा लगा दिया। इसके बाद उसको वहरेमी से मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। तमंचा लहराने का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें युवक तमंचा दिखाई साफ दिखाई दे रहा है। वीडीओ सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामले की पुलिस की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### महुआ गुन्दे मे खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रोता

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** क्षेत्र के ग्राम महुआ गुन्दे में बुधबार को खाटूश्याम जन्मोत्सव एवं जागरण का का हुआ भब्य और दिव्य आयोजन बृहस्पतिवार को का हुआ विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन श्याम शाखा मण्डल महुआ गुन्दे व क्षेत्रीय सहयोग से हुआ कार्यक्रम मे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिओ ने और समाजसेवीओ ने कार्यक्रम मे आकर भव्य कार्यक्रम की श्याम शखा मण्डल को बधाई व शुभकामनायें दि आगे भी भब्य कार्यक्रम करने की अपील की कार्यक्रम मे शर्मा सिस्टरस द्वारा श्याम भजनो से श्रद्धांलुओं का मन मोह लिया भक्ति संगीत की सुरमयी संध्या में विशेष आकर्षण्का केंद्र बनी प्रसिद्ध श्री श्याम भजन गायिका शर्मा सिस्टर्स कानपुर सुरमयी स्वर साधिका,सोनम सक्सेना झांसी अपनी मधुर वाणी से श्याम नाम की अमृतधारा बहायी भजनों की अनुपम प्रस्तुतियां की अंकित शर्मा बरेली समृद्धि शर्मा बरेली चांदनी म्यूज़िशियन ग्रुप बरेली विकास शर्मा शाहजंहापुर झांकी ग्रुप अनिल अलबेला अपनी सुन्दर झाकियों से भक्तो का मन मोह लिया। छप्पन भोग पुष्प वर्षा इत्र वर्षा,भक्ति संगीत, नृत्य और श्याम भजनों की अमृत वर्षा हुई श्याम सखा मण्डल के द्वारा घर घर बांटा जा रहा।

# धान खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता पर जोर– 4,862 किसानों से लिया फीडबैक

## कमियां मिलने पर लगातार हो रही कार्रवाई सभी क्रय केंद्रों की होगी शत-प्रतिशत वीडियोग्राफी, राइस मिलों पर भी कसा शिकंजा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। नियंत्रक कक्ष (कंट्रोल रूम) द्वारा अब तक 4,862 किसानों से फोन पर संपर्क कर फीडबैक लिया गया है। किसानों द्वारा बताए गए तथ्यों के आधार पर संबंधित केंद्र प्रभारियों और संस्थाओं पर कार्रवाई की जा रही है। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं जिला खरीद अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि अब तक 11,669 किसानों से 88,553.10 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों को 16,840 लाख रुपये भुगतान किया गया है, जो कुल खरीद का 89 प्रतिशत है। लगभग 95 प्रतिशत किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान मिल रहा है। जिन किसानों की एनपीसीआई मैपिंग नहीं है, उन्हें बैंक भेजकर मैपिंग कराई जा रही है ताकि भुगतान पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से समय पर हो सके।

### धान खरीद में प्रमुख व्यवस्थाएँ

सभी धान क्रय केंद्रों पर शत-प्रतिशत वीडियोग्राफी की जाएगी,केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों का कंट्रोल रूम सत्यापन अनिवार्य किया गया है,जिले में 1 हजार गांठ (5 लाख बोरे) उपलब्ध हैं, बोरे की कोई कमी नहीं है। सभी क्रय संस्थाओं के पास भुगतान के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है।

### निरीक्षण में मिली कमियों पर बड़ी कार्रवाई

जिले और तहसील स्तर पर लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक मिली अनियमितताओं पर निम्नलिखित कार्रवाई की गई।

पूरनपुर तहसील में एक बिचौलिये पर एफआईआर दर्ज, 51 केंद्र प्रभारियों का एक दिन का वेतन रोका गया। पीसीयू/ पीसीएफ/ यूपीएसएस के जिला प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी 06 केंद्र प्रभारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि एवं कठोर कार्रवाई हेतु संस्तुति भेजी गई।खाद्य विभाग के 04 केंद्र प्रभारियों को ऑनलाइन उपस्थिति न दर्ज करने पर नोटिस।

जिला प्रबंधकों को 08 कारण बताओ नोटिस जारी। घुंघचैया समिति परिसर केंद्र पर बिचौलियों द्वारा खरीद पाई गई, जिस पर केंद्र प्रभारी ऋषिकांत और सचिव सहदुल साजुद्दीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई।

कंट्रोल रूम/टोल फ्री/जनसुनवाई पोर्टल पर मिली 400 शिकायतों में से 348 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। जिन राइस मिलों ने क्रय केंद्रों से एग्रीमेंट नहीं किया है, या एफआरके का ऑर्डर नहीं दिया है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समय पर संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई होगी।

### किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देश

कोई भी किसान मानक के अनुरूप ही धान लेकर आए। धान रिजेक्ट करने से पहले किसान को धान सुखाने का मौका दिया जाए रिजेक्शन की स्थिति में दो गवाहों की मौजूदगी में सैंपल सील कर किसान को उसकी प्रति दी जाए। किसान चाहें तो तहसील व जिला स्तरीय समितियों में अपील कर पुनः गुणवत्ता परीक्षण करा सकते हैं।

अब तक 30,142 किसानों का पंजीकरण, जिसमें से 77 प्रतिशत का सत्यापन पूरा। हर बोरे पर स्टेंसिल लगाना अनिवार्य; बिना स्टेंसिल के बोरा मिलने पर यह माना जाएगा कि धान मानक प्रक्रिया के विरुद्ध खरीदा गया है। केंद्रों पर ट्रॉली लाइन लगने पर धान की तुलाई टोकन व्यवस्था से ही कराई जाए।

सभी राइस मिलें अपने-अपने क्रय केंद्रों के साथ अनुबंध तुरंत उपलब्ध कराएं, अन्यथा नीति के अनुसार 5 वर्ष तक ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी खरीद प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑटोमेटेड है और भुगतान तथा मिलों के संबद्धीकरण में किसी भी प्रकार का मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे बिना किसी दबाव के क्रय केंद्रों पर पहुंचे और किसी भी समस्या, धन की मांग या अनियमितता की शिकायत तुरंत कंट्रोल रूम में दर्ज कराएं ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत

## व्यापक सफाई अभियान का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सशस्त्र सीमा बल की 70वीं वाहिनी, लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एफ समवाय रमपुरवा त्र्रा के ग्राम-फकीरपुरी स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा डी समवाय बरसोला के ग्राम-बरसोला कला में व्यापक एवं प्रभावी स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर, कक्षाओं के आसपास, खेल मैदान, मार्गों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जमा कचरे को हटाया गया। समवाय कर्मियों ने गाँव की गलियों में स्वच्छता रैली भी निकाली और बच्चों एवं ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम के दौरान वाईब्रेंट व्हिलेज फ़क़ीरपूरी एवं बरसोला कला में सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने झाड़ू लगाकर, कूड़ा एकत्रित कर तथा आस-पास की झाड़ियों की कटाई कर स्वच्छता का वास्तविक संदेश दिया। साथ ही लोगों को खुले में कचरा न फेंकने, गंदे पानी को इधर-उधर न बहाने, प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले नुकसान तथा रोजमर्रा की स्वच्छता आदतों के बारे में विस्तार से समझाया गया। एफ एवं डी समवाय के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए बताया कि स्वच्छता मात्र एक अभियान नहीं बल्कि अपने राष्ट्र को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने हेतु सतत सामाजिक जिम्मेदारी है। सशस्त्र सीमा बल का उद्देश्य सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ सीमांत क्षेत्रों में सामाजिक विकास, स्वास्थ्य संरक्षण और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। इस अवसर पर 70वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी, श्री मुकेश कुमार गौतम ने संदेश दिया कि स्वच्छता को आदत रूप में ढाले और हम रोजमर्रा के जीवन में शामिल कर लें, तो न केवल हमारा वातावरण स्वच्छ होगा, बल्कि आगामी पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित होगा। जी कि हमारा मजबूत समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अन्यंत आवश्यक है। स्स्क्ब समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर ऐसी जनहितकारी गतिविधियों को आगे भी निरंतर जारी रखेगी। अभियान में स्थानीय ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और स्स्क्ब के प्रयासों की सराहना की। इस संयुक्त पहल ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता को नए स्तर तक पहुँचाया। 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का यह प्रयास समाज और बल के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक मजबूत बनाता है तथा सामुदायिक विकास को दिशा प्रदान करता है।

### दून स्कूल में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** दून पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमेंस्कूल के वाहन चालक और बाइक स्कूटी से आने वाले छात्र–छात्राओं को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए जानकारी दी गई है। कार्यक्रम का संचालन विमल अवस्थी ने किया है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्कूल आने वाले छात्र–छात्राओं के अभिभावकों की समस्याओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के वाहन चालक और मोपेड से आने वाले छात्र–छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रबंधक डॉ गुरमेज़र सिंह ने शीतकालीन समय में अभिभावकों से बच्चों को मोपेड न देने के साथ स्वयं विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। छात्र–छात्राओं से सड़क पर तेज गति से दौड़ रहे वाहनों से बचाव क्यों लेकर गाइडलाइन का अनुपालन करने के साथ हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस रखने की बात कही है वही विद्यालय के वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने के साथ सभी वाहनों पर रेडियम प्लेट लगाकर चलाने की बात कही है।

# ग्राम सचिवालय का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश
# कान्हा गौशाला बघराई का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

■ सीडीओ ने ग्रामीण चौपाल में आमजन मानस की सुनी जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस। बी जी मिश्र



**हरदोई।** शासन के निर्देशों के क्रम में सीडीओ सान्या छाबड़ा ने विकास खण्ड सांडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बघराई में आयोजित ग्रामीण चौपाल में जन सामान्य की समस्याओं का निस्तारण किया गया।तथा ग्राम सचिवालय व कान्हा गौशाला का निरीक्षण भी किया। ग्रामीण चौपाल में वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि,राशन कार्ड में नवीन यूनिट जोड़े जाने, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने एवं व्यक्तिगत शौचालय उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी। मौके पर उपस्थित एडीओ एवं एडीओ,कृषि को पेंशन एवं किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का डाटा चेक करके कमियॉ दूर कराने एवं अनुपालन से अवगत कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही पूर्ति निरीक्षक को पात्र लाभार्थियों के नये यूनिट जोड़ने एवं आवश्यकतानुसार नये राशन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया।व्यक्तिगत शौचालय की मांग करने पर मौके पर उपस्थित पंचायत सहायक रजनीश कुमार एवं ग्राम पंचायत सचिव नन्दनी गुप्ता को एक सप्ताह में सर्वे करके शौचालय विहीन परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये ।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकार द्वारा ग्रामीण चौपाल में अवगत कराया गया कि पशु पालकों को किसी भी चिकित्सा की आवश्यकता होने पर 1962 पर डायल करके चिकित्सा सुविधा प्राप्त की जा सकती है। ग्रामीण चौपाल में पोषाहार वितरण,राशन वितरण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में जनसामान्य को प्राप्त होने वाले लाभ का फीडबैक लिया गया। ग्रामीण चौपाल में बीडीओ साण्डी सुश्री काजल,सीएचसी अधीक्षक डा0 अखिलेश बाजपेई,प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेन्द्र चौधरी,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0के0 सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 पुष्पेन्द्र सिंह के साथ ही कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग,राजस्व विभाग,जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी,ग्राम प्रधान श्री विमलेश कुमार एवं ग्राम पंचायत सचिव नन्दनी गुप्ता व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवालय का किया निरीक्षण

सीडीओ ने ग्राम सचिवालय का निरीक्षण किया। सचिवालय का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण कराया गया है,परन्तु प्रकाश व्यवस्था की कमी पायी गयी साथ ही सचिवालय में रखी आलमारी को बदलवाये जाने अथवा ठीक कराये जाने एवं पुरानी खिड़की के स्थान पर नई खिड़की लगवाने के साथ ही छूटे हुए स्थल पर टाइल्स लगवाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिये गये।कान्हा गौशाला में निरीक्षण के दौरान मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 495 गौवंश संरक्षित हैं। गौशाला में उपलब्ध टैगिंग रस्टिर, ट्रीटमेन्ट रजिस्टर, वैक्सीनेशन रजिस्टर एवं निरीक्षण पंजिका का निरीक्षण किया गया।गौशाला में भूसाघर,पेयजल एवं शेड का निरीक्षण किया गया। गौशाला में बनाये गये डिबाइडर टूट गये थे,जिन्हें ठीक कराये जाने की आवश्यकता है साथ ही नवजात एवं वृद्ध गौवंशों को पृथक रखने हेतु शेड बना है, परन्तु जाली लगवाने एवं उक्त व्यवस्था ठीक कराये जाने की आवश्यकता है। गौशाला में सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान दिये जाने एवं फर्श ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# एसआईआर कार्य पूर्ण करने वाले 95 बीएलओ को एसडीएम ने सम्मानित किया



जन एक्सप्रेस। शाहाबाद

शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत एस आई आर का कार्य पूरा करने वाले बीएलओ को एसडीएम ने सम्मानित कर अंग वस्त्र भेंट किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र एस आई आर का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा था। इस कार्य के लिए विधानसभा क्षेत्र में 412 बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शुक्रवार को दोपहर 3ः00 बजे तहसील सभागार में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 95 दिन बीएलओ को एसडीएम अंकित तिवारी ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी ने कहा कोई भी कार्य हो वह मेहनत और लगन से पूर्ण किया जा सकता है। यह बात एस आई आर के कार्य में लगे 95 बीएलओ ने साबित कर दी। उन्होंने कहा मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। माना कि तय समय में एस आई आर का कार्य करना कठिन कार्य था लेकिन जिस तरह से इन बीएलओ ने कार्य किया है वह सराहनीय है । एसडीएम अंकित तिवारी ने शेष अन्य बीएलओ से शत प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ से सीख लेने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार संध्या यादव, नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा सहित समस्त राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

## सड़क पार कर रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर,दो लोग घायल

**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के रूपापुर पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल सड़क पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी।जिससे बाइक चालक सहित दो लोग घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सवायजपुर में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के रम्पुरा खम्हरिया गांव निवासी अभिषेक बीते गुरुवार को अपनी बाइक की सर्विस कराने रूपापुर गया था। सर्विस कराने के बाद शाम को जब वह वापस अपने घर लौट रहा था उसी समय कटरा विल्हौर हाइबे पर पेट्रोल पंप के पास एक युवक अचानक सड़क पार कर रहा था।जिसको बाइक सवार अभिजहेक नही देख सका और बाइक से युवक की जबरदस्त टक्कर हो गयी।इस घटना में बाइक चालक व युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही रूपापुर पुलिस चौकी इंचार्ज शिव शंकर मिश्रा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनो घायलों को सीएचसी सवायजपुर में भर्ती कराया।

# जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 47 जनशिकायतें



जन एक्सप्रेस। हरदोई

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 47 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 01 व्यक्ति पारिवारिक लाभ योजना, एक दिव्यांग पेंशन तथा 01 लाभार्थी को राशन कार्ड लाभ योजना से जोड़ा गया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ग्राम सचिवों ने दिया धरना

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद



शाहाबाद।उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ/ उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत सचिव धरना पर बैठ कर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते दिखे। ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को पूर्ण के लिए ब्लॉक शाहाबाद में शान्ति पूर्वक धरना दिया और शासन से अपनी मांगों को जल्द से जल्द से पूर्ण की अपील की। संगठन के नेताओं का कहनाहै कि ग्राम पंचायत सचिवों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जो दबाव बनाया जा रहा है वो दबाव अन्य विभागों के कर्मियों पर भी बनाया जाए कि वह भी ग्राम पंचायत पर अपनी ऑनलाइन स्थिति दर्ज कराएं अन्यथा सभी ग्राम पंचायत सचिव प्रांतीय आवाह्न पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हड़ताल करने पर विवश होगे।इस मौके पर मोहित पाठक,सुबोध गुप्ता,नितान्त रस्तोगी, अफ्फान फारुख, मोहम्मद साजिद,इकलाख सिद्दीकी,विकास त्रिपाठी,विजय सिंह,सुनील पाल,अमर सिंह,मनोहर लाल,अंकित कुमार,ज्ञानेन्द्र सिंह, हर्षित सिंह उपस्थित रहे।

## सीएचसी में जेब कतरों ने तीन मरीजों की काटी जेब

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद सीएचसी कैंपस में शुक्रवार को दवा लेने आए तीन मरीजों की जेब पर जेब कतरों ने हाथ साफ कर दिया। बेटी की दवा लेने आया एक ग्रामीण फूट फूट कर रोता रहा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है हालांकि पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा है जिससे पूछताछ की जा रही है। जेब कटने की घटनाओं से हड़कंप मच गया। ग्राम सकरौली निवासी रामप्रताप पुत्र सियाराम अपनी बेटी की टीबी की दवा लेने आया था,तभी भीड़ का फायदा उठाकर जेब में रखे 2600 रुपए जेबकतरे उड़ा ले गए। मगियावां निवासी मनीष कुमार पुत्र रामौतार अपनी दादी की दवा लेने आया था जेबकतरों ने उसकी जेब से 200 रुपए उड़ा दिये। निरंकार पुत्र राजाराम खांसी की दवा लेने आया था, जेबकतरों ने उनकी जेब काटखर 410 रुपए पर हाथ साफ कर दिए।

# जिला जज ने डीएम व एसपी के साथ किया जिला कारागार का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। हरदोई

जिला जज श्रीमती रीता कौशिक,डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा ने सयुंक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनकी शिकायतों को समय से निस्तारित कराने का सम्बन्धित को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बैरिक व पुरूष बैरिक का निरीक्षण किया। मा जिला जज ने बच्चों को अल्पाहार व खाद्यय प्रदान की। इस अवसर पर डीएम अनुनय झा,एसपी अशोक कुमार मीणा,सीएमओ, बीएसए, अधीक्षक कारागार व प्रभारी जिला सूचना अधिकारी अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कोंच ब्लॉक में सचिवों ने काली पट्टी बांधकर दिया सांकेतिक धरना

जन एक्सप्रेस। कोंच (जालौन)



विकास खंड कोंच में कार्यालय परिसर में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण धरना दिया। सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी थोपे जाने से शासकीय कार्यों के निष्पादन में बाधा उत्पन्न होगी और फील्ड में लगातार रहकर कार्य करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सचिवों पर अन्य विभागों के दायित्व थोपे जाने से उनकी मुख्य जिम्मेदारियां प्रभावित होती हैं। यदि अतिरिक्त कार्यभार समाप्त हो जाए, तभी वे अपने विभागीय कामकाज को कुशलता से पूरा कर सकेंगे।

धरने के दौरान सचिवों ने विकास खंड कार्यालय परिसर में फर्श पर बैठकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उनके संगठन के बैनर तले पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सचिवों ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी की बाध्यता केवल दबाव बनाती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार नेटवर्क समस्याओं के कारण उपस्थिति दर्ज करना संभव नहीं हो पाता। इसी सिलसिले में सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन बीडीओ कोंच प्रशांत कुमार को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को वापस लेने की मांग की और अन्य विभागों के अतिरिक्त कार्यों से मुक्त किए जाने की बात कही। सचिवों ने यह भी उल्लेख किया कि शासकीय कार्यों को वे पूरी जिम्मेदारी से जारी रखेंगे, लेकिन अनावश्यक दबाव और अतिरिक्त कार्यों के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सचिवों ने ज्ञापन में यह चेतावनी भी दी कि अब उनके निजी मोबाइल नंबरों पर बनाए गए सभी शासकीय एवं विकासखंड स्तरीय व्हाट्सऐप ग्रुप वे छोड़ देंगे। उनका कहना है कि लगातार निर्देश और अतिरिक्त कार्य इन्हीं ग्रुपों के माध्यम से थोपे जाते हैं, जिससे नियमित पंचायत संबंधी कार्य प्रभावित होते हैं। धरने के दौरान सचिवों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक विरोध चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनुज गुप्ता, हेमन्त कुमार, सूरज भान पटेल, वसीम खान, शिल्पी राजपूत, आकांक्षा दीक्षित, नीता राठौर, नरेंद्र पटेल, हर्षित गुप्ता पवन सिंह, राणा इंद्रजीत सिंह, आदि सचिव मौजूद रहे।

## माँ के भरोसे से लेकर शिशु के स्नेह तक हिमालया बेबीकेयर

**आगरा।** हिमालया बेबीकेयर ने लव्ड बाई बेबीज ब्रांड के रूप में अपनी अर्ग्रणी स्थिति का जश्न मनाते एक नए दिल को छूने वाले कैंपेन की शुरुआत की है, जिसमें शिशुओं को कहानी के केंद्र में रखा गया है। प्रिस्क्राइब्ड बाई डाक्टर्स, ट्रस्टेड बाई मॉम्स और लव्ड बाई बेबीज़ शीर्षक वाला यह कैंपेन ब्रांड की उस अनूठी ताकत को उजागर करता है जो इसे शिशुओं द्वारा प्रिय, माताओं द्वारा भरोसेमंद और डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित बनाती है।

विश्वास की इस मजबूत नींव पर निर्मित यह कैंपेन एक मनमोहक और भावनात्मक रूप से जुड़ाव भरी कहानी के माध्यम से, इस श्रेणी में हिमालया बेबीकेयर की अग्रणी स्थिति की पुष्टि करता है। यह शिशुओं की मासूम लेकिन प्रभावशाली आवाजों को इस खूबसूरती के माध्यम से प्रस्तुत करता है कि वे ब्रांड के भरोसे और देखभाल के संदेश के केंद्र में आ जाते हैं। क्रिएटिव विज़ुअलाइज़ेशन के उपयोग से इस फिल्म में शिशुओं को कल्पनाशील तरीके से आवाज़ दी गई है, जो वही भाव व्यक्त करती है जिस पर माता-पिता पहले से विश्वास करते हैं – जिससे यह कथा भावनात्मक रूप से स्पर्श करने वाली और प्रतीकात्मक बन जाती है।

# राजकीय बीज गोदाम में किसानों को नहीं मिल रहा अनुदानित बीज

जन एक्सप्रेस। माधौगढ़ (जालौन)



कृषि इकाई केंद्र माधौगढ़ पर किसानों को अनुदानित बीज वितरण नही कराया गया जिससे केंद्र पर भारी भीड़ और अव्यवस्था के कारण दूर-दराज से आए किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान घंटों इंतजार के बाद भी बीज नहीं ले पा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वितरण प्रक्रिया में मनमानी की जा रही है और व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं।

कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण से पहले किसानों की जमीन के अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद किसानों तक पहुंच सके। हालांकि, इस प्रक्रिया में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। स्थानीय क्षेत्रीय गांव के बुजुर्ग श्यामवीर, हरेन्द्र, गोपाल, श्यामसुंदर, सुनीता ने बताया कि वह सुबह से गोदाम पर आए थे, लेकिन दोपहर में जब अंगूठा लगवाने का नंबर आया तो कर्मचारियों ने जमीन के अभिलेख न आने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया। ग्रामीण ने शिकायत की है कि वह सुबह से बैठे हैं, लेकिन अभी तक उनका नंबर नहीं आया है और कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। उनका आरोप है कि कर्मचारी मनमानी तौर पर बीज वितरण करते है। तो कहीं सर्वर की समस्या बताकर टाल दिया जाता है। किसानों ने यह भी बताया कि कृषि इकाई केंद्र पर उनके लिए कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें पानी पीने के लिए भी दूर जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। इस संबंध में जब गोदाम प्रभारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। राजकीय बीज गोदाम पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने जानकारी दी कि कागजी कार्यवाही पूर्णतया सत्यापित होनी चाहिए एवं एक एकड़ से अधिक भूमि होने पर ही लाभार्थी को लाभ दिया जायेगा।

## लॉक तोड़कर शिक्षक की बाइक चुरा ले गये शातिर चोर

**जगम्मनपुर (जालौन)।** कस्बा जगम्मनपुर में हुसेपुरा रोड स्थित ध्रुव के मकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल का लॉक तोड़कर चोर वाइक चुरा ले गए। मिली जानकारी के अनुसार आशीष पटेल पुत्र प्रेम नारायण पटेल निवासी पचोखरा थाना एट जगम्मनपुर में किराए के मकान में रहकर हिम्मतपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। बीती रात्रि अपनी डीलक्स मोटर साइकिल रोज की भांति घर के सामने खाली पड़े हुए प्लांट में खड़ी करके लॉक लगाकर रोज की भांति अंदर सो गए मौके को भांप कर चोरों ने ताला तोड़कर वाइक चोरी कर ले जाने में सफल रहे। चोरी गयी मोटर साइकिल नंबर यूपी 92 एएफ 1468 काले रंग की बताई जा रही। इसके बाद भी चोरों का मन नहीं भरा उन्होंने पड़ोस में बने कलू लक्षकार की मोटर साइकिल का ताला तोड़ने का प्रयास किया तभी लोगों के जागने की आहत पाकर चोर भाग जाने में सफल रहे। शिक्षक ने बाइक चोरी की लिखित तहरीर रामपुरा थाने में दी है।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान ने पकड़ी गति

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिले भर में व्यापक ग्रह संपर्क अभियान की शुरूआत की हैं। वर्ष 1925 में परमपूजनीय स्व. डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार द्वारा स्थापित संगठन इस विशेष अवसर पर विजयादशमी उत्सव, घर घर संपर्क अभियान हिन्दू सम्मेलन, प्रबुद्धजन गोष्ठियां, युवा उत्सव कार्यक्रमों तथा अधिकाधिक स्थानों पर शाखाओं के आयोजन जैसी गतिविधियां संचालित कर रहा है।

अभियान के अंतर्गत कबीर शाखा उरई के स्वयंसेवकों ने घर घर संपर्क किया प्रत्येक परिवार को भारत माता का चित्र, संघ की गतिविधियों से संबंधित पत्रक व पुस्तिका वितरण कर परिवारों से संवाद स्थापित किया। अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न धर्मों तक संगठन की मूल भावना व उद्देश्य पहुंचाना और राष्ट्रवादी चेतना को व्यापक स्तर पर अभिव्यक्त करना है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, बलवीर सोनी, रवींद्र सिंह, गौरव चतुर्वेदी, सुरजीत भदौरिया विश्व हिंदू परिषद के गौरव चतुर्वेदी इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। घर-घर संपर्क अभियान दिनों दिन गति पकड़ रहा है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सचिवों ने सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन

जन एक्सप्रेस। कुठौंद (जालौन)



प्रदेश सरकार द्वारा विकासखंडों में तैनात ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों को ऑनलाइन हाजिरी का आदेश जारी किया था। इसके बाद से ही ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों ने अपने-अपने तैनाती विकासखंडों में विरोध के स्वर तेज कर दिये थे। शुक्रवार को आंदोलन के क्रम में ग्राम विकास अधिकारियों व ग्राम पंचायत अधिकारियों ने विकासखंड कुठौंद कार्यालय में सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत कर दी। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया।

विकासखंड परिसर में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत सचिव सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन का बैनर लगाकर अपनी मांगों को रखा। ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति ने खंड विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अनुरोध ज्ञापन दिया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत ग्राम सचिव ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी मूल विभाग दायित्व के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराये अन्य विभागों के कार्य लिए जाने अव्यावहारिक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रभावी निर्णय लिए जाने के सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रभारी निर्णय लिये जाने की मांग की। सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन में बैठे कार्मिकों का कहना था कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को मूर्तरूप देने में विभागीय ग्राम सचिव रीढ़ की भूमिका के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें ग्रामीणांचल में निरंतर भ्रमणशील रहना पड़ता हैं ऐसी स्थिति में उनकी ऑनलाइन हाजिरी विकासखंड मुख्यालय में लगाया जाना न्यायोचित नहीं हो सकता। आंदोलनरत कार्मिकों का कहना था कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर उसे निरस्त करने का आदेश जारी करे।

# पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर, 42 हजार की नकदी हुई बरामद

जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)

भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह में तीन लोगों की जेब से 13 हजार चुराने तथा अन्य चोरियों में लिप्त चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये चोर के पास से पुलिस ने 42 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गये चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में तीन लोगों की जेब से 13 हजार चुराने के घटना ने पुलिस की किरकिरी करा दी थी। अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रही पुलिस को उस समय सफलता हाथ लग गयी जब 4 दिसंबर 25 की रात लगभग 12 बजे औरइया मार्ग कोतवाली प्रभारी आनन्द कुमार सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान उसने बंद पड़े पैट्रोल पम्प के पास से गौरव गिहार पुत्र राम अवतार निवासी गिहार कलौनी कस्बा करहल थाना करहल जिला मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये युवक के पास से 43 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पकड़े गये गौरव गिहार ने बताया कि उसने 1 दिसंबर को भाजपा की जिलाध्यक्ष बनने के बाद आयी उर्विजा दीक्षित के स्वागत कार्यक्रम में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के छिरिया सलेमपुर चैराहे से रवीन्द्र उपाध्याय पुत्र माता प्रसाद निवासी कुठौंदा थाना रेढ़र की जेब से 4000 रुपए, रामपाल निवासी भंगा के जेब से 6000 तथा अनिल कुमार पुत्र सोवरन निवासी ग्राम कुठौंदा थाना कुठौन्द की जेब से 3000 रूपय निकाल लिये है।

# सन्दिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**

जिले के कोहंडौर थाना क्षेत्र के अतरसण्ड गांव में एक 33 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला है।
मिली जानकारी के अनुसार कोह?ौर थाना इलाके के अतरसण्ड गांव निवासी संजय सरोज य33 वर्षद्ध लखनऊ में किसी होटल पर नौकरी करता था। गुरुवार को वह मदाफरपुर मेला देखने अपने गांव अतरसण्ड आया था। परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम को वह अपने दोस्तों के साथ मेला देखने निकला था। देर रात तक घर न लौटने और मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण परिजनों को लगा कि वह किसी पार्टी में होगा। शुक्रवार सुबह शौच के लिए खेत गए ग्रामीणों ने घर से करीब दो सौ मीटर दूर संजय का शव पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजनों ने डायल-112 पर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर कोहंडौर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को जांच के लिए सीएचसी कोहंडौर भेजा जहां डॉक्टरों ने बताया कि शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिजनों ने मौत का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की पुलिस से मांग की। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं देर शाम पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव घर आया। मृतक का बा भाई परदेस में रहता है जिसके आने के बाद शनिवार यानी आज शव का अंतिम संस्कार किया जायेगा। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। इलाके में चर्चा है कि शराब के नशे में रात भर खेत में प रहने से संजय की मौत हुई होगी। थाना अध्यक्ष धनंजय रॉय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।


फ़ाइल फोटो : संजय सरोज


रोते बिलखते परिजन

## अपने क्षेत्रों में मैपिंग के साथ शत प्रतिशत एसआईआर का कार्य करें बीएलओ

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के गांवों में चल रही विशेष अभियान की समीक्षा बैठक बृहस्पतिवार को तहसील सभागार में हुई। एसडीएम ने एसआईआर फॉर्म को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि समय अवधि से पूर्व हर हाल में सभी फार्मों को जमा कराएं। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव आयोग का निर्देश है कि 2003 के आधार पर मतदाताओं को सत्यापित करना आवश्यक है। सभी बीएलओ अपने क्षेत्रों में मैपिंग के साथ शत प्रतिशत एसआईआर का कार्य करें। इसकी प्रगति रिपोर्ट अपने सुपरवाइजर के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय को दें। उन्होंने सबसे खराब प्रगति वाले बीएलओ को कड़ी चेतावनी दी। समीक्षा में पाया गया कि सलेमपुर विधानसभा में कुल 342882 मतदाता है। इसके लिए 350 बीएलओ कार्य में लगे हैं। इनके द्वारा अभी तक 2 लाख 82 हजार 390 फार्म यानी 71.12 प्रतिशत मतदाताओं का फार्म भरा जा चुका है।

# संयुक्त सचिव ने की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा




**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में जल शक्ति मंत्रालयए नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री धनण्धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम शिव सहाय अवस्थी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव ने प्रधानमंत्री धनण्धान्य कृषि योजना का डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुये आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होने सभी सम्बन्धित अधिकारियां को निर्देशित किया कि वे अपनेण्अपने विभागों से सम्बन्धित किसानों की बेसिक समस्याओं को दूर करना सुनिश्चित करें। संयुक्त सचिव ने अधिकारियों से कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती को ब?ावा दिया जाए तथा कृषकों को भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल चयन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीकी जानकारी देकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए जागरूक किया जाए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकी अपनाकर किसानों को प्रशिक्षित करें और सभी योजनाओं का प्रचारण्प्रसार प्रभावी ढंग से किया जाए। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसादए जिला विकास अधिकारी के एन पाण्डेयए उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादवए जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमारए एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मनए भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंहए जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेपाल सीमा पर भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | सोनौलीध्महराजगंज**



भारतदूनेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली पर आव्रजन अधिकारियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। युवक पासपोर्ट पर नकली डिपार्चर स्टांप लगवाकर नेपाल के रास्ते कनाडा लौटने की फिराक में थाए लेकिन चौकस जांच के कारण उसके मंसूबे विफल हो गए।
सोनौली थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के मुताबिकए गिरफ्तार युवक की पहचान विमल डांसिए निवासी मोहाली यपंजाबद्ध के रूप में हुई हैए जो वर्तमान में कनाडाई नागरिकता रखता है। वह गुरुवार को आव्रजन कार्यालय पहुंचा और पासपोर्ट जांच के लिए प्रस्तुत किया। जांच में अधिकारियों को उसके दस्तावेज संदिग्ध लगे। पासपोर्ट पर लगे दिल्ली एयरपोर्ट के डिपार्चर स्टांप की सत्यता जब चेक की गई तो वह फर्जी पाया गया। साथ ही युवक द्वारा प्रस्तुत ईण्वीजा में भी अनेक अनियमितताएँ मिलने पर संदेह गहरा गया। तत्काल इसकी सूचना सोनौली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह नेपाल के रास्ते कनाडा जाने की कोशिश कर रहा था और इसी उद्देश्य से पासपोर्ट पर नकली डिपार्चर स्टांप लगवाया था।
थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी स्टांप कहाँ और किसने तैयार किया। उन्होंने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश होने की संभावना है। फिलहाल युवक से गहन पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर महिला को मार डालने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

थाना क्षेत्र के मझवलिया नंबर 2 गांव में एक 59 वर्षीय महिला को ट्रैक्टर से कुचलकर मार डालने का मामला सामने आया है। मृतक के बेटे का आरोप है कि 10 दिन पहले बकरी चराने गई मां कमलावती देवी पर गांव के चकरोड पर एक चालक ने तेज रफ्तार से ट्रैक्टर लाकर उनके ऊपर चढ़ा दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। खुखुंदू क्षेत्र के मझवलिया नंबर 2 गांव निवासी कमलावती देवी 24 नवंबर को गांव के कोइलाड़ के तरफ बकरी चराने गई थी। बेटे सूर्यभान यादव का कहना है कि मां बकरियों को खेत में छोड़कर चकरोड पर चली आईं। इसी बीच कच्ची सड़क पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने मां को कुचल दिया। मौके पर मौजूद अन्य चरवाहों ने शव घर पहुंचाया, जबकि मां को कुचलने के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

# एसपी ने परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली, पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को एसपी दीपक भूकर ने रिजर्व पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली। सलामी के बाद एसपी ने परेड का निरीक्षण किया और उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायामए दौड़ तथा अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों का टर्न आउट यपहनावाद्ध जांचा गया। एकरूपता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए ड्रिल भी कराई गई। एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों की परेडए प्रशिक्षणए अनुशासन और शारीरिक क्षमता की समीक्षा की तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक दिशाण्निर्देश दिए। इसके साथ ही परेड के दौरान फॉरेन्सिक टीम द्वारा अधिकारीयों व कर्मचारियों को आपराधिक घटनाओं के दौरान साक्ष्य संकलनए क्राइम सीन को संरक्षित रखने एवं अग्निशामक उपकरणों के प्रभावी उपयोग के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशिक्षण की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु ड्रोन कैमरे के माध्यम से संपूर्ण गतिविधियों की निगरानी भी की गई। इसके अतिरिक्तए एसपी ने यूपीण्112 पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे मानक के अनुसार सभी अनिवार्य उपकरण अपने पास रखेंए वाहनों का रखरखाव सुव्यवस्थित रखें और साफ़सफाई पर विशेष ध्यान दें। एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का भी जायजा लिया और प्रशिक्षुओं से उनको मिलने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठाए समर्पण और पुलिस सेवा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। एसपी दीपक भूकर ने पुलिस कैंटीन और आरण्ओण् जल शुद्धिकरण संयंत्र का भी निरीक्षण कियाए जहाँ स्वच्छताए पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर स्वच्छताए बागवानीए अनुशासन और समग्र व्यवस्थापन का निरीक्षण किया।

# विश्व मृदा दिवस पर किसानों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**




विश्व मृदा दिवस पर शुक्रवार को जिले में आयोजित किसान गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर मृदा संरक्षण और वैज्ञानिक खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने मृदा स्वास्थ्य को कृषि समृद्धि की आधारशिला बताते हुए कहा कि श्मृदा राष्ट्र की समृद्धि का मूल हैए और इसके संरक्षण में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।
विधायक कन्नौजिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाए जैविक खाद को बढ़ावा तथा उन्नत तकनीक आधारित खेती को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि मृदा परीक्षण के बिना रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग न करेंए क्योंकि इससे मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और लागत में वृद्धि होती है।
कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने मिट्टी की संरचनाए जैविक पदार्थों की कमीए फसल चक्रए जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभों पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से मृदा प्रबंधन अपनाने पर उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। कार्यक्रम के दौरान विधायक कन्नौजिया ने किसानों को उन्नत किस्म के बीज और कीटनाशक वितरित किए। प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियर विवेक गुप्ता ने कहा कि सरकार किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गोष्ठी में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के प्रतिनिधि जगदीश मिश्राए पूर्व जिला उपाध्यक्ष सानंदन पटेलए उप कृषि निदेशक संजीव कुमारए केंद्र प्रभारी संजय पटेलए राकेश अग्रहरीए हेमंत श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति की टीम ने दंपती के बीच कराई सुलह

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

मिशन शक्ति अभियान की टीम ने बृहस्पतिवार को परिवार परामर्श केंद्र पर एक दंपती के बीच आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया। पटहेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली वादिनी ने दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र में तलब किया गया था।
परामर्श के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे मनमुटाव एवं मतभेदों पर विस्तृत वार्ता की गई। परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों को संयम, समझदारी और आपसी सम्मान के महत्व को समझाते हुए सुलह की दिशा में प्रेरित किया, जिसके परिणाम स्वरूप पति-पत्नी आपसी सहमति से एकजुट होने पर राजी हुए।

# विष्णु सरोज का चयन उत्तर प्रदेश की विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले के चिलबिला बाजार निवासी भगत राज व पुष्पा देवी के सुपुत्र विष्णु सरोज का चयन उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम विजय मर्चेंट ट्रॉ?ी अंडरण् 16 के लिए हुआ है जो कि कर्नाटक के शिमोगा में 6 दिसंबर से खेली जाएगी उल्लेखनीय है कि विष्णु सरोज प्रतापग? स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षु रहे तथा वर्तमान में ग्रीन पार्क कानपुर स्थित खेल छात्रावास के प्रशिक्षु हैए ज्ञात हो इसके पहले अभी ग्रीन पार्क में साउथ अफ्रीका की टीम मैच खेलने आई थी तो विष्णु सरोज ने अपनी गेंदबाजी से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया था और इसके पहले 2023 में भी सचिन तेंदुलकर ने विष्णु सरोज को अपना आशीर्वाद दिया था और सराहना की थीए उनके इस चयन पर क्री?ाधिकारी पूनम लता राजए उप क्री?ाधिकारी रंजीत यादवए विष्णु सरोज के प्रशिक्षक पूर्व रणजी ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी खिला?ी आदित्य शुक्लाए पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिला?ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्लाए जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारीए जिला क्रिकेट संघ के सचिव मोहम्मद शफीकए वरिष्ठ खिला?ी विनीत मिश्राए ऋतिक श्रीवास्तवए मनीष मिश्राए विक्रम प्रताप सिंहए अनुज श्रीवास्तव सहित जनपद के सभी क्रिकेट खिला?ियों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, चचेरा भाई गम्भीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ रहा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।
मिली जानकारी के अनुसार महेशगंज थाना इलाके के माघी गांव निवासी मनोज कोरी का बेटा आशीष कोरी य18 वर्षद्ध अपने चचेरे भाई अभिषेक य19 वर्षद्ध के साथ थाना इलाके के नगर पंचायत हीरागंज के कल्यानपुर स्थित अपनी मौसी के यहां शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था। बाइक सवार दोनों युवक जैसे ही हीरागंज चौराहे के बीच में पहुंचे ही थे कि डेरवा की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से दोनों युवक बाइक समेत स?क पर दूर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में आशीष कोरी की जहां मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं गम्भीर रूप से घायल अभिषेक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसओ महेशगंज राधेश्याम पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आशीष के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल अभिषेक को अस्पताल पहुंचाया। एसओ महेशगंज राधेश्याम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


## नकटहा मिश्र-गांधी ग्राम सड़क का निर्माण शुरू

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

खराब सड़क का मामला विधानसभा में उठने के बाद सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। इलाके के नकटहा मिश्र से मुख्य बाजार गांधी ग्राम चौराहा तक एक किमी दूरी को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति खराब थी। जिस पर बरसात के दिनों में चल पाना मुश्किल हो जाता था।
गांव के ही नीलेश मिश्रा ने विधानसभा में याचिका के माध्यम से सड़क निर्माण कराए जाने हेतु आग्रह किया। रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने उक्त प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखा था। विनय प्रकाश गोंड याचिका कमेटी के पिछले वर्ष सदस्य थे। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में याचिका कमेटी की बैठक हुई, जिसमें इस सड़क का निर्माण कराने के लिए अध्यक्ष ने आदेश किया।

# कोटेदारों का प्रदर्शन : मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को जिला पूर्ति कार्यालय पर काफी संख्या में जुटे कोटेदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला पूर्ति कार्यालय पर जुटे कोटेदारों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा। कोटेदारों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे आमरण अनशन पर बैठेंगे और सामूहिक इस्तीफा भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में काम करना बेहद कठिन हो गया है। प्रदर्शनकारी कोटेदारों ने सरकार से अपनी तमाम मांगों को तुरंत मानने की मांग की। उनकी प्रमुख मांगों में पीडीएस के तहत होने वाली बिक्री पर दिए जाने वाले कमीशन में वृद्धि और उनके मानदेय को सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावाए उन्होंने ईण्पॉश मशीनों से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के निराकरणए समय पर भुगतानए और अन्य लंबित मुद्दों के समाधान की भी मांग की। उन्होंने मांग की कि अन्य राज्यों के कोटेदारों की भांति उन्हें भी उचित मानदेय और लाभांश मिलेए जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी कर सकें। प्रदर्शन के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय परिसर में काफी देर तक अफराण्तफरी का माहौल बना रहा।

# महोत्सव में 72 ट्राईसाइकिल वितरित दीप प्रज्ज्वलन से हुआ शुभारम्भ

■ गरीबों की सेवा सर्वोत्तम सेवा: कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**शाहगंज।** नगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय शाहगंज महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को मंच पर उत्साह, रोशनी और जनसमूह की गूंज एक साथ दिखाई दी। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह तथा विधायक रमेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। मंच से उठती रोशनी के साथ जनसभा में मौजूद भीड़ ने तालियों से स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद मंच पर दिव्यांगजन कल्याण का बड़ा संदेश देते हुए 72 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की गई। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का आगमन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वे करीब आधे घंटे तक कार्यक्रम में मौजूद रहे, लेकिन नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने मुस्कुराकर चुप्पी साध ली, जिससे राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया। समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि गरीबों और वंचितों की सेवा ही वास्तविक ईश्वरीय कार्य है। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर सामूहिक विवाह और दिव्यांग जन सेवा जैसा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। मंत्री ने कहा कि जनता ने शाहगंज को एक कर्मठ और संवेदनशील विधायक के रूप में ÷उत्तम विकल्प÷ दिया है, जो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन हर वर्ष बड़े स्तर पर होने चाहिए ताकि समाज की प्रतिभा, संस्कृति और सहयोग की भावना को नई दिशा मिले। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और समाजसेवियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच पर सुभासपा नेताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही, जहां उत्साह और ऊर्जा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विधायक रमेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र की देव तुल्य जनता के आशीर्वाद से ही ऐसा भव्य आयोजन संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक पहचान को मजबूती देने और संरक्षण करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है, जो समाज की आगे की पीढ़ियों को प्रेरित करता है। समारोह का संचालन राहुल राज मिश्र ने अपने आकर्षक अंदाज़ में किया। मंच संचालन के दौरान उनके संवादों पर कई बार सभास्थल तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के.के. सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और नागरिक मौजूद रहे। शाहगंज महोत्सव का यह दूसरा दिन सामाजिक कल्याण, सांस्कृतिक समृद्धि और राजनीतिक सक्रियता–तीनों का अनोखा संगम साबित हुआ।

# शाहगंज महोत्सव में सांस्कृतिक शाम संध्या कार्यक्रम की धूम

■ अक्षरा सिंह, आर.एन. बाबू व मानसी रघुवंशी ने बांधा समां

■ हज़ारों की भीड़ में रातभर गूंजते रहे नारे–हूटिंग से थर्राया मैदान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**शाहगंज।** नगर के रामलीला मैदान में चल रहे भव्य शाहगंज महोत्सव के तहत शुक्रवार की शाम आयोजित संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र का माहौल उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बदलापुर के भाजपा विधायक रमेश चन्द्र मिश्र एवं भाजपा नेता, महाराष्ट्र के उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। रोशनी की यह लौ जैसे ही प्रज्वलित हुई, वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और महोत्सव की एक यादगार शाम का शुभारंभ हो गया। स्टेज पर देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुकीं भोजपुरी सुपरस्टार अक्षरा सिंह के आने की घोषणा भर से मैदान में मौजूद हजारों की भीड़ में ऊर्जा की लहर दौड़ गई। जैसे ही अक्षरा सिंह मंच पर पहुंचीं, हूटिंग, तालियाँ और समर्थकों के नारों से पूरा प्रांगण थर्रा उठा। उनके लोकप्रिय गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। मंच के सामने मौजूद भारी भीड़ हर गीत के साथ सुर मिलाती दिखी और माहौल लगातार रोमांचक बना रहा। भोजपुरी सिंगर आर.एन. बाबू ने अपने एक से बढ़कर एक गीतों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। उनकी मधुर आवाज़ और लोकछवि से जुड़ी प्रस्तुति ने वातावरण को लोक-संगीत के रंगों में रंग दिया। वहीं अवधी भाषा के यूट्यूबर रिंकू विश्वकर्मा ने अपनी फोक स्टाइल और देसी अंदाज़ से भीड़ को बांधे रखा। उनकी हास्य-चुटकियों और लोकगीतों पर दर्शक खूब तालियां बजाते रहे। कार्यक्रम में अयोध्या की सुप्रसिद्ध भजन गायिका मानसी रघुवंशी ने भजन और भक्ति संगीत की प्रस्तुति देकर महोत्सव में आध्यात्मिक रंग घोल दिया। उनकी सुरीली आवाज़ पर दर्शक मंत्रमुग्ध होते देखे गए। सांस्कृतिक विविधता से भरा यह संगम महोत्सव का आकर्षण बन गया। शाम से लेकर आंधी रात तक रामलीला मैदान में श्रोताओं का सैलाब उमड़ा रहा। हजारों की भीड़ भोजपुरी धुनों पर थिरकती रही। मंच के सामने युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। हूटिंग, नारेबाजी और तालियों की आवाज़ों से पूरा कार्यक्रम स्थल लगातार गूंजता रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम के बीच मनोरंजन का यह सिलसिला बिना किसी व्यवधान के देर रात तक चलता रहा। शाहगंज महोत्सव का यह संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्र के लोगों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सांस्कृतिक, मनोरंजक और सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है, जो अपने लक्ष्य में पूरी तरह सफल रहा।

# परशुरामपुर में भीषण सड़क हादसा पिता–पुत्र की मौत, भतीजा गंभीर





जन एक्सप्रेस । बस्ती

परशुरामपुर कस्बे में गुरुवार देर रात हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। शादी समारोह से घर लौट रहे सुरैला गांव के पिता-पुत्र की अलग-अलग समय पर मौत हो गई, जबकि उनका भतीजा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार सुरैला निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता (50) गुरुवार को अरजानीपुर गांव में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे वह अपने पुत्र आदित्य गुप्ता (20) और भतीजे प्रिंस गुप्ता (15) के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। बाइक आदित्य चला रहे थे। जब वे परशुरामपुर कस्बे की स्टेट बैंक शाखा के सामने पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे में तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल सुभाष और प्रिंस को सीएचसी परशुरामपुर पहुंचाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत देखकर एंबुलेंस से श्रीराम अस्पताल अयोध्या रेफर किया गया। डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद शुक्रवार सुबह करीब 9~30 बजे सुभाष चंद्र गुप्ता ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं भतीजा प्रिंस की हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टर लगातार उसकी निगरानी कर रहे हैं। हादसे के तुरंत बाद कार चालक भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी चालक और कार दोनों को कब्जे में ले लिया। परशुरामपुर एसओ भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम अयोध्या में कराया जा रहा है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कहा। क्षेत्र में इस दर्दनाक हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तेज रफ्तार और लापरवाही पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# रक्तदान दूसरों की जान बचाने का अवसर: अंकुर वर्मा



जन एक्सप्रेस । बस्ती

संकट में दूसरों की जिन्दगी बचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को एच.डी.एफ.सी. बैंक बड़े बन में शाखा प्रबंधक चन्द्रशेखर सिंह और आपरेशन हेड सुनील पाण्डेय के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि रक्तदान के द्वारा हम दूसरों की जान बचाने का माध्यम बनते हैं। यह पुनीत कार्य है। एच.डी.एफ.सी. बैंक की पहल सराहनीय है। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से अंकित सिंह, सन्तोष शुक्ल, अंकुर रावत, मारूति त्रिपाठी, विजय मिश्र, सुधाकर यादव, वैभव श्रीवास्तव, विवेक कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। रक्तदान शिविर को सम्पन्न कराने में मुख्य रूप से अमित कुमार, अरूण वर्मा, सुभाष चन्द्र, रतन शर्मा, अमन आदि ने योगदान दिया।

# परिनिर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर मेधा ने बाबा साहब को किया नमन

जन एक्सप्रेस । बस्ती



मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन् किया। प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब ने जिस असमानता की खाई को पाटने के लिये मुहिम छेड़ा था वह आज गहरी होती जा रही है। कहा कि छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति छात्रों की शिक्षा के लिये बडा आधार है किन्तु उसे एक-एक समाप्त किया जा रहा है। कहा कि सभी पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिले इस दिशा में संघर्ष लगातार जारी रहेगा। मेधा द्वारा निरन्तर जागरूकता अभियान चलाकर शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त धनादोहन, भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है । कहा कि 6 वर्ष से 14 वर्ष के निर्धन छात्रों का निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के नियम का पालन कराने के लिये मेधा संघर्षरत है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालय खोलने की जगह उसे बंद कराया जा हा है। यह गरीब, दलित, अल्पसंख्यक बच्चों को अशिक्षित रखने का षड़यंत्र है और बाबा साहब के सपनों पर कुठाराघात है। कहा कि उच्च शिक्षा में मनमानी फीस लिया जा रहा है। बीएससी नर्सिंग कालेज बिना आईएनसी एप्रूबल के चलाये जा रहे हैं। यह डिग्री अन्य प्रान्तों में मान्य नहीं है। मेधा इन सवालों को लेकर निरन्तर संघर्षरत है। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय मुन्ना, राहुल तिवारी, चन्द्र प्रकाश गौतम, भीम प्रकाश शाही, प्रतीक मिश्र, अंशू चौरसिया, अमरनाथ यादव, गिरीरा गिरी, अमरनाथ यादव, रामू गौतम, उमाकान्त गौतम, दीपक सिंह आदि शामिल रहे।

# गौराबादशाहपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई अन्तर्जनपदीय गैंग के 8 शातिर चोर गिरफ्तार, 10 चोरी की बाइक बरामद

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में गौराबादशाहपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोरी गैंग के 08 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई 05 दिसम्बर 2025 को चेकिंग अभियान के दौरान की गई।

## घटना की पृष्ठभूमि

04 दिसम्बर को वादी प्रिंस पाण्डेय ने अपनी स्प्लेंडर प्लस (क्र62स3122) चोरी होने की तहरीर दी थी, जिस पर थाना गौराबादशाहपुर में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई।

## कार्रवाई का विवरण

व0उ0नि0 मंशा राम गुप्ता, उ0नि0 प्रदीप सिंह व उनकी टीम ने कुरेथू तिराहा के पास से देर रात करीब 02~20 बजे 08 चोरों को दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिनके नम्बर प्लेट बदल दिए गए थे।

## गिरफ्तार अभियुक्त

शिवम उर्फ बड्डू यादव, सोनू यादव, सिकन्दर यादव, शशिकांत यादव, रतन सागर उर्फ छोटू, हेमंत यादव, सत्यम पाल और अभिषेक यादव– सभी जौनपुर व आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

## अभियुक्तों का खुलासा

पूछताछ में चोरों ने बताया कि वे जौनपुर तथा अन्य जनपदों से बाइक चोरी कर नम्बर प्लेट बदलकर चलाते थे और उचित दामों पर बेच देते थे। फिर पैसा आपस में बांटकर खर्च कर लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्त कई मुकदमों में वांछित पाए गए हैं, जिनमें थाना गौराबादशाहपुर, सरायख्वाजा (जौनपुर) और खानपुर (गाजीपुर) के गंभीर मामलों शामिल हैं।

## सफल टीम

थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव, प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 रामाश्रय राय सहित पुलिस टीम मंशा राम गुप्ता, रविप्रकाश, प्रदीप सिंह, रोहित श्रीवास्तव, विरेन्द्र यादव, आशुतोष दीक्षित, नौशाद अहमद, संजय यादव, पियूष सिंह, अखिलेश निषाद, बिरजू कुमार व नागेन्द्र पासवान आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 76 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा, 7 दिसम्बर को मेगा डिजिटाइजेशन दिवस: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जौनपुर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के सम्भाजन पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विधानसभावार डिजिटाइजेशन की स्थिति प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद जौनपुर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। बदलापुर में 80.17 प्रतिशत, शाहगंज में 79.16, जौनपुर में 68.72, मल्हनी में 77.36, मुंगराबादशाहपुर में 74.27, मछलीशहर में 76.37, मड़ियाहूं में 76.13, जफराबाद में 72.57 तथा केराकत में 80.31 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। इस प्रकार पूरे जनपद में 76 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न हो गया है। जिलाधिकारी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लगे ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, अध्यापक, लेखपाल तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने टीम भावना से कार्य करते हुए उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया है, जिसके लिए सभी प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 07 दिसम्बर 2025 को 'मेगा डिजिटाइजेशन दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान के दौरान शेष मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाइजेशन को शत-प्रतिशत की ओर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिले भर में पोलिंग स्टेशनों के सम्भाजन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है, ताकि आगामी चुनावों में मतदान प्रक्रिया सुचारु, पारदर्शी और सुलभ हो सके। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे, जिनमें मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, सपा के राकेश मौर्या, बीएसपी के चन्द्रेज भारती, आम आदमी पार्टी के सुबाष चन्द्र गौतम, सीपीआईएम के किरण शंकर रघुवंशी सहित कई नेता शामिल थे। अधिकारियों में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जौनपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने ली बैठक, मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान पर दिया जोर




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया और उन्हें फिर फॉर्म भरने के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया। पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एसआईआर का कार्यक्रम निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देश पर चल रहा है भारतीय जनता पार्टी के संगठन के और हम सब लोग लगातार अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से बीएलए टू के माध्यम से लोगों को लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि वह इस अभियान का हिस्सा बने जी हमारी पार्टी का स्पष्ट मत है कि जो पात्र हो वह मतदाता सूची में शामिल हो और जो अपात्र हो उनको हटाया जाए। एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा ये कहा जा रहा कि ये धोखा को आ के समय मे ये आम आदमी के अधिकार को छीनने काम है आने वाले दिनों में आरक्षण भी और उनकी पहचान भी खत्म होगी इसको लेकर उन्होंने कहा कि विपक्ष का समाज में नकारात्मक एजेन्डा चलाने का काम है। वो इस तरह से संवैधानिक संस्थाओं के बारे में जिस प्रकार इस प्रकार की बयान बाजी करके देश के लोकतन्त्र संविधान को कमजोर करना चाहते हैं यह देश की जनता सब जानती है एसआईआर एक संविधानिक प्रक्रिया है और प्रति वर्ष मतदाता सूची के का विशेष अभियान चलता है और ये 20 वर्ष बाद विशेष अभियान चला है बिहार में जिस प्रकार से लोगो ने पूरा विपक्ष के लोगों ने पूरा विरोध में मार्च निकाला था लेकिन फाइनल मतदाता सूची निकली तो उसे पर किसी भी राजनीतिक दल ने ने कोई आपत्ति नहीं दर्ज कराई चुनाव हुए और चुनाव के बाद जिस प्रकार के परिणाम आए उन उन परिणाम के बाद जब जाहिर है कि इनका रोना गाना शुरू हो गया संविधानिक संस्थाओं को लांछन करना एवं पुलिस प्रशासन शुरू कर दिया हार्ट हैं तो संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न करते हैं और जीते हैं तो कोई चर्चा नहीं करेंगे विपक्ष के लोगों से आग्रह है संवैधानिक व्यवस्था के हमें संवैधानिक व्यवस्था हिसाब से हमें आगे बढ़ाना है समाज में नेगेटिव बातें गुमराह और नेगेटिव एजेंडा चलने से काम सफल नहीं होगा आज कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके फिर के माध्यम से उनको जानकारी दिया है और समीक्षा किया है भविष्य में किस प्रकार से इस अभियान को आगे बढ़ाना है इसके लिए चर्चा किया है कफ सिरप मामले में उन्होंने कहा कि विशेष जाति के लोगों को छूट देने के मामले पर कहा कि सरकार और सरकारी एजेंसियां जो भी दोषी है सबके खिलाफ सबकी गिरफ्तारी होगी जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं उनकी जांच की व्यापकता है और जो भी दोषी है सरकार उन सबके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करेगी। अखिलेश द्वारा यह कहने पर की अब बाबा का बुलडोजर इन पर क्यों नहीं चल रहा है उन्होंने कहा कि बुलडोजर का जहां तक विषय है जांच के बाद जो भी अपराधी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी नए प्रदेश अध्यक्ष के मामले पर महिला अध्यक्ष के नाम की कवायत पर उन्होंने कहा कि जल्दी इस पर काम चल रहा है सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा पार्टी तय करेगी संभावना है सबके लिए बनी हुई है।

# दबंगों ने मां बेटे को मारा पीटा, कप्तान से न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । बस्ती

पैकोलिया थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासिनी लक्ष्मी देवी पत्नी पुरई जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। एसपी को दिये पत्र में लक्ष्मी देवी ने कहा है कि गांव के ही अमित सिंह, हनुमान सरन सिंह, शिवा सिंह पुत्र जगदम्बा सिंह पुत्र देवता सिंह आदि ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके बेटे पवन और उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये मारा पीटा, मोबाइल तोड दिया, घटना की सूचना 3 दिसम्बर को थाने पर दी गई।

# स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार तीन घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर सड़क दुघर्टना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उक्त घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के सुरिस गांव में वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहें।खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरदौली गांव निवासी 55 वर्षीय जयप्रकाश सिंह पुत्र रुक्मणी सिंह अपने भतीजे 42 वर्षीय स्वतंत्र सिंह के साथ अपनी बाइक से जा रहें थे।कि सुरिस अम्बेडकर प्रतिमा के समीप तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के बिहेटा गांव निवासी 35 वर्षीय इंद्रजीत चौहान पुत्र संतलाल चौहान बाइक से घर जाने के दौरान नगर के जेसीज चौक के समीप वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया।

# दोस्तों के साथ पोखरे पर नहाने गया युवक गहरे पानी में डूबा हुई मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

■ शव नहीं हो सका बरामद, एसडीआरएफ की टीम खोज हेतु देर शाम पहुंची

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नटौली गांव स्थित एक पोखरे में अपने दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूब गया। दोस्तों ने जब तक बचाने का प्रयास करते तब गहरे पानी में समा गया। दोस्तों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस व जिला पंचायत सदस्य को दिया। आधा दर्जन गोताखोरों ने शव को पानी खोजने के लिए जुटे हुए हैं। देर शाम एसडीआरएफ की टीम पोखरे पर पहुंची। लेकिन अंधेरा होने के चलते खोज का कार्य प्रातः प्रारम्भ होगा। क्षेत्र के खरौना गांव निवासी 40 वर्षीय राजू राजभर पुत्र लालचंद शुक्रवार की सुबह अपने कुछ दोस्तो के साथ नटौली गांव स्थित साव के पोखरे पर नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान गहरे पानी में समा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र कुमार यादव को दिया। जिसके बाद खुटहन के पिलकिछा से आधा दर्जन गोताखोर बुलाया गया। देर शाम तक शव बरामद नहीं हो सका है। कोतवाली पुलिस निरीक्षक के.के.सिंह पुलिस के साथ जमें रहें। कहां सुबह खोजने का कार्य टीम करेगी। वहीं मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# सरदामई के किसानों के हाथों में आए भू-अभिलेख, किसानों के चेहरे खिल

## 35 वर्ष बाद किसानों के हाथों में आए भू-अभिलेख, गांव में खुशी का महौल





**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिले के ग्राम सरदामई में चकबन्दी कार्यवाही का आरम्भ वर्ष 1980 में धारा-4क(2) के अंतर्गत चकबन्दी निदेशालय की विज्ञप्ति संख्या 3986जी-3880, दिनांक 10 जुलाई 1980 के प्रकाशन से हुआ। इसके बाद वर्ष 1987 में ग्राम में कब्जा परिवर्तन किया गया। वर्ष 1990 में हुए अग्निकांड के कारण ग्राम के सभी मूल राजस्व अभिलेख पूरी तरह नष्ट हो गए, जिसके परिणाम स्वरूप चकबन्दी प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आगे चलकर दिनांक 28 जनवरी 2009 को ग्राम सरदामई की चकबन्दी प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इसके पश्चात ग्राम को पुनः 23 सितम्बर 2016 को चकबन्दी प्रक्रिया में सम्मिलित किया गया।

जिलाधिकारी के सतत प्रयासों से पूर्व की धारा-6(1) एवं पुनः धारा-4(2) की कार्यवाही को 26 सितम्बर 2023 को निरस्त करते हुए, वर्ष 1980 की मूल धारा-4क(2) को पुनः बहाल किया गया। वर्ष 1990 के अग्निकांड में जले कुल 35 ग्रामों में से पूर्व में 4 ग्राम कृनन्दलालपुर, करनौली, उसमानपुर एवं कठिगराकृके आधार अभिलेख तैयार हो चुके हैं। अब जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, उप संचालक चकबन्दी श्री विजय कुमार मिश्र तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी/ डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में ग्राम सरदामई के आधार अभिलेख भी सफलतापूर्वक तैयार कर ग्राम सरदामई के 200 किसानों के हाथों में भू-अभिलेख वितरित किए।

इस दौरान श्री गौतम ने कहा कि इन अभिलेखों के तैयार हो जाने से ग्रामवासियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ 35 वर्षों के बाद अब प्राप्त होना प्रारम्भ हो जाएगा। साथ ही शेष ग्रामों में आधार अभिलेख तैयार कराने की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न स्तरों पर प्रगति पर है।

### सचिवों ने किया सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** शासन द्वारा ऑनलाइन हाजिरी व अतिरिक्त कार्यभार के खिलाफ के सूरतगंज ब्लॉक के पंचायत सचिवों का सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन शुक्रवार को पांचवें दिन भी देखने को मिला। सचिवों ने कहा कि ऑनलाइन हाजिर प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों की तकनीकी और नेटवर्क समस्याओं के कारण व्यवहारिक नहीं है, जिससे उनके नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर सचिव पिछले दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से खंड विकास अधिकारी कार्यालय के समक्ष विरोध दर्ज करवा रहे थे जबकि। पांचवें दिन इस प्रदर्शन ने वृहद रूप ले लिया। धरना प्रदर्शन की अगुवाई ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा ने की। उन्होंने सचिवों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि जब तक सरकार या संबंधित विभाग उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सचिवों ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी, अत्यधिक कार्यभार और नई कार्यप्रणालियों को लेकर उन्हें लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। जिसके उपरांत सचिवों ने सामूहिक रूप सूरतगंज खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# जिले में धान खरीद के लिए नोडल अधिकारी नामित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद कन्नौज में समर्थन मूल्य पर धान खरीद की अवधि 01 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

धान खरीद के लिए जनपद में कुल 27 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें खाद्य विभाग के 16, पी.सी.एफ. के 10 तथा भारतीय खाद्य निगम (स्नष्टढ्ढ) का 01 केंद्र शामिल है। इनमें तहसीलवार क्रय केंद्र– कन्नौज में 05, तिर्वा में 06 तथा छिबरामऊ में 16 संचालित हैं।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाने हेतु निम्न अधिकारियों को नोडल/निरीक्षणकर्ता अधिकारी नामित किए गए हैं।

कन्नौज मंडी एवं कन्नौज मंडी द्वितीय जिला पूर्ति अधिकारी। बी-पैक्स गुगरापुर, बी-पैक्स अटारा तिर्वा, बी-पैक्स फतेहपुर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता।

तिर्वा मंडी, तिर्वा मंडी द्वितीय, मंडी ठठिया - परियोजना निदेशक एफसीआई उमर्दा, बी-पैक्स अगौस, जसोदा (हसेरन) उप निदेशक कृषि। हरिभानपुर, हरिभानपुर द्वितीय, देवपुर सकरावा, देवपुर सकरावा द्वितीय जिला खाद्य विपणन अधिकारी। ग्यासपुर, ग्यासपुर द्वितीय, बी-पैक्स सकरावा, बी-पैक्स सौरिख, बी-पैक्स प्रेमपुर श्रम प्रवर्तन अधिकारी। छिबरामऊ मंडी, छिबरामऊ मंडी द्वितीय, बी-पैक्स छिबरामऊ (पूर्वी) जिला क्रीड़ा अधिकारी।

गुरसहायगंज, गुरसहायगंज द्वितीय, बी-पैक्स तालग्राम, बी-पैक्स क्रय-विक्रय गुरसहायगंज जिला कृषि अधिकारी। ये सभी अधिकारी अपने-अपने क्रय केंद्रों का साप्ताहिक निरीक्षण कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि धान की आवक को देखते हुए महोदय के अनुमोदनार्थ गुरसहायगंज एवं गुरसहायगंज द्वितीय केंद्रों पर एक-एक अतिरिक्त कॉटर की अनुमति प्रदान की गई है।

# एसडीएम सदर ने किया अच्छा एस आई आर करने वालों को सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद में कार्य तेजी से संचालित कराया जा रहा है।

इसी क्रम में ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने बताया है कि 198-कन्नौज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सुपरवाइजर सिम्मी कटियार (लेखपाल), हेमलता गौतम (लेखपाल), आलोक तिवारी (लेखपाल) एवं बीएलओ पूजा अग्निहोत्री (सुपरवाइजर), बीएलओ अनीता राठौर (आगनवाड़ी कार्यकत्री), बीएलओ लडैती देवी (आगनवाड़ी कार्यकत्री), बीएलओ विनीता (आगनवाड़ी कार्यकत्री) ने अपने-अपने बूथों पर 100 गणना प्रपत्र भरवाये, जिनको अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित करते हुये उनके मेहनती एवं जिम्मेदाराना कार्य की सराहना की गई। उनके इस उत्कृष्ट एवं समयबद्ध कार्य को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सराहनीय बताते हुए प्रशंसनीय प्रयास माना गया है। जनपद में मतदाता सूची के प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सुचारु एवं प्रभावी बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को इसी प्रकार संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत के चलते लखनऊ रेफर कर दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव केवना निवासी होमनाथ (55) पुत्र देवीदीन शुक्रवार शाम को समान लेने अजगैन गांव की बाजार गया था। वापस आने के दौरान राजमार्ग पर अजगैन बाजार मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल अधेड़ को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत के चलते लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# बिजली बिल राहत योजना के तहत विभाग ने लगाए दर्ज़नो ग्रामो में कैम्प

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि ÷बिजली बिल राहत योजना-2025÷ के अंतर्गत आज जनपद कन्नौज के विभिन्न ग्रामों एवं मोहल्लों–फरिकापुर, बछज्जापुर, अड्डापुर्वा, धरमपुर, भजुरिया, मोतीपुर्वा, कुरियन, करनपुर, पल्टेपुर्वा, आकिलपुर, हाजीगंज, शिखाना, रसूलाबाद, नेकपुर, ढिपारा, असालताबाद, रसूलपुर, खानपुर चौबे, अम्बेडकरनगर, त्रिलोकापुर, जहांगीरपुर, बसावनपुरवा, सीमांत नगर तथा सराय–में विशेष कैम्पों का सफल आयोजन किया गया।

इन कैम्पों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 571 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही योजना का लाभ प्राप्त करते हुए अपने बकाया बिलों का निस्तारण कराया।

आयोजित कैम्पों में उपभोक्ताओं द्वारा कुल 25.60 लाख की धनराशि जमा की गई, जिससे योजना के प्रति जनमानस की सकारात्मक प्रतिक्रिया स्पष्ट होती है।

कल दिनांक 06-12-2025 को चौरा चांदपुर कूलापुर बरधैयाग बरूआहार बहोसी नदसिया मौसमपुर मौरारा शिखाना श्यामपुर आसकरनपुरवा बस्ता तिखवा सराय दायमगंज गदनापुर गुगरापुर भूडा राजारामपुर कुसकाग शाहजहांपुर खोजीपुर कबिरापुरग भोजापुर अमोलर तथा नन्दपुर में कैम्प का आयोजन किया जायेगा

विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत कैम्प आगे भी निर्धारित तिथियों पर लगाए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके। विभाग ने जनता से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने बिजली बिलों से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें।

# पल्स पोलियो प्रोग्राम के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। क्षेत्र में 14 से 22 दिसंबर तक प्रस्तावित पल्स पोलियो कार्यक्रम के लिए सीएचसी पर शुक्रवार को एएनएम, आशा बहू, संगिनी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को पोलियो अभियान की ठीक से जानकारी देना तथा उन्हें सुरक्षित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए तैयार करना था।

प्रशिक्षण में डब्ल्यूएचओ मॉनिटर अजय वर्मा ने पोलियो ड्रॉप पिलाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को दवा अवश्य पिलाई जाए और किसी भी बच्चे के छूटने की परिस्थिति न बने। इसके लिए हाउस मार्किंग (घर-घर पहचान) और टैली शीट भरने की प्रक्रिया को सही ढंग से अपनाना अत्यंत आवश्यक है। टैली शीट में सभी बच्चों की संख्या और दवा देने की पुष्टि का विवरण दर्ज किया जाता है ताकि अभियान में पारदर्शिता बनी रहे। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. पंकज वर्मा और डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में पोलियो से बचाव के लिए स्वच्छता को भी प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही, सीडीपीओ एस एन तिवारी और प्रशांत दीक्षित ने अभियान से जुड़े अन्य प्रशासनिक और तकनीकी पहलुओं पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में आशा बहुओं, एएनएम, संगिनी और आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

# मंत्री ने बनाई लाख बहोसी पक्षी विहार को ईको टूरिज्म के लिए विकसित करने की योजना

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने लाख-बहोसी पक्षी विहार को ईको टूरिज्म के रूप विकसित किये जाने हेतु भ्रमण किया गया।

मंत्री ने पक्षी विहार के विकास एवं टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु वन्य जीव लुप्त प्राय परियोजना के क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी तथा पर्यटन अधिकारी के साथ जनपद कन्नौज के अन्य टूरिष्ट स्थलों को जोड़ते हुए एक पर्यटन परिपथ बनाये जाने के उद्देश्य से सामूहिक विचार-विमर्श किया गया। शीतकाल के मौसम में लाख-बहोसी पक्षी विहार में देश-विदेश से आने वाले पक्षियों के बारे में क्षेत्रीय वन अधिकारी, लाख-बहोसी एवं उसके स्टाफ द्वारा जानकारी दी गयी। लाख बहोसी में प्रत्येक वर्ष लगभग 30 से 35 हजार पक्षी प्रत्येक वर्ष आते है। मंत्री द्वारा पक्षी विहार में आवश्यकताओं एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की गयी एवं इस पक्षी विहार के प्रबंधन में नवीन विचारों अभिनव प्रयासों तथा समेकित रूप से प्रयास कर इसके प्रबंधन में उपयुक्त उत्कृष्ठता लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को विभिन्न स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मां की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रसाद वितरण

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



मां की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजसेवी द्वारा आयोजित भंडारे में सुबह से देर शाम तक प्रसाद का वितरण हुआ। पूर्व सभासद ब्यूरो चीफ जन एक्सप्रेस पंकज यादव द्वारा आयोजित प्रसाद भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कड़ाके की ठंड में धूप और तहरी प्रसाद का जमकर आनन्द लिया गया। समाजसेवी पत्रकार पंकज यादव द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर मां के चरणों में दीप प्रज्वल और नमन कर भंडारे का शुभारंभ हुआ।

शुक्लागंज के राजधानी मार्ग स्थित जोगा भोगा के सामने अंबिकापुरम में सुबह से शुरू हुवे भंडारे में शहर के तमाम प्रतिष्ठित लोगों के साथ साथ बड़ी संख्या में पत्रकार साथी शामिल हुवे। जिला संवाददाता पंकज यादव ने बताया कि माता जी जो विगत वर्ष 2022 में स्वर्गवासी हो गई थी। उन्हीं के आशीर्वाद से परिवार फल फूल रहा है। एक दिन मां को समर्पित कर कुछ कर पाता हूं। ये सब मेरी स्वर्गवासी मां का आशीर्वाद है। ईश्वर से प्राथना है मां के प्रति मेरा समर्पण सदैव बना रहे। और मां की याद में प्रतिवर्ष इस तरह प्रसाद वितरण होता रहे।

# नवाबगंज में ग्राम पंचायत अधिकारियों का दो घंटे का धरना

### मुख्यमंत्री को प्रेषित किया दस सूत्री मांग पत्र



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

नवाबगंज। समन्वय समिति के सत्याग्रह कार्यक्रम का पांचवें दिन विकासखण्ड में अधिकारियों ने सुबह 11 बजे से दो घंटे तक धरना देकर मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को संबोधित 10 सूत्री मांग पत्र प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी शशांक को सौंपा।

प्रमुख मांगों में क्षेत्र पंचायत से लेकर जिला स्तर तक कार्यालय अध्यक्ष की उपस्थिति सुनिश्चित करने, विभिन्न विभागों जैसे राजस्व, कृषि, पशुपालन, बाल विकास आदि के कर्मचारियों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के व्यवहारिक सुधार, तथा सचिव वर्ग के कार्यभार सीमित करने सहित वेतन व भत्तों में वृद्धि शामिल है। सचिवों ने कहा कि वर्तमान ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली व्यावहारिक नहीं है और इससे उनकी कार्य कुशलता एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही सचिव संवर्ग के लिए समुचित वाहन एवं मोबाइल भत्ता, अप्रत्यक्ष विभागीय कार्यों से मुक्ति, उच्च शैक्षिक योग्यता का मान्यता, पंचायती राज योजनाओं के प्रति जिम्मेदारी सीमित रखने जैसे अन्य मुद्दे भी उठाए गए। इसके अलावा मनरेगा कार्यों में अकाउंटेंट तथा खण्ड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने और ग्राम पंचायत ऑडिट के लिए स्थानीय ऑडिटर के स्थान पर चार्टर्ड अकाउंटेंट या सोशल ऑडिटर की नियुक्ति की मांग की गई। धरना स्थल पर एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, सचिव दिलीप मिश्रा, शिवदत्त तिवारी, शैलेन्द्र भारतीय, रोहित राणा, आशीष पटेल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग ने की छापामारी, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र में आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी में 75 लीटर अवैध कच्ची शराब व 100 किलोग्राम लहन जब्त किया गया। इस कार्रवाई में पांच लोगों के विरुद्ध विभाग ने मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र में जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ घर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। वही शुक्रवार को क्षेत्रीय आबकारी अधिकारी गजेंद्र प्रसाद को मुखबिर से सूचना मिली कि बेहड़ा पुरवा गांव में एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना मिलने पर आबकारी टीम ने मौके पर छापा मारा कच्ची शराब बेच रहा व्यक्ति मौके से फरार हो गया। इस दौरान मौके से कई लीटर अवैध शराब बरामद की गई। वही टीम ने क्षेत्र के अलग-अलग 20 स्थानों पर की छापेमारी में 75 लीटर अवैध शराब और 100 किलोग्राम लहान जप्त कर उसे नष्ट किया गया। इस दौरान विभाग ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है विभाग की टीमें न केवल शराब तस्करों को पकड़ ही नहीं रही हैं, बल्कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर भी अंकुश लगाने का काम कर रही हैं।

# जल जंगल जमीन पर सभी का हक : सियाराम रावत

### बैठक में बोले राष्ट्रीय जनमानस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



सिरौलीगौसपुर। राष्ट्रीय जनमानस पार्टी की मासिक बैठक केंद्रीय कार्यालय कोटवाधाम में संपन्न हुई। इस दौरान संगठन का विस्तार किया गया और मूलनिवासी, आदिवासी, दलित तथा वंचित समुदायों के अधिकारों पर चर्चा की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सियाराम रावत ने बैठक में कहा कि राजपा उन समुदायों की आवाज है जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के असली मालिक इस भूमि के मूलनिवासी हैं और जल, जंगल, जमीन पर उनका पहला हक है। रावत ने वादा किया कि सत्ता में आने पर पार्टी पेसा कानून को पूरी तरह लागू करेगी, पांचवीं अनुसूची के तहत आदिवासियों को पूर्ण स्वायत्तता देगी और वन अधिकार अधिनियम 2006 के लंबित दावों को मान्य करेगी। सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक लाल कुंवर रावत ने दलित और अति-पिछड़े समाज के मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी एससी एसटी एट्रोसिटी एक्ट को मजबूत करने, निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने, दलित उद्यमियों को बिना गारंटी ऋण तथा सरकारी खरीद में प्राथमिकता देने का समर्थन करती है। रावत ने यह भी बताया कि जातिगत जनगणना करवाकर सभी वंचित समुदायों को जनसंख्या के अनुपात में बजट, शिक्षा और नौकरियों में हिस्सेदारी दिलाना पार्टी का प्रमुख एजेंडा है। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर दुर्गा प्रसाद रावत ने कहा कि अब यह संगठन केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि सत्ता में भागीदार बनेगा। उन्होंने इसे करोड़ों भारतीयों का स्वाभिमान आंदोलन बताया, जिन्हें अब तक केवल वादे मिले हैं। रावत ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि पार्टी सत्ता में आती है, तो भारत का संविधान वास्तविक अर्थों में बाबासाहेब आंबेडकर, बिरसा मुंडा और सावित्रीबाई फुले के सपनों को पूरा करेगा। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष डॉ. सत्यनाम शरण दास के संचालन में संपन्न हुई इस मासिक बैठक में राम कैलाश रावत, देवकरन प्रसाद, राम किशोर, सत्यनाम शरण, फूलचंद, प्रमोद रावत, राजेश कुमार, प्रदीप यादव, अनिल यादव, दुर्गा प्रसाद, संत कुमार और राकेश कुमार सहित कई अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जनपद के विकास खण्डो में हुआ धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रामनगर। जनपद के 14 विकास खण्डो में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शुक्रवार को ऑनलाइन हाजिरी का विरोध व गैर विभागीय कार्यों को कराये जाने और मासिक भत्ता न बढ़ाये जाने के विरोध में ब्लाक मुख्यालय परिसर में जमकर धरना प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा। इन सचिवों का कहना था कि सरकार अगर अपनी जिद पर अड़ी रही तो हम लोग भी पीछे नही हटेंगे। रामनगर संवाद्दाता अनुसार, रामनगर विकासखंड परिसर में रामनगर ब्लॉक में तैनात सचिवों ने आज ऑनलाइन उपस्थिति तथा गैर विभागीय कार्यों को कराए जाने, मासिक भत्ता न बढ़ाए जाने के विरोध में धरना दिया। बताते चले कि विरोध में पहले सचिवों ने विरोध में 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य किए जाने का निर्णय लिया था, किंतु शुक्रवार को सचिवों का विरोध धरना में बदल गया। उपस्थित सचिवो ने सरकार से मांग की कि सचिवों से गैर विभागीय कार्य न कराया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क आदि की समस्या होने के कारण ऑनलाइन हाजिरी न कराई जाए। उपस्थित सचिवो ने सभी सरकारी ग्रुपों से लिफ्ट होने का भी निर्णय लिया। इस अवसर पर अभय शुक्ला रवि अवस्थी, निखिल कनौजिया, विजय कुमार, दयानंद, अमित कुमार, सहित कई सचिव उपस्थित रहे। वहीं सिरौलीगौसपुर संवाद्दाता अनुसार, ऑनलाइन हाजिरी तथा कम वाहन भत्ता के विरोध में ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया एवं कार्य बहिष्कार कर खंड विकास अधिकारी कार्यालय सिरौलीगौसपुर में धरना देकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन बीडीओ के माध्यम से डीएम को भेजा। विकास खण्ड सिरौली गौसपुर के ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने विकास खण्ड मुख्यालय पर संगठन के निर्देश पर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया एवं कार्य बहिष्कार करते हुए धरना देकर मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन विकास खण्ड अधिकारी के माध्यम से डीएम को भेजा। ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने बताया कि पंचायत सचिवों की ऑनलाइन हाजिरी कलस्टर वार ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लगाने तथा वाहन भत्ता कम होने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया है। इस मौके पर पंचायत सचिव राजेश रावत कुलदीप वर्मा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा राजेश कुमार रवि कुमार तेजभान सिंह अरविंद कुमार आशीष कुमार यादव ज्योति चैहान वीरेंद्र कुमार तिवारी सुरेश चंद यादव देवेंद्र प्रताप वर्मा विवेक कुमार मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे। फतेहपुर संवाद्दाता अनुसार विकास खंड परिसर में ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली के विरोध में शुक्रवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी सचिवों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए सरकार से इस प्रणाली को तत्काल वापस लेने की मांग की है। उक्त सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन में ग्राम पंचायत सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली अव्यवहारिक है और इससे उनके दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना मुश्किल हो जाता है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसके अलावा, सचिवों ने आरोप लगाया कि उन पर मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कामों का बोझ भी बढ़ाया जा रहा है, जिससे वे अपने मुख्य कार्यों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। सचिवों ने मांग की है कि सरकार ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली को वापस ले और उनकी समस्याओं का समाधान करे। विरोध प्रदर्शन में शामिल सचिवों विकास पांडे, गोदरेज वर्मा, आशीष कुमार वर्मा आदि ने बताया, कि वर्तमान में ग्राम सचिवों के पास जो भी एंड्रॉयड मोबाइल सेट व सिम है वह शासन द्वारा प्रदत ना होकर उनकी पारिवारिक संपत्ति है। व्यक्तिगत फोन में सचिव की निजी जानकारी होती है इसी के साथ व्यक्ति खातों का लिंकेज आदि भी सुरक्षित रहता है। ऐसे में शासन द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति हेतु किसी भी थर्ड पार्टी ऐप को फोन की एक्सेस देना निजता के अधिकारों का उल्लंघन होगा। जिससे आने वाले समय में पारिवारिक व आर्थिक क्षति होने की संभावना है।

यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे और जब तक समाधान नहीं मिल जाता तब तक वे अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे और सरकार को उनकी नैतिक मांगों को मानना होगा। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल सचिवों ने कहा कि वे अपने कार्यों को पूरी तरह से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा।

# भारत को ईंधन की सप्लाई निर्बाध जारी रहेगी : पुतिन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हैदराबाद हाउस में बैठक की। 23वें भारत रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद दोनों देशों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि पीएम मोदी के साथ डिनर पर मेरी बातचीत हमारी रणनीतिक साझेदारी के लिए बहुत मददगार रही। पीएम मोदी और मैंने एक करीबी वर्किंग डायलॉग बनाया है।



### ऊर्जा क्षेत्र में हमारी साझेदारी बहुत सफल है: पुतिन

पुतिन ने कहा- प्रधानमंत्री ने हमें उन चुनौतियों की एक सूची दी है जिन पर दोनों सरकारों को ध्यान देना चाहिए और हम उन पर काम करेंगे, जिससे भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बनने से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश धीरे-धीरे अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार की ओर बढ़ रहे हैं, और अभी 96त्न लेनदेन इसी तरह हो रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में हमारी साझेदारी बहुत सफल है। तेल, गैस, कोयला और भारत की ऊर्जा जरूरतों से जुड़ी हर चीज की सप्लाई स्थिर है।

### पुतिन बोले, भारत को हथियार देते रहेंगे

इस दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि पिछले करीब 50 साल से रूस भारतीय सेना को हथियार देने और उसे आधुनिक बनाने में मदद करता आ रहा है। चाहे वह रक्षा बल हो, विमानन हो या नौसेना। कुल मिलाकर, जिन बातचीत को हमने अभी पूरा किया है, उनके नतीजों से हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि यह दौरा और यहां हुए समझौते भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे, इससे दोनों देशों जनता को फायदा मिलेगा।

### एक-दूसरे से क्या-क्या निर्यात करते हैं रूस-भारत?

रूस से भारत आयात का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा कच्चा तेल ही है। अगर दूसरे तेल और कोयला को जोड़ लिया जाए तो यह 85प्रतिशत तक चला जाता है। वहीं भारत से रूस दवाइयां, फाइन केमिकल्स, कपड़े, चाय-कॉफी-चावल-मसाले आदि निर्यात करता है।

### परमाणु क्षेत्र में अहम साझेदारी

व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि हम कुडनकुलम में भारत का सबसे बड़ा न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाने का एक फ्लैगशिप प्रोजेक्ट चला रहे हैं। छह रिएक्टर यूनिट्स में से दो पहले ही ग्रिड से जुड़ चुके हैं, जबकि चार और बन रहे हैं। इस प्लांट को पूरी कैपेसिटी से चलाने पर भारत की उर्जा जरूरतों में बहुत बड़ा योगदान मिलेगा, जिससे इंडस्ट्रीज और घरों को सस्ती और साफ बिजली मिलेगी। हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, फ्लोटिंग न्यूक्लियर प्लांट और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के नॉन-एनर्जी इस्तेमाल पर भी बात कर रहे हैं, जिसमें मेडिसिन और एग्रीकल्चर भी शामिल हैं। पुतिन ने कहा, हम भारत के साथ मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट बना रहे हैं। इसमें एक बड़ा प्रोजेक्ट नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भी शामिल है।इसका मतलब है कि रूस या बेलारूस से सामान सीधे हिंद महासागर के रास्ते तक पहुंच सकेगा। इससे व्यापार तेज, सस्ता और आसान होगा।

### भारत को ईंधन की आपूर्ति करता रहेगा रूस

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आपका शुक्रिया। बातचीत सकारात्मक और मैत्रीपूर्ण माहौल में हुई। मेरे और प्रधानमंत्री मोदी के बीच नियमित तौर पर फोन पर बातचीत होती रहती है। हम भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति के लिए सभी तरह के ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार हैं। रूस भारत के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के निर्माण में भी मदद कर रहा है। दोनों देश भुगतान के निराकरण के लिए धीरे-धीरे अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्रा के इस्तेमाल की ओर भी बढ़ रहे हैं। हम सालाना द्विपक्षीय कारोबार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की आशा रखते हैं।

### भारत-रूस का बिजनेस एक साल में 12 प्रतिशत बढ़ा

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि पिछले साल भारत-रूस के बीच जो दोतरफा व्यापार हुआ था, वह 12 प्रतिशत बढ़ा है। यह अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा अलग-अलग सोर्स में थोड़ी अलग दिख सकती है, लेकिन औसतन यह लगभग 64 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। पुतिन ने कहा कि हम अनुमान लगा रहे हैं कि इस साल भी व्यापार का स्तर इतना ही मजबूत रहेगा। पुतिन ने कहा कि दोनों देश इस व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए तैयार हैं।

## मिशन बंगाल: 20 दिसंबर को पीएम मोदी की रैली, जनवरी में अमित शाह का दौरा, भाजपा ने चुनावी मोर्चा संभाला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को बंगाल का दौरा करेंगे। वह नादिया जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान पीएम मोदी बंगाल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक भी करेंगे। उसमें संगठन की तैयारियों, चुनावी रणनीति, प्रमुख मुद्दों और अभियान की दिशा पर मंथन होगा। पार्टी राज्यभर में व्यापक जनसंपर्क की तैयारी कर रही और जनवरी में 4 से 6 परिवर्तन यात्राएं शुरू करने की योजना है। इन यात्राओं का मकसद जिलों में जनता से जुड़ना, संगठन को मजबूत करना और तृणमूल सरकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करना है। प्रधानमंत्री के भी इनमें से एक बड़ी परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने की संभावना है, जिससे चुनावी माहौल और गरमाएगा। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी जनवरी से बंगाल का दौरा शुरू कर सकते हैं। वह बूथ स्तर पर जमीनी हालात का जायजा लेंगे, संगठन को मजबूत करने पर ध्यान और पार्टी की रणनीति को धार देंगे।





विशेष श्रद्धांजलि सभा

प्रेरक उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण, उत्तर प्रदेश | जयवीर सिंह, मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश | असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश

सुषमा खर्कवाल, महापौर, लखनऊ | डॉ. लालजी प्रसाद 'निर्मल', सदस्य, विधान परिषद

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 6 दिसंबर, 2025 | समय : प्रातः 9:30 बजे | स्थान : भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर, हजरतगंज, लखनऊ

बाबा साहेब के विचारों के प्रति संकल्पित सरकार

+ जीरो पॉवर्टी योजना का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर रखा गया + लखनऊ में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण (बाबासाहेब की 25 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, पुस्तकालय, शोध केंद्र, अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय) + श्रमिकों एवं वंचितों के बच्चों की उत्तम शिक्षा हेतु सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन + डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास योजना (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा में सहायता के लिए छात्रावासों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण) + प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की तस्वीर लगाना अनिवार्य + कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नामकरण पुनः डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय

विशेष आकर्षण
- बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अस्थिकलश कक्ष में बुद्ध वन्दना एवं त्रिशरण पंचशील का पाठ
- बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के अस्थिकलश पर पुष्पांजलि

लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP


# इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द, यात्री परेशान
## उच्च स्तरीय जांच कराएगी सरकार

- देश में हवाई किरायों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, पटना-दिल्ली के बीच टिकट 60 हजार रुपये के पार पहुंचा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय विमानन क्षेत्र इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन संकट ने हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिसका सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ा है। स्थिति यह है कि घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा हो गया है। विभिन्न ट्रैवल पोर्टल्स और बुकिंग वेबसाइटों के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जिन रूट्स पर इंडिगो का दबदबा था, वहां सबसे ज्यादा मारामारी है। चूंकि इंडिगो के पास घरेलू बाजार की 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है, उसके लड़खड़ाते ही पूरा सिस्टम चरमरा गया है। इंडिगो एयरलाइन की ओर से पिछले दो-तीन दिनों में हर दिन सैकड़ों उड़ानें रद्द की गई हैं। देश के प्रमुख शहरों के बीच हवाई किरायों में बेतहाशा वृद्धि दिखी है। सामान्य दिनों में 6 से 8 हजार रुपये में मिलने वाले टिकट अब 50 से 60 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित होने वाले रूट्स में कोलकाता, मुंबई, उदयपुर, पटना और दिल्ली हैं। विभिन्न ट्रैवल पोर्टल्स और बुकिंग वेबसाइटों के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जिन रूट्स पर इंडिगो का दबदबा था, वहां सबसे ज्यादा मारामारी है। चूंकि इंडिगो के पास घरेलू बाजार की 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है, उसके लड़खड़ाते ही पूरा सिस्टम चरमरा गया है। कई जगहों के लिए स्पॉट फेयर में 800 प्रतिशत तक का इजाफा दिखा है। जैसे पटना से दिल्ली का किराया जो आम तौर पर 6 से 10 हजार के बीच होता है वह बढ़कर 66 तक पहुंच गया है।

### हवाई किराए में इतना बड़ा इजाफा क्यों?

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल उड़ानों के रद्द होने का मामला नहीं है, बल्कि यह डायनामिक प्राइसिंग एल्गोरिदम का भी असर है। इंडिगो द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों उड़ानें रद्द करने से हजारों सीटें सिस्टम से गायब हो गईं। दूसरी ओर, विस्तारा और एयर इंडिया जैसी अन्य एयरलाइंस की सीटें सीमित हैं। जब यात्री रद्द हुई इंडिगो फ्लाइट की जगह दूसरी फ्लाइट ढूंढते हैं, तो एल्गोरिदम मांग में भारी उछाल आ जाता है और कीमत को स्वचालित रूप से अधिकतम स्तर तक ले जाता है। दूसरी ओर, देश में शादियों और छुट्टियों का पीक सीजन है। पहले से ही मांग उच्च स्तर पर थी, और इस संकट ने आग में घी का काम किया है।

# भारत में फिर से बसी चीतों की आबादी
## पीएम मोदी ने कहा, चीता टूरिज्म का लुत्फ उठाएं



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने 2022 में प्रोजेक्ट चीता के साथ जब इस वन्य जीव को उसके प्राकृतिक आवास में फिर से बसाने के प्रयास शुरू किए तो तमाम तरह की आशंकाएं जताई गईं। शुरुआती अड़चनों के बाद चीतों के संरक्षण का यह अभियान सफल रहा और अब भारत को कई चीतों का घर होने पर गर्व भी है। प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर वन्य जीव प्रेमियों को इसके लिए बधाई दी। साथ ही, देश-दुनिया के लोगों से चीता टूरिज्म का लुत्फ उठाने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा तीन साल पहले शुरू किए गए प्रोजेक्ट चीता का उद्देश्य इस शानदार प्रजाति की रक्षा करना और उस पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जन्म देना है जिसमें चीते वाकई फल-फूल सके। सबसे ज्यादा खुशी की बात यह है कि आज भारत कई चीतों का घर है और इनमें से कई भारतीय धरती पर ही जन्मे हैं। उन्होंने लिखा, प्रोजेक्ट चीता इस पर्यावरणीय विरासत को पुनर्जीवित करने और हमारी जैव-विविधता को मजबूत करने का एक प्रयास भी था। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा, हमारी धरती के सबसे खास जीवों में से एक चीते की रक्षा के लिए समर्पित सभी वन्यजीव प्रेमियों और संरक्षणकर्ताओं को मेरी शुभकामनाएं। अब कूनो व गांधी सागर अभयारण्य में फल-फूल रहे चीतों में कई भारत की धरती पर पैदा हुए हैं। चीता टूरिज्म लोकप्रिय होते देखना भी खुशी की बात है। मैं चाहता हूं कि दुनियाभर के वन्यजीव प्रेमियों को भारत आने और चीते को उसकी पूरी शान में देखने के लिए बढ़ावा देता हूं।

### भारत में 21 शावकों ने लिया जन्म

हालांकि, विदेश से लाए गए कुछ चीते यहां के परिवेश के साथ तालमेल नहीं बैठा पाए और उनकी जान चली गई। लेकिन कुल मिलाकर इन प्रजातियों को फिर से बसाने की भारत की पहल कामयाब रही और अब तक 21 शावक जन्म ले चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत में जन्मी मादा मुखी ने इसी साल नवंबर में पांच स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। भारत में 1952 में चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

### आठ चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गए

नामीबिया से 8 और साउथ अफ्रीका से लाए गए थे 12 चीते चीतों के संरक्षण के प्रयासों के तहत सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ चीते मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क लाए गए। इसके बाद फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते यहां पहुंचे। उनकी आबादी और रहने की जगह बढ़ाने की कोशिशों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में मजबूती ने भारत की इन कोशिशों को नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। दिसंबर 2025 तक भारत में चीतों की आबादी बढ़कर 32 पहुंच गई।

# 'इंडिगो की विफलता सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत'



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिगो परिचालन संकट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। एक ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर आम भारतीयों को देरी, उड़ानों के रद्द होने और असहाय महसूस करने के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है, न कि मैच फिक्सिंग वाला एकाधिकार। वमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने अहम उड़ानों में रुकावट की स्थिति का आकलन करने के लिए उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंडिगो के नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के तरीके पर असंतोष जताया, क्योंकि कंपनी के पास इसे करने के लिए पर्याप्त समय था।

### 10 फरवरी तक पूरी तरह सामान्य होंगी उड़ानें: इंडिगो

इंडिगो ने गुरुवार को 550 से ज्यादा उड़ानें रद्द कीं और शुक्रवार को 400 उड़ानें रद्द की गईं। इसके कारण सैकड़ों यात्रियों की यात्रा की योजना प्रभावित हुई। इंडिगो ने गुरुवार को डीजीसीए को बताया कि उनकी उड़ानें 10 फरवरी, 2026 तक पूरी तरह से सामान्य हो जाएंगी। उस दिन कंपनी ने उड़ान ड्यूटी नियमों में अस्थायी ढील की भी मांग की, क्योंकि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने 550 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दीं और सैकड़ों यात्रियों की यात्रा प्रभावित हो गई। कंपनी ने माना कि हाल के दिनों में उड़ानों में हुई परेशानियां मुख्य रूप से फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों के दूसरे चरण को लागू करने में गलत योजना और आंकलन की वजह से हुई हैं। इंडिगो ने नियामक को यह भी बताया कि आठ दिसंबर तक और उड़ानें रद्द की जाएंगी और उस दिन से उनकी सेवाओं में कमी भी रहेगी।

# भारत में हवा बनी जानलेवा हेल्थ इमरजेंसी
## 80 से अधिक पद्म पुरस्कार सम्मानित डॉक्टरों की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

80 से अधिक पद्म पुरस्कार सम्मानित डॉक्टरों ने पहली बार राष्ट्रीय स्वास्थ्य चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भारत में वायु प्रदूषण अब स्वास्थ्य आपात स्थिति में बदल गया है। हवा में मौजूद केमिकल, भारी धातुएं, माइक्रोप्लास्टिक व अत्यधिक पीएम 2.5 न सिर्फ फेफड़ों को, बल्कि डीएनए और हार्मोनल सिस्टम को भी स्थायी नुकसान पहुंचा रहे हैं। चिकित्सकों ने कहा कि यह सिर्फ स्मॉग नहीं, भारत की पीढ़ियों के लिए खतरा है। इन डॉक्टरों ने 2025 के डाटा का हवाला देते हुए कहा कि भारत में हर साल करीब 17 लाख मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी पाई गई हैं। एक-तिहाई सांस संबंधी मौतें और करीब 40त्न स्ट्रोक से होने वाली मौतें खराब हवा से जुड़ी बताई गई हैं। विशेषज्ञों ने चेताया कि उच्च यातायात वाले क्षेत्रों और महानगरों की हवा में माइक्रोप्लास्टिक व नैनोप्लास्टिक की मात्रा बढ़ रही है, जो शरीर में दीर्घकालिक सूजन, हार्मोनल गड़बड़ी और विकास संबंधी समस्याएं पैदा कर रही हैं। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से डीएनए को नुकसान, टेलोमेर शॉर्टनिंग और जेनेटिक अस्थिरता जैसे प्रभाव भी सामने आए हैं, जो कैंसर, हार्ट अटैक और मेटाबॉलिक बीमारियों का जोखिम बढ़ाते हैं। इन डॉक्टरों में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, फोर्टिस के डॉ. अशोक सेठ, मेदांता अस्पताल के डॉ नरेश त्रेहान, सचदेव, डॉ. महेश वर्मा और डॉ. अंबरीष मित्तल जैसे डॉक्टरों के नाम हैं।